RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 106
नई दिल्ली, सोमवार, 21 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



यश धुल ने दूसरी पारी में भी लगाया शतक
स्पोर्ट्स-12

# तीसरा चरण: उप्र में झूम कर निकले मतदाता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● 16 जिलों की 59 सीटों पर 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

**उप्र** विधान सभा चुनाव के तीसरे चरण में गुलाबी ठंड के बीच 60.82 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पिछले चुनाव में इन सीटों पर 62.21 प्रतिशत औसत मतदान हुआ था। वर्ष 2019 के लोक सभा चुनाव में 59.73 प्रतिशत वोट पड़े थे। यह चरण सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मैनपुरी की करहल सीट से पूर्व सीएम अखिलेश यादव मैदान में हैं। इनके खिलाफ केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एसपी सिंह बघेल ने ताल ठोंकी है। प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए तीसरे चरण का मतदान रविवार को सात बजे से प्रारंभ हुआ। माक पोलिंग से केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को परखा इसके बाद सभी जगह पर मतदाताओं को प्रवेश दिया गया।

मतदान में पहले घंटे में कई जगह पर ईवीएम में हल्की खराबी के बीच में लोगों ने धूप का मजा लेते हुए मतदान किया। तीसरे चरण में 16 जिलों-हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर और महोबा जिलों में मतदान संपन्न हुए। कानपुर में आर्यनगर विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी दोपहर करीब दो बजे कोपरगंज स्थित पोलिंग सेंटर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पूर्व पार्षद सुशील तिवारी एवं उनके साथी सुधीर मिश्रा के साथ गाली गलौज की। सुरेश अवस्थी पर हाथापाई का भी आरोप है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में पत्नी डिंपल यादव के साथ मतदान किया। इसके बाद मीडिया से बात में भाजपा की सरकार पर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि बाबा प्रदेश में पांच वर्ष मुख्यमंत्री रहे। बाबा को कोई अच्छा काम करना नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई मेडिकल कॉलेज को पीजीआई वाली सुविधाएं क्यों नहीं दीं। आप यहां देख रहे हैं कि सैफई का विकास एक दिन में नहीं हुआ है। अखिलेश यादव के साथ मौजूद उनकी पत्नी डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ सपा ने ही महिलाओं के विकास के लिए काम किया है। भाजपा सरकार के



कानपुर में एक मतदान केंद्र पर अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए पंक्तिबद्ध लोग

कार्यकाल में महिलाएं बेहद असुरक्षित हैं। ताजा मामला लखनऊ में एक महिला सिपाही का शव नाला में मिलने का है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उत्तर प्रदेश की जनता तो अखिलेश यादव के साथ है। प्रदेश में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है। इस बार चुनाव में सपा को जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी के संस्थापक तथा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने इटावा के सैफई में मतदान किया। व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को देखने के लिए भारी भीड़ एकत्र थी। इटावा के जसवंतनगर से शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हैं। इटावा के सैफई में इससे पहले मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई अभय राम यादव ने वोट डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बन रही है। शिवपाल यादव और अखिलेश दोनों एक लाख वोट से ज्यादा से जीत जाएंगे। विधानसभा चुनाव में तमाम दिग्गज भी मतदान कर रहे हैं। केन्द्र सरकार में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हमीरपुर में मतदान किया। उन्होंने हमीरपुर के श्री विद्या मंदिर इंटर कालेज में बने बूथ संख्या 122 में मतदान किया। भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने भी रविवार को मतदान किया। उन्होंने जालौन के उरई के उद्योग केंद्र पोलिंग बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। सुहागनगरी फिरोजाबाद में रविवार को एक नवविवाहिता ने ससुराल रवाना होने से पहले अपने अधिकार का प्रयोग किया। फिरोजाबाद में हनुमानगढ़ लक्ष्मी कॉन्वेंट स्कूल मतदान केन्द्र पर एक नवविवाहिता ने भी मतदान किया। वह विवाह के जोड़े में अपने पति के साथ वोट डालने पहुंची थी।

कानपुर के महाराजपुर से प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश महाना ने इस बार के चुनाव को सबसे आसान बताया है। महाना ने कानपुर में मतदान के बाद कहा कि इस बार सबसे आसान चुनाव है। सपा को सभी जगह पर अपनी सीट पर मुश्किलें हो रहीं हैं। इतना ही नहीं सपा के प्रमुख अखिलेश यादव को समर्थन के लिए अपने पिताजी मुलायम सिंह यादव को बुलाना पड़ा। उनकी खुद की सीट फंसी हुई है। वह पहले अपनी सीट बचाएं, इसके बाद उत्तर प्रदेश की चिंता करें। सपा परिवार में विवाद के लम्बे अंतराल के बाद पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सदस्य प्रो. राम गोपाल यादव और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव लम्बे समय बाद एकसाथ दिखे। रामगोपाल यादव और शिवपाल सिंह यादव ने इटावा सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने सैफई के अभिनव विद्यालय ( शेष पेज 9 )

# पंजाब में 2017 के मुकाबले 13 प्रतिशत कम वोट पड़े

**मोनिका मलिक।** चंडीगढ़

● पिछले विधानसभा में 77.37 प्रतिशत और इस बार हुआ सिर्फ 65.32 मतदान

**इस** बार पंजाब में 2017 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले मतदान में खासी गिरावट देखी गई। राज्य में रविवार को हुए मतदान में 65.32 प्रतिशत पड़े, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में यहां 78 प्रतिशत वोट पड़े थे। राज्य में लगभग शांतिपूर्ण ढंग से हुए चुनाव में 93 महिलाओं सहित 1304 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। भले ही शाम 6 बजे के बाद भी मतदान जारी रहा और भारतीय चुनाव आयोग ने रात 9.30 बजे तक 65.32 प्रतिशत का आंकड़ा जारी किया, लेकिन पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय से ताजा आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए।

राज्य में मतदान के दौरान कई प्रकार की शिकायतें की गईं और कुछ पार्टी नेताओं और उम्मीदवारों द्वारा ईवीएम में खराबी को लेकर आरोप लगाए गए, जबकि विभिन्न स्थानों से गोलीबारी, दो समूहों के बीच झड़प, बहस और उम्मीदवारों पर हमले की खबरें भी आईं। हालांकि, राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. एस करुणा राजू ने दावा किया कि पूरे राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि जहां तक कानून-व्यवस्था की स्थिति का सवाल है तो राज्य में कुछ मामूली चुनाव संबंधी घटनाएं हुईं और कुल 18 एफआईआर दर्ज की गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं होने के सवाल पर आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि अंतिम आंकड़े संकलित करना लंबी और मैनुअल प्रक्रिया है, क्योंकि सभी 24,740 मतदान केंद्रों से आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं और वैधानिक कागजात के साथ मिलान किया जाएगा, जिसमें समय लग रहा है। राज्य में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत 77.8 प्रतिशत गिद्दड़बाहा में हुआ, जबकि सबसे कम 50.1 प्रतिशत अमृतसर पश्चिम में दर्ज किया गया।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में 65.96 प्रतिशत, 2017 के विधानसभा चुनावों में 77.37 प्रतिशत और 2014 के लोकसभा चुनावों में 70.89 प्रतिशत की तुलना में राज्य ने इस बार कुल मतदान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, चुनाव अधिकारियों ने दावा किया कि अंतिम आंकड़ा 70 प्रतिशत को पार करने की उम्मीद है, जिसे सोमवार शाम तक साझा किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि मॉक पोल के दौरान सुबह 146 बैलेट यूनिट, 152 कंट्रोल यूनिट और 433 वीवीपीएटी मशीनों को बदला गया, जबकि ( शेष पेज 9 )

# सपा सरकार आतंकियों के केस वापसी कर रिटर्न गिफ्ट दे रही थी: प्रधानमंत्री

● प्रधानमंत्री ने हरदोई और उन्नाव की जनसभाओं में सपा-कांग्रेस पर खुलकर बोला हमला

● कहा, कांग्रेस के लोग ओसामा जैसे आतंकवादी को 'जी' कहकर बुलाते थे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, हरदोई, उन्नाव



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हरदोई और उन्नाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में आतंकी हमलों के 14 मुकदमों को वापस लेने का फरमान सुना दिया था। पीएम ने जनता से पूछा कि आतंकवादियों को बचाना ठीक है क्या? पीएम मोदी ने कहा कि आतंकी बम विस्फोट कर रहे थे और समाजवादी पार्टी इन आरोपियों पर मुकदमे नहीं चलने दे रही थी। आतंकवादियों को केस वापसी का रिटर्न गिफ्ट दिया जा रहा था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं का रवैया और भी खतरनाक रहा है। यह लोग ओसामा जैसे आतंकवादी को जी कहकर बुलाते हैं। बाटला हाउस आतंकवादियों के सफाए पर आंसू बहाते हैं। किसी दिन भारतीय सेना का अपमान करते हैं और किसी दिन पुलिस की बेइज्जती करते हैं। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने नेशनल वार मेमोरियल और नेशनल पुलिस मेमोरियल बनाया है। हम हर शहीद का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक मैं इस लिए चुप रहा क्योंकि अहमदाबाद ब्लास्ट केस की सुनवाई चल रही थी। अब जब अदालत ने आतंकियों को सजा सुना दी है।

मैं इस विषय को देश के सामने उठा रहा हूं। उन्होंने आह्वान किया कि जो लोग अपने को बुद्धिजीवी कहते हैं जिनसे हम आशा कर सकते हैं। ऐसे मीडिया हाउस, अखबार वालों से आग्रह करूंगा देश के सामने इन तथ्यों को उजागर किया जाए। न्यायालय ने जब निर्णय दे दिया है तो देश के लोगों तक सच पहुंचाना। मोदी ने कहा कि गुजरात में बम धमाके हुए। ये बम धमाके दो प्रकार से किये गये। पहले शहर में एक साथ 50-60 जगह पर धमाके। फिर अस्पताल में एक गाड़ी रखी ( शेष पेज 9 )

# हैरिस ने यूरोप में युद्ध की वास्तविक आशंका को स्वीकार किया

**एपी।** म्यूनिख

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने यूरोप में युद्ध की वास्तिक आशंका को स्वीकार करते हुए सप्ताहांत दौरे के तहत रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों के प्रति यूरोपीय सहयोगियों के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास किया। इस बात के लगातार संकेत मिल रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण का आदेश देने की योजना बना रहे हैं। वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हैरिस ने अमेरिकी सहयोगियों को यह बताने की कोशिश की कि यूक्रेन-रूस सीमा पर बढ़ते तनाव का मतलब यूरोपीय सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष खतरा है।

इसलिए उन्होंने कहा कि यदि क्रेमलिन अपने पड़ोसी पर आक्रमण करता है, तो उस पर आर्थिक दंड लगाने के लिए एकजुट होना चाहिए। हैरिस ने वाशिंगटन लौटने से पहले संवाददाताओं से कहा, द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद से यूरोप अपने सबसे खतरनाक दौर में पहुंच सकता है। राष्ट्रपति जो बाइडन को



अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ रविवार को वाशिंगटन में बैठक कर घटनाक्रम पर चर्चा करनी थी। हैरिस की भी योजना जर्मनी से वापस आकर बैठक में भाग लेने की थी, लेकिन म्यूनिख छोड़ने से पहले हैरिस और उनकी टीम ने सम्मेलन में अपनी बैठकों और नेताओं से हुई बातचीत से राष्ट्रपति बाइडन को अवगत कराया। यूक्रेन में रूस समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों और उसके आसपास के इलाकों में गोलाबारी बढ़ गई है।

अलगाववादियों ने हजारों महिलाओं और बच्चों को निकाला है। उधर, पुतिन ( शेष पेज 9 )

# दूतावास की फिर सलाह, जल्दी यूक्रेन छोड़ दें भारतीय नागरिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पांच दिन में दूसरी बार जारी किया परामर्श, बहुत आवश्यक होने पर ही संकटग्रस्त देश में रुकें छात्र

● भारत-यूक्रेन के बीच 22, 22, 24 और 26 फरवरी को संचालित होंगी विशेष उड़ानें

**यूक्रेन** में युद्ध के संकट के बीच भारत ने रविवार को छात्रों समेत वहां रह रहे अपने सभी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने को कहा है। कीव में भारतीय दूतावास ने पिछले पांच दिनों के भीतर दूसरी बार परामर्श जारी किया है। साथ ही भारत ने यूक्रेन में दूतावास कर्मियों के परिवार के सदस्यों से वापस घर लौटने को कहा है। ताजा परामर्श में दूतावास ने ऐसे भारतीय नागरिकों और छात्रों को अस्थायी रूप से देश छोड़ने का आग्रह किया है, जिनका वहां रुकना बहुत आवश्यक नहीं है।

दूतावास ने भारतीय नागरिकों की मदद के लिए कीव में 24 घंटे सक्रिय एक नियंत्रण केंद्र स्थापित किया है। दूतावास ने कहा कि भारतीय छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे चार्टर्ड उड़ानों की ताजा जानकारी के लिए संबंधित व्यक्तियों से संपर्क करें। भारतीय नागरिकों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे यूक्रेन से व्यवस्थित और समय रहते निकलने के लिए वाणिज्यिक और चार्टर, जिस तरह की उड़ान मिले, उसका लाभ उठाएं। बीते 15 फरवरी की एडवाइजरी में भी छात्रों को जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा गया था। यूक्रेन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 20,000 से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, रूस के साथ तनाव बढ़ने के बाद से यूक्रेन से भारत के लिए हवाई किराए में भारी वृद्धि हुई है। हालांकि, अभी तक यूक्रेन से भारतीयों को निकालने की केंद्र सरकार की कोई योजना नहीं है। सरकार द्वारा हाल ही में टाटा ग्रुप को बेची गई एयर इंडिया 22, 24 और 26 फरवरी को यूक्रेन के लिए तीन विशेष उड़ानें संचालित करेगी। ये सभी उड़ानें यूक्रेन के बॉरिस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संचालित होंगी।

भारत ने रचनात्मक कूटनीति के जरिए संकट को हल करने के अपने रुख को दोहराया है। पिछले सप्ताह संयुक्त सुरक्षा परिषद में भी भारत ने ऐसा ही कहा था। रूस ने भारतीय दृष्टिकोण की सराहना की और एक ट्वीट में कहा कि हम भारत के संतुलित, सैद्धांतिक और स्वतंत्र दृष्टिकोण का स्वागत करते हैं। कुछ पश्चिमी देशों समेत अमेरिका का कहना है कि रूसी आक्रमण को रोकने के लिए राजनयिक प्रयास चल रहे हैं। हालांकि, यूक्रेन ने जहां कहा कि संकट गहरा है और उसके घबराने की वजहें हैं, वहीं रूस ने कहा है कि वह कोई ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,832 | |
| निफ्टी | 17,276 | |
| सोना | 50,037 | /10g |
| चांदी | 63,869 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चार आतंकवादियों को पुलिस हिरासत में भेजा गया

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत से शनिवार देर रात गिरफ्तार कथित चार आतंकवादियों को रविवार को जिला अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें आठ दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोनीपत पुलिस आरोपियों को अब पंजाब लेकर जाएगी, साथ ही साथ हिरासत के दौरान उनसे गहन पूछताछ की जाएगी। सोशल मीडिया के जरिए आतंकवादी संगठनों से कथित तौर पर जुड़े चार आरोपियों को सोनीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि रविवार को चारों युवकों को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) प्रिया गुप्ता की अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# मुंबई में मिले ठाकरे-केसीआर कहा- देश मांग रहा बदलाव

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

● भाजपा के खिलाफ तीसरे मोर्चे पर चर्चा के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से भी की मुलाकात

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और इसके बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मिले। उद्धव के आधिकारिक आवास वर्षा बंगले पर केसीआर और ठाकरे के बीच लंबी बातचीत में 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ तीसरा मोर्चा बनाने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने कहा कि देश में बदलाव की सख्त जरूरत है और इसके लिए नई एवं अच्छी शुरुआत हो चुकी है।

बैठक के बाद मीडिया के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने एक अच्छी शुरुआत की है। हमारी बैठक का सकारात्मक परिणाम बहुत जल्द देखने को मिलेगा। उद्धव और मैं समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के नेताओं से बात करते रहे हैं। उद्धवजी और मैं दोनों ही मानते हैं कि देश में परिवर्तन (परिवर्तन) की जरूरत है। आने वाले दिनों में हम सभी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए एक संयुक्त रोड मैप तैयार करने के लिए हैदराबाद या किसी अन्य स्थान पर मिलेंगे।

उद्धव को अपना भाई बताते हुए केसीआर ने कहा कि हमारे दोनों राज्य 1,000 किमी की सीमा साझा करते हैं। उनसे मिलकर मुझे बहुत अच्छा लगा। हमने विभिन्न मुद्दों पर लंबी चर्चा ( शेष पेज 9 )

# चीन के साथ भारत के रिश्ते बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं: जयशंकर

**भाषा।** म्यूनिख (जर्मनी)

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि चीन द्वारा सीमा समझौतों का उल्लंघन करने के बाद उसके साथ भारत के संबंध बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि सीमा की स्थिति संबंधों की स्थिति का निर्धारण करेगी। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) 2022 में शनिवार को एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या हो रही है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 1975 से 45 साल तक सीमा पर शांति रही, स्थिर सीमा प्रबंधन रहा, कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ। अब यह बदल गया है क्योंकि हमने चीन के साथ सीमा या वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य बलों की तैनाती नहीं करने के लिए समझौते किए थे...लेकिन चीन ने उन समझौतों का उल्लंघन किया है।



जयशंकर ने कहा, स्वाभाविक तौर पर सीमा की स्थिति संबंधों की स्थिति का निर्धारण करेगी। जाहिर तौर पर फिलहाल चीन के साथ संबंध बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। पैंगोंग झील क्षेत्रों में हिंसक झड़प के बाद भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध शुरू हो गया था और दोनों पक्षों ने धीरे-धीरे अपने सैनिकों और हथियारों की तैनाती बढ़ा दी थी। इसके बाद,15 जून 2020 को गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद तनाव बढ़ गया था। पिछले सप्ताह मेलबर्न की यात्रा पर जयशंकर ने कहा था कि एलएसी पर स्थिति 2020 में चीन द्वारा सीमा पर बड़े पैमाने पर सैनिकों के लिए निर्धारित समझौतों के उल्लंघन के कारण उत्पन्न हुई है और कहा कि बीजिंग की कार्वाई समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बन गई है।

मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मारिस पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा था, जब एक बड़ा देश लिखित प्रतिबद्धताओं की अवहेलना करता है तो मुझे लगता है कि यह समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए महत्वपूर्ण चिंता का मुद्दा है। जयशंकर ने एमएससी में हिंद-प्रशांत पर परिचर्चा में भाग लिया, जिसका उद्देश्य यूक्रेन को लेकर नाटो देशों और रूस के बीच बढ़ते तनाव पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श करना है। परिचर्चा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पायने, जापानी विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी, यूरोप और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग पर अमेरिकी सीनेट की उपसमिति की अध्यक्ष जीन शाहीन तथा यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री ज्यां-यवेस ले ड्रियन शामिल थे। कनेक्टिविटी के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा कि ( शेष पेज 9 )

## क्वाड को एशियाई नाटो बताने की धारणा में न फंसे: विदेश मंत्री

**भाषा।** म्यूनिख

**क्वाड** के एशियाई नाटो होने की धारणा को खारिज करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कुछ प्रभावित पक्ष (इंटरेस्टेड पार्टीज) हैं, जो इस तरह की उपमा को आगे बढ़ाते हैं और किसी को भी इसमें फंसना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि चार देशों का यह समूह अधिक विविध और बिखरी हुई दुनिया का जवाब देने का 21वीं सदी का एक तरीका है।

जयशंकर ने शनिवार शाम को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) 2022 में व्यापक बदलाव? हिंद-प्रशांत में क्षेत्रीय व्यवस्था और सुरक्षा पर परिचर्चा के दौरान यह बात कही। जयशंकर ने कहा, क्वाड चार देशों का समूह है, जिनके साझा हित, साझा मूल्य हैं, जो हिंद-प्रशांत के चारों कोनों पर स्थित हैं, जिसका मानना है कि इस दुनिया में किसी भी देश, यहां तक कि अमेरिका में भी अपने बल पर वैश्विक चुनौतियों से निपटने की क्षमता नहीं है।

उन्होंने इस धारणा को खारिज किया कि चार देशों का यह समूह एशियाई-नाटो है। उन्होंने इसे पूरी तरह से भ्रामक शब्दावली बताई और कहा कि कुछ प्रभावित पक्ष हैं, जो इस तरह ( शेष पेज 9 )

# लाल कुआं पर होगा एशिया का सबसे बड़ा आरओबी

## जर्मनी से मंगाई मशीन, गर्डर जोड़ने का काम अंतिम चरण में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दिल्ली से मेरठ जाने वाले वाहन चालकों को जल्द ही लाल कुंआ के पास रफ्तार कम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एशिया के सबसे बड़े आरओबी का काम तेजी से जारी है। गर्डर को जोड़ने का कार्य अंतिम चरण में हैं। रेलवे से ब्लॉक मिलने के बाद आरओबी को लॉन्च करने का काम किया जाएगा। रेलवे की ओर से इतने भारी गर्डर को लॉन्च करने की अनुमति नहीं दी गई है। चिपियाना बुर्जुग के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के सबसे भारी गर्डर को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि मार्च में रेलवे से ब्लॉक मिलने के साथ इसकी लॉन्चिंग शुरू कर दी जाएगी। अप्रैल में इस स्ट्रेच से ट्रैफिक को खोलने की तैयारी चल रही है। अधिकारियों का दावा है कि यह एशिया का सबसे भारी गर्डर है। इसका वजन 2,385 टन है। इसकी लंबाई 115 मीटर, चौड़ाई 21 मीटर और ऊंचाई 13 मीटर होगी।

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि इस आरओबी के लिए गर्डर को लुधियाना में तैयार किया गया है। इसे चिपियाना बुर्जुग की साइट पर लाकर जोड़ा जा रहा है। इसे जोड़ने के लिए 500 मीट्रिक टन की क्षमता वाले 4 क्रेन लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अगले 15 से 20 दिन के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इस लॉन्चिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अप्रैल से एक्सप्रेसवे पर यातायात शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि इतने भारी गर्डर को लॉन्च करने के लिए जर्मनी से मशीन मंगाई जा रही हैं, क्योंकि इतने भारी गर्डर को लॉन्च करने का अनुभव जर्मनी के पास बेहतर है। पहले भी एनएचएआई जर्मनी से मशीनें मंगा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इतने भारी गर्डर को लॉन्च करने के लिए 1,063 टन का स्पेशल डिजाइन लॉन्चिंग पैड का निर्माण किया जाएगा।

इसमें स्लाइडिंग और हाइड्रोलिक सिस्टम होगा, जिससे इसे आगे की तरफ से धक्का दिया जा सके। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी यहां आए थे। उन्होंने कहा था कि पहले आरओबी का निर्माण पूरा कर लिया जाए, फिर टोल की वसूली शुरू की जाए। इसके बाद टोल की वसूली को रोक दिया गया।

## मतगणना के बाद 44 बिल्डरों की कुर्क संपत्ति की होगी ई-नीलामी

**नोएडा।** मतगणना के बाद जिला प्रशासन 44 बिल्डरों की कुर्क संपत्तियों की पहली बार ई-नीलामी कराएगा। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। तीनों तहसीलों से प्रत्येक बिल्डर के खिलाफ जारी कुल रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) व जब्त संपत्ति समेत अन्य ब्योरा मांगा गया है। इसकी मदद से एक ब्रोशर तैयार किया जाएगा। जल्द ही प्रशासन नोएडा प्राधिकरण के साथ मिलकर नियम व शर्तें तय करेगा।

दरअसल, दिसंबर में प्रदेश सरकार ने ई-नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे प्रदेश में बिल्डरों से खरीदारों के करीब 1400 करोड़ रुपये की वसूली होनी है। जिला प्रशासन ने भी तैयारी शुरू की थी, लेकिन चुनाव के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। अब 10 मार्च को मतगणना है। इस बीच प्रशासन ने ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है।

# मेरठ एक्सप्रेसवे पर यात्री एयरबस में लेंगे खाने का आनंद

## पांच मिनट में चार्ज होगी इलेक्ट्रिक कार, बनेगा मोटेल और शापिंग कांप्लेक्स

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर अब सिर्फ सुहाना सफर ही नहीं बल्कि स्वादिष्ट खाने का स्वाद भी मिलेगा। एनएचएआइ ने हाईवे के दोनों ओर डिडवारी गांव में 11 एकड़ जमीन खरीदी है, जहां एक ओर एयरबस रेस्टोरेंट बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर मोटेल व शापिंग कांप्लेक्स बनाया जाएगा। यहां पेट्रोल, डीजल व सीएनजी पंप के साथ इलेक्ट्रिक कार चार्ज करने के लिए उन्नत तकनीक वाला चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जाएगा।

डीएमई के चौथे चरण के हिस्से में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। डिडवारी रजापुर ब्लाक का गांव है, जो मसूरी थानाक्षेत्र में आता है। इसके लिए एनएचएआइ ने हाईवे के दोनों ओर 5.5 5.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। एनएचएआइ ने यह जमीन 15 साल के लिए निजी कंपनी को लीज पर दी है। कंपनी के अधिकारी अजय बंसल ने बताया कि एयरबस होटल बनाने की शुरुआत सबसे पहले की है। कबाड़ हो चुके एयर इंडिया के 200 सीट वाले विमान को साइट पर इंस्टाल कर दिया गया है। अंदर रेस्टोरेंट तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें एक साथ 90 से 100 लोग बैठकर खाना खा सकते हैं। इस रेस्टोरेंट पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी खाना मिलेगा। मांसाहारी खाने को छोड़कर यहां चाइनीज, साउथ इंडियन व इटालियन समेत सभी तरह का भोजना मिलेगा।

अजय बंसल के मुताबिक यहां पर डीएमई से गुजरने वाले यात्रियों को न सिर्फ सभी सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि हाईवे पर यात्रा के दौरान हो सकने वाली समस्याओं का भी यहां निवारण होगा। शापिंग कांप्लेक्स के साथ मोटेल बनाया जाएगा। किसी की कार खराब हो गई या कोई सफर के दौरान आराम करना चाहता है तो मोटेल में रुक सकता है। शापिंग कांप्लेक्स में सस्ते से महंगा हर तरह का सामान बेचने वाले ब्रैंड के आउटलेट होंगे। हाईवे के दोनों ओर वाहनों में ईंधन भरवाने की सुविधा होगी। साथ ही दोनों ओर चार्जिंग स्टेशन भी होगा। दोनों ओर छह-छह चार्जिंग प्वाइंट होंगे। दावा है कि इन चार्जिंग प्वाइंट पर महज 15 मिनट में इलेक्ट्रिक कार पूरी तरह से चार्ज हो जाएगी। अजय बंसल का कहना है कि चार्जिंग स्टेशन के लिए जर्मनी, जापान व कुछ और देशों के कंपनियों से बात चल रही है। बता दें कि स्विटजरलैंड की एक कंपनी ने बीते साल 15 मिनट में इलेक्ट्रिक कार को फुल चार्ज करने वाला चार्जर लांच किया था।


दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एयरबस में तैयार हो रहा रेस्टोरेंट।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पड़ेगी महंगी

## इंटरसेप्टर से रिकॉर्ड गति के आधार पर किया जाएगा चालान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




यमुना एक्सप्रेसवे पर अगले हफ्ते से वाहनों की तेज गति की निगरानी कर चालान किए जाएंगे। परिवहन विभाग को चुनाव के दौरान कुछ दिनों के लिए इंटरसेप्टर मिला था। वाहनों के अधिग्रहण में व्यस्तता के कारण काफी कम चालान हुए थे।

यमुना एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों की 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। इससे तेज गति में दौड़ते वाहनों की गति इंटरसेप्टर से रिकॉर्ड करके चालान किए जाते हैं। इसके अलावा वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित किया जाता है। जो वाहन अन्य जिलों के हैं, वहां के परिवहन विभाग को चालक के डीएल निलंबन की संस्तुति भेजी जाती है। ड्राइविंग लाइसेंस एक से तीन माह के लिए निलंबित किए जाते हैं।

एआरटीओ प्रवर्तन दीपक कुमार शाह ने बताया कि चुनाव के दौरान इंटरसेप्टर मिला था। उन्होंने कहा कि इंटरसेप्टर की मांग की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द अभियान शुरू किया जा सके। परिवहन विभाग के मुताबिक, पांच जिले गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर और मेरठ में एक इंटरसेप्टर है। समय.समय पर जिलों को इंटरसेप्टर मिलता है और वाहनों की गति की निगरानी करके चालान करने का अभियान चलाया जाता है।

# पिज्जा कंपनी की फ्रेंचाइजी के नाम पर लगाया लाखों का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- कई विदेशी भी हुए धोखाधड़ी के शिकार

शहर सेक्टर-16 स्थित एक पिज्जा कंपनी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में पिज्जा कंपनी ने सेक्टर-20 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मुकदमा भी दर्ज किया है।

पिज्जा कंपनी के अधिकारियों ने एफ आईआर करवाते समय बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने एक कंपनी और फर्जी वेबसाइट बनाई। आरोप है कि फर्जी ईमेल और मोबाइल नंबर के जरिए लोगों से संपर्क करके देश विदेशों में फूड कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की गई है। कंपनी में फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि काफी अन्य देशों के निवासियों को ठगा गया है। अब फर्जी कंपनी पैसे लेकर भाग गई तो फ्रेंचाइजी के दावेदार वेबसाइट पर दिए गए नोएडा सेक्टर.16 स्थित पिज्जा कंपनी के दफ्तर पहुंचे और वहां पर हंगामा करना शुरू कर दिया।

## गौर सिटी में निवासी व बिल्डर आमने-सामने

**नोएडा।** गौर सिटी ने एक बार फिर नया विवाद पैदा हो गया है। गौर सिटी के 6 एवेन्यू के निवासियों ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर रजिस्ट्री के दौरान दर्ज गलत पता ठीक करने के लिए पैसे मांग रहा है। इस मामले में सोसाइटी निवासियों ने न्याय की मांग की हैं।

सोसाइटी निवासी अनिता प्रजापति ने बताया कि सोसाइटी के निवासी रजिस्ट्री कराने के लिए पहले ही 10 हजार रुपए दे चुके हैं। पता गलत तरीके से डालने की जिम्मेदारी बिल्डर प्रबधंन की है। दिसंबर 2021 में प्राधिकरण ओएसडी संतोष कुमार ने बिल्डर और निवासियों के बीच वार्ता कराई थी। तब बिल्डर प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि जल्द सोसाइटी के गलत पते को ठीक कराया जाएगा, लेकिन अब निवासियों से 700 रुपए की मांगे जा रहे हैं।

इस मामले में गौर ग्रुप के मीडिया प्रभारी अभिमन्यु त्रिपाठी ने बताया कि जीसी 6 की रजिस्ट्री के दौरान पता जीसी 6.1 होना था, लेकिन जीसी 6 पर ही रजिस्ट्री हो गई थी। रजिस्ट्री में सुधार किया जा रहा है, जिसकी फीस 2700 रुपये है।

# गैंगस्टर लक्ष्य तंवर की दो करोड़ की संपत्ति कुर्क

## पिता के साथ मिलकर लगाया 400 करोड़ का चूना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- गिरोह में शामिल 12 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज

फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर लोन के नाम पर विभिन्न बैंकों को 400 करोड़ रुपए से अधिक का चूना लगाने वाले लक्ष्य तंवर की सम्पति को कुर्क कर लिया गया है। शातिर लोन माफिया लक्ष्य तंवर की कविनगर स्थित 2 करोड़ की संपत्ति को पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने कुर्क किया है। अधिकारियों का कहना है कि जेल में बंद गैंगस्टर लक्ष्य तंवर द्वारा अनैतिक कार्यों के जरिए बनाई गई संपत्ति को मुनादी के बाद कुर्क कर लिया गया। लक्ष्य की अन्य संपत्तियां भी जल्द कुर्क होंगी।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि लक्ष्य तंवर लोन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का एक संगठित गिरोह चलाता है। लक्ष्य और गैंग में शामिल उसके पिता अशोक कुमार द्वारा वर्ष 2012 से अब तक विभिन्न बैंकों के मैनेजरों से साठ.गांठ कर लोन के नाम पर फर्जीवाड़ा किया गया। आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन लेकर आम लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई और इस धोखाधड़ी से आरोपियों ने करोड़ों रुपए कीमत की नामी और बैनामी अकूत संपत्ति अर्जित कर ली।

एसपी सिटी का कहना है कि लक्ष्य तंवर समेत गैंग में शामिल 12 लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में एडीएम सिटी की कोर्ट द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में गैंग लीडर लक्ष्य तंवर की कविनगर स्थित 2 करोड़ रुपए कीमत की बैनामी संपत्ति को कुर्क किया है। पुलिस का कहना है कि गैंग में शामिल सभी आरोपियों की संपत्ति चिन्हित की जा रही हैं।

# नाइजीरियन पर पासपोर्ट एक्ट के तहत दर्ज होगा मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सोशल मीडिया पर दोस्ती करके ठगी करने वाले गिरोह के सरगना नाइजीरिया के नागरिक पर पासपोर्ट एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। नाइजीरिया के नागरिक वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी यहां रह रहा था और पुलिस पूछताछ में अपना कोई भी मूल दस्तावेज नहीं दिखाया था। पुलिस ने इस मामले में जांच के लिए दूतावास और जांच एजेंसियों को सूचना दी है।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया पर लड़कियों के नाम से फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाकर भारतीय लोगों से दोस्ती करके प्यार के झांसे में फंसाकर, भारत घूमने के नाम पर कस्टम ड्यूटी व अन्य बहाने करके ठगी करते थे। आरोपी 18 माह से ठगी का काम कर रहे थे।

पुलिस ने दिल्ली से गिरोह के सरगना नाइजीरिया के नागरिक अका दीदीयर को गिरफ्तार किया था। एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह के फरार दो सदस्य बबलू और प्रशांत की तलाश की जा रही है।

## ग्रेनो प्राधिकरण के विभागों में फेरबदल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कई विभागों में फेरबदल किया है। उद्योग विभाग और किसान आबादी विभाग में परिवर्तन किया गया है। अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दे दी गई है।

डीजीएमसी सीके त्रिपाठी को किसान आबादी के कार्यों से मुक्त कर दिया गया है। उनको उद्योग विभाग दिया गया है। अब उनके पास सिस्टम एवं मार्केटिंग के साथ उद्योग विभाग भी रहेगा। कार्मिक एवं बोर्ड बैठक के प्रभारी डीजीएम दीपक कुमार गर्ग को किसान आबादी विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ओएसडी संतोष कुमार से उद्योग विभाग ले लिया गया है।

# जनपद में 12 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में 12 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशों पर किया जा रहा है। न्यायाधीश अशोक कुमार सप्तम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि आपसी सहमति के आधार पर वादों का निस्तारण करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

न्यायाधीश अशोक कुमार सप्तम ने कहा कि इस अवसर पर संबंधित नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो। जिसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी गण अपने.अपने विभाग से संबंधित अधिकतम वादों का निस्तारण कराने के संबंध में अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए उसे अंतिम रूप प्रदान करें। ताकि जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

# संक्षिप्त समाचार


शॉप्रिक्स मॉल में फिटनेस जिम का उद्घाटन करते अतिथि।

## शॉप्रिक्स मॉल में फिटनेस जिम का उद्घाटन

**नोएडा।** सेक्टर 61 स्थित शॉप्रिक्स मॉल में रविवार को योर लाइफ फिटनेस जिम का शुभारंभ किया गया। भौकाल वेब सीरीज के प्रमुख कलाकार प्रदीप नागर, समाजवादी पार्टी के नेता तथा नोएडा विधानसभा के प्रत्याशी सुनील चौधरी, सपा नेता सार्थक यादव तथा विनोद यादव ने विधिवत फीता काटकर इस नए जिम का उद्घाटन किया। योर लाइफ फिटनेस जिम के मालिक महेश यादव पवन यादव तथा मोंटी यादव ने बताया कि यह अत्याधुनिक जिम लोगों की जरूरतों के मुताबिक सभी उपकरणों से लैस है तथा यहां पर छात्रों, महिलाओं तथा युवा जोड़ों के लिए स्पेशल डिस्काउंट की व्यवस्था की गई है। शुरुआती दौर में लोग यहां पर आकर इस जिम में ट्रायल भी ले सकते हैं। इस जिम में सभी उपकरण अमेरिकी कंपनी साइबैक्स के हैं। इसके अलावा वैस्कुलर ट्रेनिंग प्रश्न ट्रेनिंग जुंबा क्लासेस योगा क्लासेस बीएमआई मशीन स्टीम स्वराज की भी खास विशेषताएं हैं।


कोतवाली फेस-तीन स्थित एक मकान में पढ़ाई के नाम पर धर्मांतरण की शिकायत पर जांच करने पहुंची पुलिस।

## पढ़ाई के नाम पर धर्मांतरण का आरोप

**नोएडा।** पढ़ाई के नाम पर बच्चों के धर्मांतरण करने का मामला फेस तीन कोतवाली क्षेत्र में सामने आया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस चार महिलाओं सहित कुल 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।श्री परशुराम ब्राह्मण एकता महासभा के राष्ट्रीय सचिव अमरेंद्र तिवारी ने पुलिस को सूचना दी कि कोतवाली क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय के बगल स्थित एक मकान में पढ़ाई के नाम पर धर्मांतरण कराया जा रहा है। आरोप है कि बच्चों को पढ़ाई के बहाने ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। कोतवाली प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मतांतरण का मामला सामने नहीं आया है। सिर्फ ईसाई धर्म से संबंधित प्रार्थना करना सामने आया है।

## होली तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**नोएडा।** मोरना स्थित नोएडा डिपो से लखनऊ और बरेली के लिए चलाई जा रहीं अतिरिक्त बसों की सुविधा होली तक जारी रहेगी। गाजियाबाद के कौशांबी डिपो के रास्ते ये बसें चलाई जा रही हैं। कौशांबी डिपो की बसें चुनाव ड्यूटी में लगी होने के कारण 10 मार्च तक बसें चलाई जानी थीं, लेकिन अब इसे बढ़ाने का फैसला किया गया है। नोएडा डिपो में 163 बसें हैं जो रोजाना 15 से 20 बसें लखनऊ के लिए चलाई जा रही हैं। बसें कौशांबी डिपो जाती हैं और वहां से यात्री लेकर नोएडा डिपो आती हैं।

Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) स्थूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (गुरुग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00002591) अनन्या एंटरप्राइजेज (कर्जदार) कमलेश कुमारी गुप्ता (सह-कर्जदार 1) सुमित गुप्ता (सह-कर्जदार 2) सुप्रभात एंटरप्राइजेज (गारंटर 1) | 18-01-2022/रू. 12,41,579/- (रूपए बारह लाख इकतालीस हजार पांच सौ उनासी मात्र) एनपीए (09-11-2021) | M_MACHINE_NAME रू. कोटिंग मशीन/टेप मेकिंग कोटिंग मशीन एक्सेसरीज सहित AP_MODEL_No रू. मशीन – 70*52 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000343) नरेन्द्र कुमार (कर्जदार) रूप चंद (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 12,29,747/- (रूपए बारह लाख उन्तीस हजार सात सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (12-11-2021) | फ्लैट नंबर यूजीएफ-4, (एलआईजी) प्लॉट नंबर ए-169, भू तल, रियर आरएचएस शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (द्वारका शाखा का एलसी नंबर : 00000322) दिगम्बर मंडल (कर्जदार) पिंकी मंडल (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 11,79,048/- (रूपए ग्यारह लाख उनासी हजार अड़तालीस मात्र) एनपीए (12-11-2021) | आरजैड I 75, तृतीय तल (रियर साइड) केएच नंबर 15/12 मां यमुना अपार्टमेंट, ग्राम मिर्जापुर महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045 |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 00042021) गोपाल कुमार (कर्जदार) फूलो देवी (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 11,21,433/- (रूपए ग्यारह लाख इक्कीस हजार चार सौ तेतीस मात्र) एनपीए (10-12-2021) | सम्पत्ति सं. बी-632, पुराना नंबर डब्ल्यूजैड-213/1, द्वितीय तल, खसरा नंबर 2741/616 का हिस्सा, ग्राम बसई दारापुर, सुदर्शन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110015 |
| (गुरुग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00001616) एम एन ओवरसीज (कर्जदार) मुकेश कुमार (सह-कर्जदार 1) निशा कुमारी (सह-कर्जदार 2) | 18-01-2022/रू. 6,58,189/- (रूपए छह लाख अठ्ठावन हजार एक सौ नवासी मात्र) एनपीए (09-06-2021) | M_MACHINE_NAME रू. एम्ब्रोइडरी मशीन-दो मशीन AP_MODEL_No रू. केएसए-918 एवं 636 I250*850 I1200 AP_INVOICE_No रू. एईएस/16-17/पीआई99ए एवं इन्व. 007 |
| (गुरुग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00001830) ए यू इनकॉर्प (कर्जदार) रमन कुमार (सह-कर्जदार 1) प्रीति सचदेवा (सह-कर्जदार 2) प्रवेश सचदेवा (गारंटर 1) सचदेवा प्लास्टिक इंडस्ट्रीज (गारंटर 2) | 18-01-2022/रू. 4,41,881/- (रूपए चार लाख इकतालीस हजार आठ सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (09-11-2021) | M_MACHINE_NAME रू. रिप्रोसिंग एक्सट्रूडर मशीन/रि-प्रोसेसिंग प्लांट फॉर एलडी/एचडी/पीपी-एक्सट्रूडर 7 मिक्सचर AP_MODEL_No रू. माडल एस-090-90-110 AP_INVOICE_No रू. इन्व. 230 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00002216) अनुराग कुमार जैन (कर्जदार) पारूल जैन (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 34,38,444/- (रूपए चौंतीस लाख अड़तीस हजार चार सौ चौवालीस मात्र) एनपीए (10-12-2021) | अपा. नंबर आई-1005, 10वां तल, टावर आई, एसोटेक विंडसर कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-04 ए. सेक्टर-78, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201301 |
| (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00041371) अमित कुमार | 18-01-2022/रू. 29,06,536/- (रूपए उन्तीस लाख छह हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (12-11-2021) | फ्लैट नंबर 507, 5वां तल, टावर ई, ऑक्सी होम्स, ग्राम भट्टा हाजीपुर, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201014 |
| (कर्जदार) राखी रावत (सह-कर्जदार 1) (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00041542) भरत घनश्याम लालवानी (कर्जदार) ममता भरत लालवानी (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 17,16,131/- (रूपए सत्रह लाख सोलह हजार एक सौ इकतीस मात्र) एनपीए (10-12-2021) | फ्लैट नंबर 2008, 20वां तल, टावर टी-26, पारस टिएरा नोएडा, सेक्टर-137, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201301 |
| (हल्द्वानी शाखा का एलसी नंबर : 00004535) गुलाब सिंह (कर्जदार) तुलसी देवी सिंह (सह-कर्जदार 1) | 18-01-2022/रू. 3,16,047/- (रूपए तीन लाख सोलह हजार सैंतालीस मात्र) एनपीए (10-12-2021) | खसरा नंबर 79 मिन का हिस्सा, प्राइवेट प्लॉट नंबर पी 1-30, देव होम्स फेज-9, ग्राम बीगवारा रूद्रपुर, उधमसिंह नगर, उत्तरांचल – 263153 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 21-02-2022
स्थान : दिल्ली
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 फोन : +91–7303495375
सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240 ई–मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

कम्पनी के सदस्यों के ध्यानार्थ सूचना

यह कम्पनी के समस्त सदस्यों के संज्ञान में लाया जाता है कि कम्पनी इसकी सामान्य बैठकों में अथवा किसी अन्य विधि में कम्पनी के कार्यों में सदस्यों की सक्रिय सहभागिता प्रोत्साहित करने के क्रम में, अपने सदस्यों से उनके रेकार्ड्स नामतः पैन, आवासीय पता, ई–मेल पता, मोबाइल नंबर तथा सदस्यों के बैंक खाता विवरण कम्पनी में, यथाशीघ्र, पंजीकृत/अद्यतित करवाने का अनुरोध करती है।

जैसाकि सदस्यों को अवगत है, कम्पनी अधिनियम 2013 और सेबी सूचीयन विनियमावली के प्रावधानों के अनुपालन में, अभूतपूर्व कोविड 19 महामारी हालात के कारण, कम्पनी ने सदस्यों को अपनी वार्षिक रिपोर्ट ई–मेल के माध्यम से भेजी है और सदस्यों की वार्षिक सामान्य बैठकें, विगत दो वर्षों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से आयोजित की हैं। हमारे शेयरधारकों द्वारा संचार(रों) की त्वरित प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए और डाक मार्ग में संचारों की किसी क्षति से बचने के लिए, हम सदस्यों से कम्पनी में अपना ई मेल पता, मोबाइल नंबर और अन्य विवरण अद्यतन करवाने का पुनः अनुरोध करते हैं।

सदस्यों से अपना अद्यतित विवरण (क) कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट मैसर्स स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को ई मेल आईडी parveen@skylinerta.com पर भेजने अथवा (ख) कम्पनी को ई–मेल आईडी pnbfinanceindustries@gmail.com पर अथवा (ग) मैसर्स स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके पते डी–153ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020, फोन : +91 11 40450193–97 पर एक लिखित अनुरोध भेजने का अनुरोध किया जाता है।

यदि शेयरधारकों के कोई प्रश्न हैं, वे अपने प्रश्न कम्पनी को मेल आईडी : pnbfinanceindustries@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से फोन नंबर : +91 11 40450193–97 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/–
श्वेता सक्सेना
कम्पनी सेक्रेटरी एवं निदेशक

तिथि : 18 फरवरी, 2022
स्थान : नई दिल्ली

## शादी की सालगिरह मनाने जा रही महिला से चेन व मंगलसूत्र लूटा

**गाजियाबाद।** बेखौफ लुटेरों ने कौशांबी थाना क्षेत्र के गौड़ गंगा अपार्टमेंट, वैशाली सेक्टर.चार के सामने महिला से सोने की चेन व मंगलसूत्र लूट लिया। वारदात के वक्त पीड़िता स्वजन के साथ शादी की सालगिरह मानने के लिए बाहर जा रही थी। लूट होने के बाद सभी वापस घर लौट गए।

वसुंधरा सेक्टर.दो में निजी कंपनी में कार्यरत आकांक्षा चौहान पति लक्ष्य गुसाई के साथ रहती हैं। 15 फरवरी को उनकी शादी की सालगिरह थी। उसे मनाने के लिए उन्हें बाहर जाना था। उनके साथ वैशाली में रहने वाली उनकी बहन, मां व बहन के बच्चों को भी जाना था। इस कारण वह बहन के घर गईं। वहां से बहन, मां व बहन के दो बच्चों को लेकर गौड़ गंगा अपार्टमेंट, वैशाली सेक्टर.चार के गेट के सामने कैब का इंतजार करने लगीं। इस दौरान शाम करीब साढ़े पांच बजे बाइक सवार दो लुटेरों ने आकांक्षा की सोने की चेन व मंगलसूत्र लूट लिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# केमिकल फैक्टरी में आग, एक की मौत

## उत्तम नगर इलाके में हुआ हादसा, दूसरा युवक 90 प्रतिशत तक झुलसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तम नगर इलाके में एक मकान में चल रही केमिकल फैक्ट्री में लगा लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया है। घायल को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 288, 304 ए के तहत मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें रविवार सुबह करीब 10.14 बजे पश्चिमी दिल्ली के ओम विहार, उत्तम नगर के फेज-5 में आग लगने की घटना की जानकारी मिली थी। जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकलकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दोनों लड़के साहिल और तालीम गंभीर रूप से झुलसे हुए थे। दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने को बताया केमिकल से भरे ड्रम में में तेज धमाके साथ आग लग गई। ड्रम में चिपकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रसायन (फोम) था। दमकर्मियों ने आग को काबू किया। मृतक के पिता बताया कि साहित सोफे मरम्मत करने का काम करता था। दूसरे घायल तालिब की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत अभी की जानकारी ली जा रही है। यह भी जानकारी मिली है कि शायद घर में शर्ट सर्किट हुआ था, जिसके बाद पूरे घर को अपने आग ने लपेट लिया।

## बटला हाउस में सात झुग्गियां खाक



बटला हाउस में पास बसीं झुग्गियों में आग लग गई। आग की घटना में सात झुग्गियां जल कर खाक हो गईं। दमकल विभाग को तड़के 3.51 बजे फोन आया और स्थिति पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाडियां मौके पर भेजी गईं। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## नजफगढ़ इलाके के एक घर में लगी आग, बुजुर्ग की मौत

नई दिल्ली। नजफगढ़ इलाके में शनिवार को देर रात एक घर में भीषण आग लगने से 72 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी।घटना दोपहर 1.48 बजे की है। दमकल विभाग के मुताबिक, यह घटना नजफगढ़ के खैरा रोड स्थित कृष्णा विहार पूर्व की है। दमकल विभाग ने कहा कि आग ने घरेलू सामान, बिस्तर, सोफा और फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया था। दमकलकर्मियों ने घर के एक कमरे से एक पुरुष का जला हुआ शव बरामद किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना में जिंदा जले मृतक की पहचान महेंद्र यादव के रूप में हुई है। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और परिवार के अन्य लोगों से जानकारी ली जा रही है।

## नेहरू प्लेस में बना गुलाबी बूथ

**नई दिल्ली।** राजधानी में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नेहरू प्लेस में गुलाब बूथ बनाया गया है। बूथ के उद्घाटन दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी पहुंचे। दक्षिण पूर्व जिले के इलाकों में पांच गुलाबी बूथ शुरू किए गए हैं। नेहरू प्लेस कालकाजी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) सागरप्रीत हुड्डा और ज्वाइंट सीपी (दक्षिणी रेंज) मीनू चौधरी ने बाजार में आने वाली महिलाओं की सहायता के लिए नेहरू प्लेस में एक गुलाबी बूथ का उद्घाटन किया। इन गुलाबी बूथों की अध्यक्षता 1 महिला उपनिरीक्षक के साथ-साथ 1 महिला प्रधान आरक्षक एवं 02 महिला आरक्षक को शामिल किया गया है।

इसके अलावा महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए क्षेत्र में गश्त के लिए स्कूटी और अन्य सुरक्षा उपकरण प्रदयान किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक पुलिसिंग भूमिकाओं में महिला अधिकारियों को सबसे आगे लाना और महिलाओं की शिकायतों का समय पर निवारण करना है। ज्ञात हो कि शनिवार को कमला मार्केट में पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया था। यहां महिलाएं की शिकायत का निवारण किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### स्वराज इंडिया की ओर से स्मार्ट गांव शपथ समारोह

**नई दिल्ली।** स्वराज इंडिया दिल्ली देहात मोर्चा ने खेड़ा डाबर गाँव में स्मार्ट गाँव शपथ समारोह का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामिणों ने भाग लिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वराज इंडिया के संस्थापक योगेंद्र यादव ने कहा कि किसी भी आन्दोलन को खड़ा करने के लिए तीन स्तर से गुजरना पड़ता है। पहला जानकारी, दूसरा एकता और तीसरा संघर्ष। जानकारी के लिए मोर्चा के अध्यक्ष, राजीव यादव पिछले सात साल से गांव में घूम-घूम कर व हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से डाबर क्षेत्र के गांवों को जागरूक किया है। रविवार को खेड़ा डाबर की बैठक के बाद एकता के स्तर की शुरुआत हो गई है। यहां मौजूद लोग अपने साथ दूसरे घर, परिवार, और समुदाय को जोड़ेंगे। फिर हमारा काफिला तैयार होगा। इसके बाद तीसरे स्तर संघर्ष की तरफ बढ़ेंगे और किसान एक हो गया तो जीत सुनिश्चित है। राजीव यादव ने डीडीए की भूमि नीति में किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी को रेखांकित करते हुए किसानों की ओर से उपराज्यपाल को पत्र का खाका पढ़ा और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से पत्र पर सुझाव माँगें। पत्र के ड्राफ्ट में लैंड पॉलिसी से किसानों की दिक्कतों को चिन्हित करते हुए वैकल्पिक नीतियाँ पेश किया गया।

### लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर करके आम आदमी पार्टी की सरकार को एक महीने के अंदर लोकायुक्त नियुक्त करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका दाखिल करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि आप भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद अस्तित्व में आई थी लेकिन दिसंबर 2020 से लोकायुक्त का पद खाली पड़ा है। अश्वनी ने आरोप लगाया है कि सरकार रिश्वतखोरी, काला धन, बेनामी संपत्ति, कर चोरी, मुनाफाखोरी समेत अन्य आर्थिक अपराध को खत्म करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है लिहाजा मौलिक अधिकारों के संरक्षक के नाते कोर्ट को लोकायुक्त की नियुक्त के मामले में दखल दे।

### केजरीवाल के खिलाफ तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा का लगातार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रहा। राजघाट के सामने रविवार को तीसरे दिन के विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता नक कहा कि केजरीवाल की देश विरोधी सोच और मानसिकता तो उसी वक्त सबके सामने चुका था जब केजरीवाल ने इसी राजघाट पर बैठकर गणतंत्र दिवस परेड का विरोध किया था। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की असलियत यही है कि खालिस्तानियों से पैसा लेकर वोटों का सौदा कर रखा है। मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह, प्रदेश महामंत्री शामिल हुए।

# आईटीबीपी के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तीन मूर्ति भवन में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 31 वर्षीय एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से रविवार को कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल वाई रेड्डी तड़के पांच बजे मृत पाया गया और उसकी राइफल उसके पास पड़ी थी। रेड्डी कर्नाटक का रहने वाला था और दो सप्ताह पहले ही 30 दिन की छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटा था।

अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल के बिस्तर से एक कथित सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी पत्नी और ससुर पर उसे मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। जवान का पिछले साल अक्टूबर में विवाह हुआ था। चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रक्षा करना आईटीबीपी की मुख्य जिम्मेदारी है। इसके अलावा आईटीबीपी की कई इकाइयों को राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कानून-व्यवस्था संबंधी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाता है।

## भाजपा की महिला नेता की हत्या

नई दिल्ली अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के मदनगिरी इलाके में शनिवार रात एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सुधा रानी के रूप में हुई है। सुधा वर्ष 2007 में बीजेपी के टिकट पर निगम का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि महिला ने जो गहने पहने थे। वे सारे गायब हैं। मामले में सभी पक्षों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। हालांकि शुरुआती जांच में यह लूटपाट का मामला लग रहा है जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि हत्या की क्या वजह है।

## कोरोना संक्रमितों से ज्यादा मरीज हुए ठीक

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामले लगातार कम हो रहे हैं। इसके चलते संक्रमितों की ज्यादा कोविड-19 के मरीज ठीक हुए हैं। रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 570 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान संक्रमण दर 1.04 फीसदी दर्ज की गई है।

चौबीस घंटे में 4 लोगों की जान चली गई है। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इस बीच 730 मरीज ठीक हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मरीजों की संख्या अब 2,545 हो गई है। 4 मरीजों की मौत के बाद मरने वालों का कुल आंकड़ा 26,101 पहुंच गया है।

# निगम चुनाव : कांग्रेस को मिले 1 हजार आवेदन

- कार्यकर्ताओं की मांग के चलते आखिरी तिथि बढ़कर 18 तक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम चुनावों को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने आवेदन मांगे थे। लोगों के उत्साह को देखकर कांग्रेसी नेता काफी खुश है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा है कि निगम चुनाव-2022 के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लिए गए आवेदन कि संख्या 1000 पहुंच गई जो कि बहुत ही उत्साह जनक संख्या है। चौधरी अनिल कुमार ने बताया के ज्ञात हो कि पहले आवेदन कि तारीख़ 15 फरवरी रखी गयी थी जिसको कि कार्यकर्ताओं कि भारी मांग के चलते 18 फरवरी किया गया था। आखिरी तारीख के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ता फॉर्म जमा करवाने के लिए प्रदेश कार्यालय में आ रहे हैं जिसका फैसला हाईकमान से बात करके लिया जाएगा कि फार्म लेने कि तारीख़ को कितने और दिनो के लिए बढ़ाया जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आवेदन जमा करवाने के उत्साह से संकेत साफ है कि कांग्रेस निगम चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी क्योंकि भाजपा और आप दोनो कि असलियात जनता को पता लग चुकी है।



चौधरी अनिल कुमार ने कहा के दूसरी पार्टीयों के नेता भी भारी संख्या में कांग्रेस में समिलित होना चाहते है जिसका फ़ैसला भी बाद में लिया जाएगा।

# खालिस्तान के खिलाफ बयान जारी करें केजरीवाल : दिग्विजय

**पीएनएस।** नई दिल्ली/भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता कुमार विश्वास का समर्थन किया और सीएम अरविंद केजरीवाल से खालिस्तान आंदोलन के खिलाफ बयान जारी करने की मांग की।

विश्वास ने केजरीवाल पर पंजाब विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया था लेकिन आप प्रमुख ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। सिंह ने शनिवार रात हिंदी में एक ट्वीट में कहा कि कुमार विश्वास ने केजरीवाल जी से बहुत ही साधारण मांग की है।

केजरीवाल जी एक बयान खालिस्तान के खिलाफ दे दें। उसमें केजरीवाल जी को कोई एतराज नहीं होना चाहिए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल पर लगाए गए आरोपों के बाद विश्वास की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र ने शनिवार को विश्वास को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है।

# एनडीएमसी का साफ-सफाई में सात स्टार पाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी को प्रदूषण मुक्त बनाने और साफ सफाई के लिए एनडीएमसी ने हाथों के बजाए सिर्फ आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। एनडीएमसी की यह पहल स्वच्छता सर्वेक्षण में सात स्टार पाने की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली क्षेत्र को प्रदूषण और धूल मुक्त बनाने और अधिक बेहतर रहने योग्य तथा पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र बनाने के लिए नई दिल्ली नगरपलिका परिषद(एनडीएमसी) अपने प्रमुख क्षेत्रों जैसे कनॉट प्लेस, हनुमान मंदिर वाटिका, बाबा खड़क सिंह मार्ग और एम्पोरिया बिल्डिंग एरिया में शत-प्रतिशत यांत्रिक साफ सफाई व्यवस्था लागू करेगी, यह कार्य प्रधान मंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति और भारत की आजादी के 75वें साल को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है, यह जानकारी पालिका परिषद उपाध्यक्ष, सतीश उपाध्याय ने दी ।

उपाध्याय ने कहा कि यह इस समय की मांग है कि एयरपोर्ट हाउसकीपिंग की तर्ज पर मैनुअल प्रक्रिया के बजाय यांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से साफ - सफाई की व्यापक योजना बनाई जाए, उन्होंने बाजार व्यापारी संघों और एनडीएमसी के विभागाध्यक्षों के साथ निरीक्षण के दौरान यह पाया है । वर्तमान में कनॉट प्लेस फुटपाथ क्षेत्र में पार्किंग क्षेत्र, गलियारों, बरामदों और प्रांगणों में व्यापक कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैन्युअल रूप से किया जा रहा है, जबकि हरित पट्टी का रखरखाव बागवानी द्वारा किया जा रहा है।

- एयरपोर्ट हाउसकीपिंग की तर्ज पर इलाके में सफाई की योजना

## शिक्षकों की नियुक्तियों में रोस्टर लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालयों के कॉलेजों के प्रिंसिपलों को सर्कुलर जारी कर शिक्षकों की नियुक्तियों में रोस्टर व आरक्षण लागू किया जाए।

इसके साथ ही प्रोफेसर काले कमेटी की रिकमेंडेशन को लागू करते हुए बैकलॉग पदों को निकाला जाए। यह मांग फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ.हंसराज सुमन ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार सिंह से मांग की है। सुमन ने बताया कि प्रोफेसर काले कमेटी पूर्व कुलपति प्रोफेसर योगेश त्यागी ने एससी /एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति के निर्देश पर बनाई थीं।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर करवट बदलेगा मौसम

## क्षेत्र में 22-23 फरवरी को बारिश होने के आसार, दिन में गर्मी, सुबह-शाम सताएगी ठंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शनिवार की तरह रविवार को भी दिन भी तेज हवाएं चलती रही। सुबह मौसम खुशनुमा रहा और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार 22 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे राजधानी और एनसीआर में हल्की बारिश हो सकती है। रविवार को शहर में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 83 प्रतिशत दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। गरज के साथ कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि तेज बारिश को कोई संभावना नही है। बुधवार को दिन में तेज हवाएं भी चलेंगी। जबकि गुरुवार और शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा और सुबह हल्का कोहरा रहेगा।



फाइल फोटो

मौसम विभाग के अनुसार दिन में गर्मी का अहसास होगा वहीं सुबह-शाम को ठंडक जारी रहेगी वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।

शहर में सुबह नौ बजे एक्यूआई 175 दर्ज किया गया। इसके अलावा, पड़ोसी फरीदाबाद (171), गाजियाबाद (185), गुड़गांव (214), नोएडा (143) और ग्रेटर नोएडा (128) का एक्यूआई खराब और मध्यम श्रेणियों के बीच दर्ज किया गया।



# महाराजा अग्रसेन की तरह पीएम मोदी भी गरीबों को दे रहे हैं पक्के मकान

**विधायक सुधीर सिंगला ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कहीं ये बातें**

**महाराजा अग्रसेन ने एक रुपया एक ईंट की प्रथा शुरू कर समाज को किया था मजबूत**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर स्थापित करने के कार्यक्रम में मौजूद विधायक सुधीर सिंगला व अन्य अतिथि।

**एक** रुपये से तो अपनी अर्थव्यवस्था संभालना और एक ईंट से अपने घर को बना लेना योजना की शुरुआत करके महाराज अग्रसेन ने समाज को मजबूत करने का काम किया था। आज उन्हीं का अनुसरण करते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आगे बढ़ रहे हैं। वे भी हर गरीब को पक्का मकान देने की दिशा में काम कर रहे हैं। ये बातें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर स्थापित करने के कार्यक्रम में कहीं। इस समारोह में राज्यसभा सांसद डा. सुभाष चंद्रा, मंत्री डा. ओमप्रकाश यादव, कुलपति एसके गक्खड़, विधायक दीपक मंगला, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, राजीव जैन, बजरंग गर्ग, ममता गोयल, डा. ममता अग्रवाल, रत्नेश बंसल, बंसी लाल, आरके मित्तल, सविता जैन, दुर्गा दत्त गोयल, दीपक गुप्ता, उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी का विषय रहा-द टॉपिक सोशियो इकॉनोमिक पॉलीटिकल एस्पेक्ट्स ड्यूरिंग महाराजा अग्रसेन रिजिम है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाज के युग प्रवर्तक थे। महाराजा अग्रसेन ने पूरी दुनिया को समाजवाद का पाठ पढ़ाया। उनकी नगरी में कोई भी गरीब बाहर से आकर बसना चाहता था तो नगर का हर आदमी उसे एक रुपया और एक ईंट का सहयोग देकर अपने बराबर का बना लेता था। समाजवाद का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन के सिद्धान्त से आज की युवा पीढ़ी रूबरू हो इसके लिए इस यूनिवर्सिटी में महाराजा अग्रसेन चेयर की व्यवस्था की गई है।

## एक अप्रैल से रहेगी 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल के वाहनों पर रोक

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एक अप्रैल से 10 साल से अधिक पुराने डीजल व 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल के वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए सख्ती बरती जाएगी। पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का यह निर्णय है।

एनसीआर क्षेत्र में इन वाहनों को तय समय बीत जाने के बाद संचालित नहीं किया जा सकता। रविवार को मुख्यमंत्री ने यहां ई-ऑटो रिक्शा को बढ़ावा देने के लिए पिछले वर्ष अगस्त में लागू किए गए परिवर्तन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधियों से भी इस प्रोजेक्ट के बारे में बातचीत की और उन्हें आज की बैठक में लिए गए निर्णयों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में कहा कि गुरुग्राम में वायु प्रदूषण का एक बड़ा मुद्दा है, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, सर्वोच्च न्यायालय तथा सभी गुरुग्राम वासियों के लिए चिंता का विषय है। इसे देखते हुए गुरुग्राम में पिछले वर्ष अगस्त में प्रोजेक्ट परिवर्तन लांच किया गया था, जिसमें डीजल या पैट्रोल ऑटो को बदलकर ई-ऑटो खरीदने वाले ऑटो चालक को इनसेंटिव दिया जा रहा है। उन्होंने ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधियों से कहा कि आपकी कठिनाईयों का पत्र भी उन्हें मिल गया है, जिस पर भी बैठक में विचार-विमर्श हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्णय अनुसार गुरुग्राम में पहले चरण में 10 साल से पुराने डीजल तथा 15 साल से पुराने पेट्रोल चालित वाहन सड़को से हटाए जाएंगे। इस श्रेणी में आने वाले ऑटो चालकों को अपने ऑटो बदलने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों ने सोने की चेन लूटी

**सोहना।** शहर के जखोपुर मार्ग पर दिन दहाड़े बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों स्कूटी का पीछा करते हुए महिला के गले से सोने की चैन लूटकर भाग गए। पीड़िता महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल चैन स्नेचरों की तलाश में जुट गई है। जिला नूंह थाना रोजका मेव का गांव आटा निवासी मनीषा ने सदर थाना सोहना पुलिस को बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों के खिलाफ चैन स्नेचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। मनीषा ने पुलिस को बताया कि वह स्कूटी पर अपनी सास को सोहना से जरुरी सामान दिलाने के बाद घर गांव आटा जा रही थी। वह सोहना के जखोपुर मार्ग पर चल रही थी। पीछे से एक बाइक आई और बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। पीछे बैठा बदमाश ने उसके गले पर हाथ डालते हुए सोने की चैन को झपट लिया। उसके शोर मचाने और स्कूटी से पीछे करने के बाद बदमाश हाथ नहीं आए। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस आस-पास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से नकाबपोश बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### नप प्रशासन वर्ष-2022 में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में जुटा

**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन वर्ष 2022 में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर होने वाली सर्वे में प्रथम स्थान प्राप्त के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। हाल ही में परिषद प्रशासन ने गुप्त रुप से शहर में बने अस्पताल व सरकारी भवनों को सफाई को लेकर सर्वे कराया। सोहना नगर परिषद ने वर्ष 2021 में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के अंदर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं इस बार सर्वेक्षण 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने तैयारियां शुरु कर दी है। परिषद अपने स्तर पर शहर में बने रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा, निजी अस्पताल और सरकारी भवनों का स्वच्छता को लेकर सर्वेक्षण किया। जिसमें हैड क्लर्क प्रवीण डागर समेत सुपरवाइजर शामिल थे। टीम ने सभी स्थानों का गुप्त रूप से सर्वे किया। निजी अस्पतालों में अकबर प्रथम, वरदान द्वितीय और विवनायक अस्पताल तीसरे स्थान पर पाया गया। सरकारी भवनों में उपमंडलीय न्यायिक परिसर परिसर प्रथम, एसडीएम कार्यालय द्वितीय और अग्निशमन विभाग का कार्यालय तीसरें स्थान पर रहा। इसके साथ शहर में बने होटल में सूर्यांश प्रथम, जेडी दूसरे व संदूजा होटल तीसरे नंबर पर रहा। परिषद सचिव समयपाल ने बताया कि सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, निजी अस्पताल और सरकारी भवनों में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत 18 से 20 अलग-अलग नियमों के तहत सर्वे किया। यह सर्वे 15 दिन के अंतराल में किया जाता रहेगा। ताकि शहर को और भी बेहतर साफ सुथरा बनाया जा सके।

### अब बिल्डर के साथ ठेकेदार की भी जवाबदेही होगी तय

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री ने मनोहर लाल ने कहा कि सरकार के पास भवन संबंधी शिकायत आने पर इसकी जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी। प्रदेश में बिल्डर्स को कंप्लीशन सर्टिफिकेट समयबद्ध दिया जाएगा। बिल्डिंग के लिए बिल्डर्स के साथ-साथ ठेकेदार की जवाबदेही भी तय की जाएंगी। यह बात उन्होंने रविवार को यहां गुरुग्राम के रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याएं सुनने के दौरान कही। उन्होंने आरडब्ल्यूए द्वारा रखी सभी समस्याओं व सुझाव को ध्यानपूर्वक सुना व इनका उचित समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि रिहायशी क्षेत्रों में लोगों को सभी प्रकार की सेवाओं व सुविधाओं का समय पर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हरेरा के माध्यम से जल्द ही एक सेमिनार का आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें आरडब्ल्यूए अपनी समस्याएं व सुझाव रख सकते हैं। इस सेमिनार में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित, सुविधाजनक व भविष्य की जरूरत के अनुसार ग्रुप हाउसिंग सोसायटी विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा, ताकि इन सोसायटी में लोगों को सभी जरूरी आवासीय सुविधाएं समयबद्ध मिल सकें। इन सोसायटी में लोगों की समस्याओं का समाधान भी जल्द से जल्द किया जाएगा।

## सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की कार्यशाला शुरू

**गुरुग्राम।** सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले जिलों में विभाग की भजन पार्टियों तथा खण्ड प्रचार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय कार्यशाला रविवार को गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् भवन में शुरू हुई। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला मुख्यातिथि व सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार प्रदेशवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर जनकल्याणकारी नीतियों व पारदर्शी सिस्टम का निर्माण कर रही है। ऐसे में आप सभी भजन पार्टियों व खंड प्रचार कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि आप सरकार के जनसेवा कार्यों, उपलब्धियों व


गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी हॉल में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल के जिलों की कार्यशाला का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

अंत्योदय के भाव के साथ बनाई गई नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं। सुधीर सिंगला ने कहा कि धरातल पर जाकर लोगों में सरकार व उसकी नीतियों के प्रति विश्वास पैदा करने में आप सभी का अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि डॉ. कुलदीप सैनी ने कहा कि आज भले ही आधुनिकता के परिवेश में प्रचार के विभिन्न माध्यम उपलब्ध है, लेकिन भजन पार्टियों व खंड प्रचार कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाने वाला प्रचार सबसे प्रखर है।

## तीन बदमाशों ने स्कूल कर्मी के साथ मारपीट कर लूटपाट की

**सोहना।** भोंडसी में तीन युवकों ने पैदल जा रहा सरकारी स्कूल कर्मचारी के साथ मारपीट करके मोबाइल फोन, नगदी और पर्स छीन कर ले गए। पीड़ित कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम जैकमपुरा में रहने वाले रामकिशन ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को सोहना एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था।

रात करीब साढे दस बजे सोहना गुरुग्राम जा रहा था। पहले तो उसे सोहना से भोंडसी तक एक ट्रक में लिफ्ट मिल गई। ट्रक से उतरने के बाद वह पैदल सवारी की तलाश में गुरुग्राम की तरफ चलने लगा। भोंडसी में सड़क किनारे बना सती मंदिर के पास तीन नौजवान लड़के उसके पास आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उकसे मुंह, नाक, कमर पर लात घूसे मारते हुए उसे सड़क पर गिरा लिया। उसके बाद तीनों युवक उसका पर्स, मोबाइल फोन और जेब में रखे 2500 रुपये लूटकर ले गए।

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने शुरू की नि:शुल्क डिस्पेंसरी

**समाज सेवा की दिशा में महासंगठन का एक और सराहनीय प्रयास**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए नि:शुल्क डिस्पेंसरी की शुरुआत की गई है। रविवार को पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा अर्जुन नगर आर्य समाज मंदिर गुरुग्राम के पास नि:शुल्क धर्मार्थ औषधालय की शुरुआत की गई। इस अवसर पर हवन किया गया।

संस्था के प्रधान बोधराज सीकरी ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने अपने गठन के कम समय में ही समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए हैं। सर्दियों में लोगों को वस्त्र, कंबल वितरित किए गए। आर्य समाज मंदिरों में घी, सामग्री का


गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महासंगठन की ओर से रविवार को हवन करके नि:शुल्क डिस्पेंसरी की शुरुआत करते सदस्य।

वितरण किया गया। इसके अलावा भी निरंतर समाजसेवा में संस्था के सदस्य जुटे रहते हैं। कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। निकट भविष्य में इन्हें जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। नि:शुल्क धर्मार्थ औषधालय गरीबों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। प्रयास यही है कि लोगों को सस्ती नहीं बल्कि निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध महासंगठन की ओर से लगातार करवाई जाएं। इस अवसर पर सुरेंद्र खुल्लर, रामलाल ग्रोवर, सुभाष डुडेजा, राजकुमार कथूरिया, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, भीमसेन कामरा, नरेंद्र कथूरिया, सोहन लाल गोगिया, सुभाष नागपाल, सुभाष गांधी, रमेश चुटानी, गजेंद्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा, सुभाष गांधी, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## बंदरों के खौफ से घरों में कैद होने को विवश हैं लोग

**बंदरों के खौफ से घरों में दुबके रहते हैं लोग**

**बंदर लोगों से कपड़े, खाना आदि तक ले जाते हैं छीनकर**

**कई शिकायतों के बाद भी नगर निगम ने नहीं किया समाधान**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-5** में इन दिनों बंदरों का आंतक है। इस भय से लोग अपने घरों में छिपने को मजबूर हैं। लोग अपने घरों में ना तो खुलकर रह पा रहे हैं और ना ही खा-पी पा रहे हैं। बंदर कुछ भी सामान देखते हुए लोगों पर झपट पड़ते हैं। क्षेत्र के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष का कहना है कि कई बार नगर निगम को बंदरों को पकड़ने के लिए शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। सेक्टर-3, 5 व 6 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ ने बताया कि सेक्टर-5 में पिछले 6 महीने से लोग बंदरों से परेशान हैं। इसकी जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दी जा चुकी है। अधिकारी समस्या का समाधान करने की हां तो कर देते हैं लेकिन काम कुछ नहीं करते। अधिकारियों द्वारा बार-बार यही जवाब दिया जा रहा है कि बंदर पकड़ने का टेंडर कर रहे हैं। यही जवाब मिल रहा है। सेक्टर-5 निवासी सुनील गुप्ता के मुताबिक उत्पाती बंदरों ने कई बार उनके घर में गमलों को तोड़ा है। उनमें लगे पौधों को भी जड़ से उखाड़ देते हैं।

मिस्टर अरोड़ा के घर के भीतर बंदर घुस गए और रसोई से खाने के सामान से भरे डिब्बे उठा ले गए। अब रोजाना घर की छत पर आकर बैठ जाते हैं। घर में छोटे बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। लोकेश पारीक के मुताबिक उनके घर के बाहर कपड़े सूख रहे थे। बंदरों ने सभी शर्ट के बटन तोड़ दिए। साथ ही कपड़े फाड़ दिए। पूर्व एक्सईएन मोहिंदर पोल व राजीव शर्मा ने बताया कि मदर प्राइड स्कूल व आसपास के घरों पर करीब 15-20 बंदर बैठे रहते हैं। उनके कारण लोग डरते हुए अपने घरों में रह रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक पुष्कर राज शर्मा के मुताबिक बंदरों के भय से अपनी छत पर भी जाना बंदर हो गए। अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ ने फिर से नगर निगम अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस शिकायत पर तत्परता से काम करें, ताकि क्षेत्र से बंदरों को पकड़कर खौफ कम किया जा सके।


गुरुग्राम के सेक्टर-5 में एक घर से सामान लाकर खाता बंदर व एक घर में गमले तोड़ने के बाद ग्रील पर बैठे बंदर।

## अवैध अहाते में दर्जनों युवक-युवतियां शराब पीते मिले

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में व्यापार केंद्र के निकट बिना एक्साइज विभाग की अनुमति के अवैध रूप से चलाया जा रहा है। इस सूचना पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने छापेमारी करके इसका भंडाफोड़ किया। मौके पर करीब 60 युवक-युवतियां शराब का सेवन करते भी पकड़े गए।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम को सूचना मिली थी कि सेक्टर-29 में बिना एक्साइज विभाग की अनुमति के मचान अहाता चलाया जा रहा है। यह अवैध है। टीम ने बिना देरी किए वहां छापेमारी की तो मिली सूचना पुख्ता हो गई। पता चला कि इस अहाते पर देर रात तक शराब पिलाई जाती है। मचान अहाता में करीब 60 युवक-युवतियां भी शराब पी रहे थे। काफी तेज आवाज में संगीत भी बज रहा था। अहाते के बाहर पार्किंग में करीब 20 गाड़ियां खड़ी थीं। वहां पर मौजूद कैशियर ने बताया कि इस अहाते के मालिक दिग्विजय व प्रमोद तीन-चार महीने से इसे चला रहे हैं। इस अहाते को चलाने के लिए साथ में लगते शराब का ठेका एसके वाईन



के ठेकेदार को रोजाना 10 हजार 600 रुपये देते हैं। शराब के ठेकेदार द्वारा बताया गया कि इस अहाते की अनुमति ली हुई है और एक्साइज की फीस भरी हुई है। हालांकि इस बारे में वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम के साथ एक्साइज विभाग द्वारा बिना अनुमति के चलाए जा रहे इस अवैध अहाते पर कार्रवाई की। सेक्टर-29 पुलिस थाना में अवैध अहाते के मालिक, दिग्विजय, प्रमोद, एसके वाईन के ठेकेदार कुलदीप, अहाता कैशियर गोपाल कुमार यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। साथ ही मौके से अहाता के कैशियर गोपाल कुमार यादव को गिरफ्तार भी किया गया। अहाता चलाने से संबंधित बिल भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए।

## इस्लामाबाद और लाहौर के बीच क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मोबाइल फोन के माध्यम से पाकिस्तान लीग मैच 2022 पर इस्लामाबाद व लाहौर के बीच खेले जा रहे मैच पर गुरुग्राम में सट्टा लगाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और सट्टा लगाकर जुआ खेलने व खिलाने वाले आरोपी को सेक्टर-39 अपराध शाखा की टीम ने रंगे हाथों काबू कर लिया।

अपराध शाखा सेक्टर-39 की टीम के मुखिया निरीक्षण मनोज वर्मा को सूचना मिली कि इस्लामाबाद व लाहौर के बीच खेले जा रहे पकिस्तान लीग-2022 में क्रिकेट मैच पर पैसे लगाकर जुआ खेला व खेलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने आरोपी को गहलोत गेस्ट हाउस सेक्टर-39 गुरुग्राम से रंगे हाथ काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान नीरज महलावत पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चोपड़ा पट्टी, गांव झाड़सा जिला गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन व एक एलईडी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर गुरुग्राम में जुआ अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

## शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक: सौंदर्यीकरण के साथ होगा जाम मुक्त


निर्माण होने के बाद सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का ऐसा होगा नजारा।

एन. रोहिल्ला। सोहना

**नगर** परिषद हार्ट ऑफ सिटी कहे जाने वाले शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य मई माह में आरंभ होगा। चौक को सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जाम व अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। जिसके सौंदर्यीकरण पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे।

शहर के बीचों बीच स्थित शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण कराने की नगर परिषद प्रशासन ने करीब दो वर्ष पहले सौंदर्यीकरण कराने की योजना बनाई थी। लेकिन कोविड काल के कारण इस योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य अधर में लटक गया था। कोरोना का अंत शहर ही नहीं देश में ही दम तोड़ने लगा है। वहीं नगर परिषद प्रशासन ने हर्ट ऑफ सिटी कहे जाने वाले शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण करने की योजना को पूर्ण करने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके सौंदर्यीकरण पर परिषद नियुक्त किए गए सहलाकार की राय से करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च करेगी।

**शहर के हर मार्ग को जोड़ता है फव्वारा चौक :** शहर के किसी भी कौने में जाने के लिए नागरिक को शहीद भगत सिंह चौक से गुजरना पड़ता है। शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक से नगर परिषद कार्यालय, डाक घर, नेहरु बाजार, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल मार्ग, बड़ा बाजार, राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बस स्टैंड मार्ग के अलावा राम मंदिर चौक, ठाकुरवाड़ा, पठानवाड़ा, कटीकवाड़ा, जाटव मोहल्ला, बनियावाड़ा, खेल चौक, सिटी पुलिस चौकी आदि को जाने के लिए नागरिकों को इसी चौक से जाना व आना होता है।

**चौके बीच में होंगे रंगीन फव्वारे :** शहीद भगत सिंह चौक मुख्य रुप से फव्वारा चौक से जाना जाता है। इस लिए सौंदर्यीकरण के दौरान चौक के बीचों बीच रंगीन फव्वारें की लाइटें रात के समय में चौक नजारा भी विभिन्न रंगों से चमकेगा। फव्वारा चौक की लाइटों को विभिन्न रंगों में यादगार बनाने की कवायाद रहेगी।

**धार्मिक स्थल पर जाने का मार्ग :** प्रदेश ही नहीं देश में प्रसिद्ध गर्म पानी के चश्मा से आस्था का शिव कुंड पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से ही जाना होता है। दूर दराज गांवों से लेकर प्रदेश के अन्य जिले और देश के अन्य राज्यों से आस्था की डुबकी लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालु शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक ही निकलते हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, केन्दीयमंत्री और उपप्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय चौधरी देवीलाल भी इसी चौक से शिव कुंड में आस्था की डूबकी लगाने के लिए जाते व आते रहे हैं।

> **डीपीआर** तैयार होने के बाद टेंडर छोड़ा जाएगा। ये कार्य मई माह में शुरू कर दिया जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यह चौक जाम से मुक्त भी होगा।
>
> **दिगम्बर सिंह**
> **( जेई नगर परिषद )**

## पीएम की परीक्षा पे चर्चा में गुरुग्राम से एक भी सवाल शामिल नहीं

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


**गुरुग्राम के अलावा बाकी कई जिलों से 85 सवाल हुए शामिल**

**शिक्षा मंत्रालय तक गुरुग्राम के 9 सवालों की सूची ही नहीं पहुंच पाई**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा की जाने वाली परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए भेजे जाने वाले सवालों में गुरुग्राम जिला से एक भी विद्यार्थी, शिक्षक या अभिभावक का सवाल शामिल नहीं किया गया है। ऐसा इसलिए हुआ कि शिक्षा मंत्रालय तक गुरुग्राम के 9 सवालों की सूची पहुंच ही नहीं पाई। हालांकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की ओर से कहा गया है कि उन्होंने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को इन सवालों की सूची भेज दी थी।

पीएम के कार्यक्रम शेड्यूल के अनुसार वे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े कई टिप्स भी देंगे। शिक्षा संबंधित विषयों पर बात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा पर चर्चा-2022 कार्यक्रम का आगामी दिनों में प्रसारण होना है। अभी इसकी तारीख निश्चित नहीं हो पाई है, लेकिन केंद्रीय शिक्षा विभाग इसकी तैयारियों में जुटा है।

इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा के (गुरुग्राम जिले को छोड़कर) विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों के 85 सवालों को सूचीबद्ध करके शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली भेजा गया। इसमें




विद्यार्थियों के 77 सवाल, शिक्षकों के दो सवाल और अभिभावकों के 6 सवाल शामिल किए गए।

**बेहतरीन सवालों का चयन करके भेजा था :** एससीईआरटी की ओर से जनवरी-2022 के अंतिम सप्ताह में बेहतरीन विचार और सुझावों के आधार पर सवालों का चयन करके शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। अब पता चला है कि गुरुग्राम जिले के ना तो विद्यार्थियों का, ना शिक्षकों का और ना ही अभिभावकों का कोई सवाल पीएम के इस कार्यक्रम के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इस विषय पर अब यहां अधिकारी एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। डाइट की ओर से कहा जा रहा है कि 9 सवालों का चयन करके एससीईआरटी को भेज दिया गया था। वहीं, एससीईआरटी के अधिकारियों का कहना है कि गुरुग्राम डाइट की ओर से समय पर सवाल नहीं भेजे गए।

**इन जिलों से भेजे गए सवाल :** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए हरियाणा के कई जिलों से भेजे गए 85 सवालों में शिक्षकों की श्रेणी में कैथल से 2 सवाल हैं। अभिभावकों की श्रेणी में रेवाड़ी से 4 और कैथल से 2 सवाल हैं। इसी तरह विद्यार्थियों की श्रेणी में झज्जर से 10, रेवाड़ी से 10, हिसार से 10, यमुनानगर से 8, रोहतक से 8, सोनीपत से 8, कैथल से 6, अंबाला से 5, पानीपत से 5, पंचकूला से 5 और फरीदाबाद से 2 सवालों का चयन हुआ है।

**गुरुग्राम से 3850 प्रतिभागियों ने किया था आवेदन :** गुरुग्राम से 3850 प्रतिभागियों ने परीक्षा पे चर्चा में अपने सवाल भेजने के लिए एससीईआरटी को ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें 2500 विद्यार्थी, 1250 शिक्षक और 100 अभिभावक शामिल रहे। गुरुग्राम के आवेदकों के बेहतरीन सवालों का चयन करके एससीईआरटी को डाइट की ओर से 9 सवालों का चयन किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थी, 2 अभिभावक और 2 शिक्षक शामिल थे। गुरुग्राम के ये सवाल शिक्षा मंत्रालय को नहीं भेजे जा सके।

> **एससीईआरटी** को डाइट द्वारा 9 सवालों का चयन करके भेजा गया था। ये सवाल शिक्षा मंत्रालय को भेजी गई सूची में क्यों नहीं शामिल हुए, इस बारे में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। डाइट में शिक्षकों की व्यस्तताओं के कारण सवालों का चयन करने में थोड़ा समय लगा।
>
> **परमजीत चहल**
> **प्राचार्य, डाइट, गुरुग्राम।**

# पढ़ाई की टेंशन में बच्चे कैसे देखेंगे सूरजकुंड मेला

## स्कूल संचालक भी हो रहे हैं सूरजकुंड की ओपनिंग को लेकर परेशान

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में फरवरी में हर वर्ष सूरजकुंड का मेला लगता था। सूरजकुंड का मेला इस बार आगामी 20 मार्च से तीन अप्रैल तक लगाया जा रहा है। जिसे सुनकर स्कूल संचालक परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों को मेले में भाग लेने का क्रेज होता है, लेकिन इस बार मेले के दौरान या तो बच्चों की परीक्षाएं हो रही होंगी या फिर बच्चों के दाखिले के लिए अभिभावकों को फीस और एडमिशन फीस जमा करवानी होगी। ऐसे में पढ़ाई के बीच बच्चे सूरजकुंड तक कैसे पहुंच सकेंगे। बच्चों के बिना इस बार का मेला फीका न रह जाए।

**कैसा देखेंगे मेला:** सूरजकुंड मेले के शुरू होने की घोषणा से जहां एक तरफ लोग चकित हैं, वहीं स्कूल संचालक परेशान हो गए है। उनका कहना है कि सरकारी आदेशों के अनुसार बच्चों को मेले में हर साल भाग लेना पड़ता है। बच्चे भी मेले में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन जहां एक तरफ कोरोना काल में लगी सभी पाबंदियां समाप्त होने के बाद स्कूल पूरी तरह खुले हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी जरूरी हो गई है, क्योंकि कुछ बच्चे तो ऑनलाइन पढ़ाएं पाठ को पूरी तरह से भूल गए हैं। ऐसे में उन्हें फिर से पूरा स्लेबस करवाया जा रहा है। ताकि मार्च में परीक्षाएं बच्चे सही से दे सकें। वहीं मार्च और अप्रैल में बच्चों के दाखिले का समय हो जाता है। इस दौरान कुछ स्कूलों में तो अप्रैल से नया सत्र शुरू भी करवा दिया जाता है। मार्च में मेला लगाने का समय पूरी तरह से गलत है। इसलिए इस बार मेले में बच्चों की संख्या न के बराबर रहेगी।



**मंहगाई की मार:** बढ़ती मंहगाई भी मेले में दर्शकों की संख्या कम रह सकती है। शहर के कुछ वरिष्ठ लोगों से इस विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेले में कैसे पहुंच सकेंगे। यहां तो घर का खर्च चलाना ही भारी पड़ रहा है। मेले का टिकट ही मंहगा होता है। इसके साथ ही वहां मिलने वाली वस्तुओं के दाम तो आसमान छुते हैं। जोकि मध्यम परिवारों की पहुंच से काफी दूर है। मध्यम वर्ग के लोगों का कहना है कि मेला अब मात्र देख ही सकते हैं। वहां से खरीददारी नहीं कर सकते। क्योंकि कोरोना काल ने सब इच्छाओं को मंहगाई की मार से दबा दिया है।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों की मदद से मुख्यधारा में लाना होगा: दत्तात्रेय

## दिव्यांग कल्याण शिविर में 1200 दिव्यांगों को भेंट किए कृत्रिम अंग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत में 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। उन तक कृत्रिम अंगों जैसे सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में मेरा आह्वान है कि शहरों की सामाजिक संस्थाओं को ऐसे अछूते इलाकों को अपना कार्यक्षेत्र बनाकर जरूरतमंदों की मदद करनी होगी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर सात स्थित माहेश्वरी भवन में जिला के 1200 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भेंट करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कृत्रिम अंग वितरण समारोह का आयोजन माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद, जिला रेडक्रास सोसायटी, जिला समाज कल्याण विभाग और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान लगभग 1200 से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ (कोहनी से नीचे) पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हील चेयर, हाथ से चलाने वाली ट्राई साईकिल और कान से सुनने वाली मशीन भेंट की गई।



सेक्टर-7 स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित कृत्रिम अंग वितरण समारोह में दिव्यांग को ट्राई साईकिल भेंट कर मिठाई देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

अपने संबोधन में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस दिव्यांग कल्याण शिविर में आकर मुझे बेहद प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। सभी समाज सेवियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। ओटिज्म, सेरेब्रल पालसी, मंदबुद्धि और अनेक अशक्तताओं से जूझ रहे लोगों के कल्याण के लिए नेशनल ट्रस्ट की स्थापना की गई है। दिव्यांगों को कारोबार से जोड़ने के लिए नेशनल हेंडीकैप्ड फाइनैंस एंड डेवलपमेंट कोर्पोरेशन की स्थापना की गई है। इस कोर्पोरेशन द्वारा दिव्यांगों को अपना व्यापार शुरू करने के लिए 5 लाख रूपये तक का बिजनेस लोन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के लिए दिव्यांगजनों की श्रेणी 7 से बढ़ाकर 21 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पहली बार दिव्यांगजनों के लिए पूर्व मैट्रिक व मैट्रिक के बाद विदेशी छात्रवृत्ति शुरू की गई है। दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में उच्च शिक्षा में 4 से 5 प्रतिशत तक के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने फरीदाबाद वासियो की तरफ से महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत किया। इस अवसर पर महेश गट्टानी अध्यक्ष, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, नारायण प्रसाद झवंर अध्यक्ष माहेश्वरी मंडल, शिविर के सयोंजक रमेश झंवर, अशोक सोमानी ने भी लोगों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, तिगांव से विधायक राजेश नागर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, रेडक्रास सोसायटी हरियाणा की वाईस चैयरपर्सन सुषमा गुप्ता, उपायुक्त जितेन्द्र यादव, एसीपी नितेश अग्रवाल, एसडीएम त्रिलोक चंद, रेडक्रास के सचिव विकास कुमार, समाज कल्याण अधिकारी सुशीला देवी, जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा विनय गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भीषण दुर्घटना में बेलगाम कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत



एनआईटी-2 के ब्लाक स्थित डेरी में घुसी कार।



गिरफ्तार कार चालक हरमीत।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अनाज** गोदाम रोड पर एनएच दो के निकट रविवार सुबह हुई एक भीषण दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। कार सवार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क से कुछ दूर खड़े दो लोगों को टक्कर मार दी। इनमें से एक व्यक्ति कार के बोनट में जा फंसा। बाद में कार चालक ने कुछ दूरी पर स्थित एक भूसे के शैड में टक्कर मार दी। जिससे बोनट पर फंसे व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक जवाहर कालोनी निवासी हरमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना 20 फरवरी प्याली चौक- मस्जिद रोड पर अनाज गोदाम के सामने की है। मृतक 38 वर्षीय संदीप निवासी महम, जिला रोहतक का रहने वाला था। जो ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा लेकर अपने भाई के साथ फरीदाबाद आया था। जिसकी ट्रैक्टर ट्रॉली साइड में खड़ी कर ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ ही खड़ा था। अचानक से तेज रफ्तार में इको गाड़ी चालक हरमीत सिंह ने इको गाड़ी से टक्कर मार दी। मृतक संदीप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। एक्सीडेंट में गुलशन नाम के व्यक्ति को भी चोट आई है। आरोपी को जवाहर कॉलोनी से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली में एक्सीडेंट में मृत्यु की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गई है।

## पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया

# दिव्यांग सहायता शिविर में स्कूलों ने लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महेश्वरी** सेवा ट्रस्ट पंजीकृत फरीदाबाद, जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं समाज कल्याण विभाग फरीदाबाद द्वारा आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर लगाया गया। जिसमें हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी के नेतृत्व में जिला फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया।

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद से अध्यापिका सोनिया व स्काउट्स एवं गाइड फरीदाबाद की इंचार्ज सरोज के साथ सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की छात्राओं ने कमांडर विशाल के साथ महामहिम राज्यपाल की अगुवाई की तथा जीएमएसएसएस सराय ख्वाजा विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा दिशा द्वारा बनाई गई रंगोली की महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रशंसा की गई। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों, जिसमें राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8 फरीदाबाद, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ के छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान पर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर अशोका पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा अपने बैंड से बहुत ही आकर्षक प्रस्तुति दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी महोदया ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी विद्यालयों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और जिले में जरूरत पड़ने पर उनके द्वारा हमेशा किए गए सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया।

# निगम करेगा अब दुकानदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**निगमायुक्त** के नेतृत्व में निगम द्वारा रविवार को छुट्टी वाले दिन 20 फरवरी रविवार को भी मेगा स्वच्छता अभियान तेज गति से चलाया गया। बाजारों में मेगा सफाई अभियान के दौरान निगम द्वारा एनाउंसमेंट भी करवाई गई कि दुकानदार अपनी दुकान का सामान अंदर रखें। अगर किसी भी दुकानदार का सामान दुकान के बाहर लगा पाया गया तो निगम द्वारा उक्त दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी और उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा।

आज इस सफाई अभियान में सभी 40 वार्डों में नाले/नालियों, पार्को, खुले खतों की सफाई की गई। सफाई विभाग द्वारा 20 जीबीपी स्थानों से



कूडा उठाती नगर निगम की मशीन।

लगभग 335 टंन कूडा उठाया और विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ 10 लोगों के चालान किये गये। इसके अतिरिक्त लगभग 120 मी सड़कों की सफाई की और इस सफाई अभियान में 29 सफाई कर्मचारी लगाए गए। महासफाई अभियान को सफल बनाने के लिये शहर में 38 जेसीबी, 79 ट्रैक्टर ट्रॉलियां, 3 डम्पर, तथा पर्याप्त मात्रा में रिक्शे व वाटर टैंकर प्रयोग में लाये गये। इनके द्वारा हर वार्ड के आखिरी कोने तक सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया गया तथा कूड़े-कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाकर बंधवाड़ी प्लांट भेजा गया। इसके साथ-साथ 90 किमी नाले/नालियां व 4.506 किमी बरम की सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त सड़को के किनारों से 7 अतिक्रमणों को भी हटाया गया। रविवार छुट्टी वाले दिन भी इस मेगा सफाई अभियान में सड़कों और गली मोहल्लों में सफाई करवाने, नालों और सीवर की सफाई, कूड़े के खत्तों को खत्म करने, वार्डों में पड़ने वाले बाजार, पार्क और हरित पट्टियों से सफाई करवाई गई। कई स्थानों से अतिक्रमण और अवैध कब्जे भी हटाए गए। कई स्थानों पर सड़ते कूड़े को हटवाया गया। इस दौरान सभी वार्डों में इकोग्रीन की गाडियों ने घर-घर से और खत्तों से कूड़ा साथ-साथ उठाया।

# विवाह के लिए 260 जोड़ों का पंजीकरण



**फरीदाबाद।** वैश्य समाज सेक्टर 28, 29, 30, 31 व पंजाब अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवें मंगल मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से अग्रवाल समाज के 260 से भी अधिक विवाह योग्य युवक, युवतियों के अभिभावकों द्वारा बायो डाटा पंजीकृत करा कर योग्य रिश्ते तलाशने की प्रक्रिया में भाग लिया। रघुनाथ मंदिर सेक्टर 28 में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नरेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय मे ऐसे कार्यक्रम समाज के लिए बहुत आवश्यक हैं। दोनों वैश्य अग्रवाल संस्थाएँ इस संयुक्त आयोजन के लिए बधाई की पात्र हैं।

# पुस्तकालय का लोकार्पण कर जनता को किया समर्पित

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लबगढ़

**कल्पना** चावला सिटी पार्क में हरियाणा के परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने आम जनता के लिए पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री ने शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरों की जमीन पर कब्जा करना, पार्क और जोहड़ पर कब्जा करने वालों को भगवान कभी माफ नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में सरकारी जमीनों को कब्जाने वालों पर कार्यवाही होगी। वे अपने कार्यकाल में किसी भी हालत में एक इंच जमीन पर भी कब्जा नही होने देंगे। परिवहन मन्त्री ने खुले मंच से कब्जाधारियों से कहा कि वे या तो सरकारी जमीनों को वापस सरकार को दान कर दें नही तो सरकार अपने हिसाब से अपनी जमीनों को लेना जानती है। उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि पूर्व की विधायक रही बहन शारदा राठौर ने अपने 10 साल में इस पार्क को बचाने के कुछ नही किया। उन्होंने कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा यह पार्क यही रहेगा। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने पार्क में पुस्तकालय के बराबर कमरे में ही पुलिस बीट बनाई जाएगी। यहां पुलिस कर्मियों की तैनाती की घोषणा की, उन्होंने कहा कि शहरवासियों की पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि पार्क में आने वाले चोर और झपटमारों का इलाज किया जा सके। पार्क में पहुंचने पर शहरवासियों ने परिवहन मंत्री एवं बल्लभगढ़ से विधायक मूलचन्द शर्मा का जोरदार स्वागत शंख ध्वनि के साथ किया और अपना आशिर्वाद दिया शहरवासियों ने पार्क को कब्जाधारियों से बचाने के लिए परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा और हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने बताया कि इस पुस्तकालय पर लगभग 22 लाख की लागत आई है। यह पुस्तकालय पार्क की समिति की देखरेख में रहेगा। यहां पार्क में आने वाले लोग इस पुस्तकालय में सामाजिक धार्मिक पुस्तकें पढ़ कर अपना समय बिता पाएंगे।



कल्पना चावला पार्क में पुस्तकालय का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

# 16वीं मंजिल से गिरकर बच्चे की मौत

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद की आरपीएस सवाना सोसाइटी में रविवार दोपहर को 16वीं मंजिल से गिरकर आठ वर्षीय आयुष नामक बच्चे की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोसायटी के पी-12 टावर में रहने वाले संदीप सिंह और उनकी पत्नी स्वीटी फ्लैट में कमरे में काम में व्यस्त थे। खेल-खेल में ही उनका इकलौता बेटा आयुष पीछे की तरफ बालकानी में चला गया। बालकानी की ग्रिल की ऊंचाई चार फुट के करीब है। अचानक बच्चा नीचे जमीन पर गिर गया। इस दौरान हुई जोरदार आवाज से नीचे सुरक्षा कर्मियों बाबूलाल और रोहित की नजर उस ओर गई। दोनों ने लहूलुहान अवस्था में पड़े बच्चे को तुरंत नजदीक ही एशियन अस्पताल के स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए, पर वहां डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना का तब तक बच्चे के माता-पिता को पता नहीं चला था। दोनों सुरक्षा कर्मियों ने इसके बाद बच्चे के बारे में पूछताछ की तब पता कि कि उसके माता पिता कौन हैं। इसके बाद संदीप सिंह को सूचित किया गया। फिर पुलिस को सूचित किया गया।

# अजरौंदा गांव में हुआ नई वार्ड बंदी का विरोध



गांव अजरौदा में आयोजित बैठक में नई वार्ड बन्दी का विरोध करते ग्रामीण।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम द्वारा नई वार्डबंदी के विरोध में गांव अजरौंदा के निवासी गांव के प्राचीन शिव मंदिर पर एकजुट हुए और निगम द्वारा की गयी नई वार्डबंदी का विरोध किया। इस बारे में गांव वासियों का आरोप है की नई वार्डबंदी ने अजरौंदा गांव को दो टुकड़ों में बांट दिया है।

गांव वासियों द्वारा बुलाई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सांसद कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता, उपायुक्त एवं निगम आयुक्त को ज्ञापन देकर अजरोंदा गांव की गलत तरीके से हुई वार्डबंदी के बारे अवगत कराया जायेगा। समाजसेवी लाल सिंह प्रधान ने कहा कि नगर निगम ने इस बार गलत तरीके से वार्डबंदी की है हम इसका विरोध करते हैं। समाजसेवी विनोद सैनी के अनुसार यह वार्डबंदी अजीब तरीके से की गई है इस तरह की वार्डबंदी अगर हो गयी तो यह गांव के लिए सिर्फ मुसीबत ही बनेगी। समाजसेवी दिवाकर सिंह के अनुसार गांव की मैन मार्किट अब दो वार्डों में बंट जायेगी और भविष्य में इसके परिणाम दुखदायी साबित होंगे।

अजरौंदा गांव की मंडी के प्रधान जोगिंद्र का इस बारे में कहना है कि गांव में सफाई समस्या को लेकर हमेशा दिक्कत ही रहेगी। सफाई कर्मचारी भी दूसरे वार्ड का हवाला देकर काम करने से बचेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## भड़ाना ने किया आप पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने रविवार को वार्ड नंबर 14 में आम आदमी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी निगम चुनाव को देखते हुए वार्ड स्तर पर कार्य कर रही है। अलग अलग वार्डों से पार्टी कार्यकर्ता तैयारियों में जुट चुके हैं और कार्यालयों का उद्घाटन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर-14 से पार्षद पद के भावी प्रत्याशी संजय कुमार जुनेजा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। यहीं से नगर निगम चुनावों से संबंधित गतिविधियां की जायेंगी। उन्होंने कहा कि संजय कुमार जुनेजा समाज से जुड़े व्यक्ति हैं और हमेशा जनहित के कार्य करते रहते हैं। नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी स्वच्छ छवि के मेहनतकश कार्यकर्ताओं को टिकट देगी और अधिक से अधिक संख्या में उम्मीदवारों को जिताकर लाएगी। इस अवसर पर उनके साथ जिला संगठन मंत्री विनोद भाटी, जिला सचिव भीम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवर दयाल, भावी मेयर उम्मीदवार ओपी वर्मा, परमजीत कौर, हितेश पालटा, डीएस चावला, मुल्क राज भड़ाना, हनी सिंह, राकेश कुमार अध्यक्ष विधानसभा एनआईटी, सरदार जसवीर सिंह, हरप्रीत सिंह खालसा, गुरमीत सिंह ढींगरा, टीटू बांदा देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, विंकल, रानू, केवल किशन शर्मा दीनानाथ भाटिया, विकास मेहरा राजू गुलाटी, अरिजीत सिंह, दीनानाथ भाटिया, दीपक वोहरा, गुलशन राजपाल, गुलशन गोगिया, तीज गोगिया, अमरीक सिंह, विजय भाटिया, संजय भाटी, सूरज, रानू कोचर, राजन छाबड़ा, जेपी सिंह पंकज पसरिचा आदि मौजूद रहे।

## 40.152 किलोग्राम गांजा सहित चार गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने चार आरोपियों को गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नीरज उर्फ शेरा फरीदाबाद के गांव सारण नंगला इंकलेव, महैन्द्र ओल्ड फरीदाबाद के भाटवाडा, कृष्ण पलवल के गांव लोहिना और सतार फरीदाबाद के बडकल के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम को गुप्त सूत्रों से गांजा पत्ती ट्रेन से लाने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने थाना ओल्ड के क्षेत्र से चार आरोपियों को सूटकेस और कपड़े रखने वाले बैग में गांजा पत्ती लाते हुए काबू किया है। आरोपियों के खिलाफ अवैध नशा तस्करी की धाराओं में थाना ओल्ड में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों से 40 किलो 152 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि चारों आरोपी कम समय मे ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर मे गांजा तस्करी का काम कर रहे थे। आरोपी उडीसा से ट्रैन के माध्यम से गांजा पत्ती लाए थे। आरोपियों ने बताया कि वे गांजा पत्ती को फरीदाबाद मे अलग-अलग जगह पर सप्लाई करते परंतु क्राइम ब्रांच टीम ने उनको रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपियों को आज अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सौंदर्यीकरण के नाम पर पेड़ पौधों से खिलवाड़

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए के मुख्य आकर्षण का केंद्र सेंट्रल पार्क के अगल-बगल में जिस बेहूदा तरीके से पेड़ पौधों की कटाई छटाई की गई है, इससे पर्यावरण का नुकसान साफ दृष्टिगोचर हो रहा है। सेक्टर 21-ए निवासी युगल किशोर शर्मा, गुलशन गुलाठी ने आक्रोश व्यक्त किया कि नगर निगम एवं डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने आपस में बिना सही तरीके से तालमेल बिठाए पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाया है। गैर जिम्मेदाराना तरीके से अकुशल श्रमिकों ने सेंट्रल पार्क के सौंदर्यीकरण की शोभा खराब करके पर्यावरण की खूबसूरती को ग्रहण लगा दिया है। पार्क के गेट के पास गार्डन वेस्ट इकट्ठा हो जाने से पार्क में भ्रमण पर आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। काफी समय से सेन्ट्रल पार्क के आस-पास एकत्रित कूड़ा करकट में आवारा पशु मुंहमार कर गन्दगी फैला रहे हैं। लिहाजा पार्क में आवागमन वाले लोगों को असुविधा हो रही है। सेक्टर 21-ए की डब्ल्यूसीआरए के उपप्रधान जीतराम वशिष्ट ने बताया कि हाल में ही बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक फंड से सेंट्रल पार्क के आसपास इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई गई हैं। कुछ पेड़ों की टहनियां जो बिजली के तारों के आसपास आ रहीं थी। उनको कटवाया गया है। जल्दी ही स्वच्छता अभियान चलवा कर गार्डन वेस्ट उठवाया जाएगा। सेक्टरवासियों की मांग है कि डब्ल्यूसीआरए के पदाधिकारी नगर निगम एवं डीएचबीवीएन के साथ तालमेल बिठा कर पेड़ पौधों को उजाड़ने से बचाने में सकारात्मक योगदान दें।

## लीग के फाइनल में यूनाइटेड क्लब ने प्रवेश किया

**फरीदाबाद।** 21वें रविंदर फागना शनिवार क्रिकेट लीग का मैच यूनाइटेड क्रिकेट क्लब और केसरी मर्वेलस के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था। यह मैच यूनाइटेड क्रिकेट क्लब ने केसरी मर्वेलस को 6 विकेट से हराया। यूनाइटेड क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। केसरी मर्वेलस की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए सचिन ने 46 रन, रोहन भाटी ने 45 रन, आकाश ने 39 रन, राहुल ने 24 रन बनाए। यूनाइटेड क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए सन्नी भड़ाना ने 2 विकेट, लुकमान और महेश व नीरज ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए यूनाइटेड क्रिकेट ने 18.3 ओवर में 4 विकेट में 189 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सन्नी भड़ाना ने 90 रन, मन्नू भड़ाना ने 34 रन, महेश ने 33 रन बनाए। केसरी मर्वेलस टीम की और से गेंदबाजी करते हुए रोहन भाटी और हितेश व गौरव और राहुल ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सन्नी भड़ाना को दिया गया।

## कार्यकारिणी की पहली हुई पहली बैठक

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (जिला फरीदाबाद) की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक लाइब्रेरी एकता पार्क सेक्टर-8 फरीदाबाद में संपन्न हुई। गायत्री मंत्रों के उच्चारण के उपरांत बैठक की शुरुआत हुई। संस्था के अध्यक्ष राधे श्याम बंसल ने सभी सदस्यों का आपस में परिचय कराया। इसके बाद प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कार्यकारिणी सदस्यों को मार्गदर्शन स्वरूप में अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि अग्रवाल समाज हमेशा से ही सभी सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका में रहता है, लेकिन आज समाज को संगठित होकर कार्य करने की बहुत जरूरत है। जिला इकाई एवं क्षेत्रीय इकाइयां समाज को जोड़ने के लिए समय-समय पर लोगों की रुचि को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, महासचिव मुकेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष किशन चंद अग्रवाल को पुष्प माला पहनाकर बधाई दी गई। बैठक में सुनीत गर्ग, आरपी गुप्ता, श्यामसुंदर मंगला, संजय गुप्ता, महेश गुप्ता, लीलाधर अग्रवाल, राम अवतार गुप्ता, राहुल गर्ग, पवन गोयल, अमित बंसल, मुकेश मंगला, अंशुल मंगला एवं गौरव बंसल ने अपने विचार रखे और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा में भाग लिया।

# उपनिवेशों में अत्याचार

## हार्दिक माफी

**पूर्व** उपनिवेशों में हुए अत्याचारों के लिए कम से कम हार्दिक माफी की जरूरत है, जैसा कि डच प्रधानमंत्री ने किया। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रटे ने गुरुवार को इंडोनेशिया से 1945 से 1949 तक चले इंडोनेशिया के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान डेनमार्क वासियों द्वारा की गई अभूतपूर्व हिंसा के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने एक ऐतिहासिक समीक्षा को स्वीकार किया है जिसके अनुसार डच हिंसा व्यवस्थित, अत्यधिक तथा अनैतिक थी क्योंकि देश ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पूर्व उपनिवेश पर पुन: कब्जे का प्रयास किया था। इस हिंसा में संभवत: लगभग एक लाख इंडोनेशियाई मारे गए थे, जबकि आधिकारिक डच इतिहासकारों ने पहले यह संख्या 1,500 से 5,100 के बीच बताई थी। इसके पहले मार्च 2020 में नीदरलैंड के राजा विलियम अलेक्जेंडर ने भी इंडोनेशिया के पूर्व उपनिवेश के खिलाफ अपने देश की हिंसा के लिए माफी मांगी थी। उन्होंने जकार्ता की अपनी पहली राजकीय यात्रा के दौरान इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को औपचारिक रूप से स्वीकार किया था। 2013 में औपनिवेशिक शासन समाप्त होने के 350 साल बाद पहली डच माफी एक डच राजदूत द्वारा खेद प्रकट करने पर आई थी। यह उपनिवेशों में अत्याचारों के लिए पहली माफी नहीं है और यह अंतिम भी नहीं होगी। औपनिवेशिक काल के बाद भी हिंसा के मामले हुए हैं जिनमें सर्वाधिक भयानक यहूदियों का नरसंहार तथा हिरोशिमा व नागासाकी पर नाभिकीय बम गिराना शामिल है। अफ्रीका में हाल तक हत्यायें और नरसंहार जारी रहे हैं। ईराक युद्ध शुरू करने के दोषियों ने अभी माफी मांगना भी उचित नहीं समझा है। हिंसा औपनिवेशक शक्तियों की नीति है। संस्थागत हिंसा किसी आक्रामक शक्ति के कामकाज में अंतर्निहित होती है। पूर्व साम्राज्यों के लिए दृष्टिकोण बदलने में सालों, यहां तक कि शताब्दियां लगती हैं क्योंकि उनको अपनी विस्तारवादी नीतियों पर गर्व था और अब उनको अपनी पूर्व प्रजा से माफी मांगनी पड़ रही है।



लेकिन आखिरकार ऐसा हुआ है क्योंकि पूर्व औपनिवेशिक शक्तियों की जनता को हिंसा तथा अमानवीय कृत्यों से झटका लगा है। हालांकि, केवल माफी मांगने से ही पश्चाताप पूरा नहीं होता है क्योंकि माफी मांगना केवल कुछ शब्दों का मामला है। पश्चाताप तभी पूरा होता है जब अतीत की शक्तियां अपना दृष्टिकोण बदल कर यह निर्धारित करती हैं कि वे अपनी 'विवादास्पद' विरासत को कैसे देखें। आखिरकार उनको इस दुविधा से मुक्ति पानी है तथा ऐसे में अतीत इतना गौरवपूर्ण नहीं दिखेगा। संप्रभु या सामूहिक राष्ट्रीय माफियां जनता के प्रति जवाबदेही प्रकट करती हैं। वे देश के इतिहास में दर्दनाक समय से मुक्ति दिलाती हैं। ये माफियां भविष्य में मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने में नैतिक संरक्षक का काम करती हैं। लेकिन ऐसे मामलों के लिए क्या कहा जाए जहां कभी माफी नहीं मांगी गई या उनमें माफी मांगने का कोई अर्थ नहीं रहा? दक्षिण अफ्रीका के अंतिम रंगभेदी राष्ट्रपति एफडब्लू. डी क्लार्क ने 1992 में अलगाववादी नीतियों के लिए माफी मांगी। लेकिन उन्होंने रंगभेद-काल में अत्याचार व हत्याओं जैसे उत्पीड़नों के लिए जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। इस प्रकार की आधी-अधूरी माफी को उसी क्षण भुला दिया गया जिस क्षण इसे स्वीकार किया गया। केवल अमेरिकी प्रतिनिधि सदन ने अफ्रीका में गुलामी के लिए अब तक माफी मांगी है। अमेरिकनों ने जापान में नाभिकीय बमबारी के लिए उस समय भी माफी नहीं मांगी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिरोशिमा की यात्रा की। अमृतसर यात्रा पर आए ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने जलियांवाला बाग नरसंहार के लिए माफी मांगी थी। ब्रिटेन ने आयरलैंड में आलू अकाल के लिए माफी मांगी, पर 1943 में बंगाल के अकाल के लिए नहीं जिसमें 3 मिलियन भारतीय भूख के कारण मारे गए क्योंकि युद्धस्थलों के लिए अनाज सप्लाई के कारण खाद्यान्नों की भारी कमी हो गई थी।

# कोविड पश्चात अर्थव्यवस्था में तेज सुधार

अब तक सरकार ने अच्छी तरह समझ लिया है कि कार्पोरेट को आकर्षित करने के सारे प्रयासों के बावजूद उनकी ओर से आवश्यक निवेश नहीं आएगा।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं)



केंद्र सरकार के खजाने की तुलनात्मक रूप से बेहतर स्थिति होने के कारण मध्य वर्ग ने स्वाभाविक रूप से व्यक्तिगत आयकर में कुछ राहत की उम्मीद की थी। इसके साथ ही किसानों ने 'किसान सम्मान निधि' में बढ़ोत्तरी तथा कार्पोरेट क्षेत्र ने भी कर में बिना मांगे राहत की उम्मीद की थी। लेकिन वित्त मंत्री ने इस सारी उम्मीदों को मिट्टी में मिला कर यथास्थिति बनाए रखने तथा लोकरंजक दृष्टिकोण अपनाने से इनकार किया। उन्होंने कार्पोरेट क्षेत्र द्वारा निवेश की मृगतृष्णा में भी फंसने से इनकार कर दिया। अब तक सरकार ने अच्छी तरह समझ लिया है कि कार्पोरेट को आकर्षित करने के सारे प्रयासों के बावजूद उनकी ओर से आवश्यक निवेश नहीं आएगा और देश अब इसके लिए ज्यादा प्रतीक्षा करने की स्थिति में नहीं है। कोविड के दौरान आर्थिक गतिविधियों में कमी को देखते हुए देश व खासकर ढांचागत क्षेत्र में निवेश बढ़ाना जरूरी हो गया है ताकि अर्थव्यवस्था को तेजी से सुधार के रास्ते पर ले जाया जा सके।

यदि हम पिछले दो तीन दशकों के बजटों को देखें तो स्पष्ट होगा कि सरकार पूंजीगत निवेश से काफी दूर थी। ऐसा लगता है कि शायद पूंजीगत निवेश की सारी जिम्मेदारी निजी क्षेत्र पर डाल दी गई थी। सोचा गया था कि विदेशी निवेश सारी कमियां दूर कर देगा, चाहे वह निवेश हो, तकनीकी विकास, रोजगार या निर्यात। लेकिन इन सारे प्रयासों के बावजूद पिछले लगभग एक दशक में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के प्रतिशत के तौर पर सार्वजनिक व निजी निवेश में कमी आई है।

लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकार की सोच में बदलाव आया है और उसने ढांचागत क्षेत्र समेत अनेक क्षेत्रों में पूंजी निवेश करना शुरू कर दिया है। उसने अगले पांच साल में ढांचागत क्षेत्र में 100 लाख करोड़ निवेश की योजना बनाई है जिसमें निजी क्षेत्र भी शामिल है। कोरोना से ग्रस्त अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए सार्वजनिक व निजी निवेश की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कोरोना के कारण सरकार की वित्तीय स्थिति में उतार-चढ़ाव आ रहा था, राजस्व में कमी हो रही थी तथा राहत, स्वास्थ्य, टीकाकरण व अर्थव्यवस्था हेतु स्टीमुलस पैकेज के लिए ज्यादा खर्च की प्रतिबद्धता भी थी। ऐसे में निवेश के लिए पैसा एकत्र करना संभव नहीं था। लेकिन जीएसटी प्राप्तियों में समुचित वृद्धि तथा प्रत्यक्ष कर में भी बढ़ोत्तरी के कारण वर्तमान वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत वृद्धि संभव है। राजकोषीय स्पेस का पूरा लाभ उठाते हुए वर्तमान वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च-कैपेक्स बढ़ाया गया है तथा आने वाले साल में 7.50 लाख करोड़ का प्राविधान किया गया है। यह वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक तथा बजट का 19 प्रतिशत है। यह पिछले 30 साल में अधिकतम कैपेक्स है।

इस स्थिति में लोकरंजक नीतियों से बचते हुए जहां वित्त मंत्री ने जहां 'पीएम गति शक्ति' परियोजना के लिए समुचित आबंटन किया है, वहीं उनका लक्ष्य विभिन्न प्रकार की ढांचागत संरचनाओं का समन्वित विकास है। इसका उद्देश्य देश की ढांचागत अवसंरचना क्षमता बढ़ाना है ताकि बिजनेसों का लाजिस्टिक खर्च कम किया जा सके। विभिन्न प्रकार की ढांचागत संरचनाओं के लिए विविध प्राविधान किए गए हैं जिनमें डिजिटल ढांचा, शिक्षा का ढांचा तथा गरीबों के लिए पेयजल व आवास शामिल हैं। हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि यह बजट लोकरंजक न होकर भविष्योन्मुखी है और यह अगले 25 साल के विकास को केन्द्र में रखता है।

हरित क्रान्ति के बाद से देश में रासायनिक खेती को प्रोत्साहन दिया गया जिसके कारण देश में कृषि उत्पादन बढ़ा, लेकिन इसके साथ ही खेती की लागत भी बढ़ी तथा कीटनाशकों समेत अनेक अवांछित रसायन हमारे खाने में शामिल हो गए। कुछ समय से सरकार का जोर रसायन-मुक्त खेती पर है। इस बजट में प्राकृतिक खेती, ज़ीरो बजट खेती तथा आर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए फंड की व्यवस्था की गई है। इससे रसायन-मुक्त खेती का लक्ष्य आगे बढ़ेगा। हम खाद्यान्नों का अतिरिक्त उत्पादन कर रहे हैं, जबकि तिलहनों की कमी है।

इसके कारण आयातित खाद्य तेलों पर देश की निर्भरता बहुत अधिक हो गई है। इस बजट में तिलहनों का उत्पादन बढ़ा कर यह विकृति दूर करने का प्रयास किया गया है। हालांकि, किसानों का आंदोलन समाप्त हो गया है, पर किसानों की स्थिति में सुधार के लिए उनके उत्पाद के लिए लाभदायक मूल्य प्रदान करना सुनिश्चित होना चाहिए। बजट में इसके लिए प्राविधान किए गए हैं। वैश्वीकरण के युग में संरक्षण एक गंदा शब्द हो गया है। वैश्वीकरण के प्रति लगाव के कारण टैरिफ लगातार घटाए गए हैं जिसके कारण आयातों, खासकर चीन से होने वाले आयातों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश का विनिर्माण क्षेत्र लगभग नष्ट हो गया है। हमारा एपीआई उद्योग चीन द्वारा की जाने वाली पैंतरेबाजी का शिकार बना है, एलेक्ट्रानिक उद्योग अपनी शैशवावस्था में ही दम तोड़ चुका है तथा रसायन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित है। सभी जानते हैं कि इससे लघु उद्योग क्षेत्र कितना प्रभावित हुआ है। देश लगभग 10 प्रतिशत औसत टैरिफ लगा रहा है जो डब्लूटीए के अधिकतम टैरिफ दरों का मुश्किल से एक चौथाई है। कोरोना के पहले भी फरवरी, 2018 में बजट प्रस्तुत करते हुए मोदी सरकार के पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भारत के एलेक्ट्रानिक व टेलीकाम उद्योग के संरक्षण के लिए टैरिफ को 10 प्रतिशत से बढ़ा कर 20 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इसके बाद संरक्षण की यह व्यावहारिक नीति जारी रही। कोरोना काल में सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य सामने रखा और इसके लिए पहले घोषित 'मेक इन इंडिया' में परिवर्तन किया गया।

आयातों के कारण सर्वाधिक प्रभावित 14 क्षेत्रों की पहचान कर उनके लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव-पीएलआई योजना-पीएलआई को शुरू किया गया है। पिछले महीने 10 बिलियन डालर सहायता की घोषणा देश में सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए की गई। ये सारे काम देश में उद्योग के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए किए गए।


वर्तमान बजट में भी यह नीति जारी रखी गई है। सरकार ने टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की है। 19,500 करोड़ रुपये का विशेष आबंटन बजट में देश में सौर ऊर्जा उपकरण बनाने के लिए किया गया है। हालांकि, घरेलू उद्योग के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए पूंजीगत खर्च से रोजगार बढ़ने की संभावना है, पर लघु उद्योग क्षेत्र को प्रोत्साहन के सीमित प्रयासों को देखते हुए बजट के प्रति चिन्ता का कारण है। देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देना केन्द्र तथा राज्य सरकारों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

इसके लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम-ईडीपी सहायक हो सकते हैं। इसके साथ ही सरकार युवाओं को अपने उद्यम चलाना प्रोत्साहित करने के लिए ज्यादा फंडों तथा सीड कैपिटल की व्यवस्था कर सकती है। देश के प्रत्येक जिले में उद्यमिता विकास केन्द्रों-ईडीसी की स्थापना भी की जा सकती है। इस संबंध में एमएसएमई क्षेत्र को ऐसे कर्जों के लिए गारंटी योजना का विस्तार एक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि, बजट ने वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों पर 30 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाया है तथा वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों के उपहार पर भी प्राप्तकर्ता को टैक्स देना होगा। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे को देखते हुए मनी लांड्रिंग व अन्य संबंधित खतरे क्रिप्टोकरेंसी से विभीषिका के रूप में सामने आ सकते हैं। इसके लिए क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध ही एकमात्र समाधान है। लेकिन इस मुद्दे पर केन्द्रीय बैंक डिजिटल करेंसी-सीबीडीसी जारी करने की घोषणा स्वागत योग्य है।

# यूक्रेन पर कभी नहीं होगा रूसी हमला

“केवल अमेरिकियों को लगता है कि रूस संभवत: यूक्रेन पर हमला करेगा, परंतु ऐसा होने वाला नहीं है।”

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



18 जनवरी से अब तक, अमेरिकी कहते रहे हैं कि "हर संकेत है कि (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) सैन्य बल का उपयोग करने जा रहे हैं, शायद अब और फरवरी के मध्य के बीच।"

यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें से कोई भी अधिकारी वास्तव में इन भयानक भविष्यवाणियों पर विश्वास करता है, क्योंकि अन्य संभावित कारण हैं कि वे उन्हें क्यों बोल सकते हैं : यूरोपीय नाटो सहयोगियों को लाइन में लगाने के लिए, या केवल एक दृढ़ नेता के रूप में जो बिडेन की प्रतिष्ठा को बहाल करने के लिए खड़े होने के लिए। स्वतंत्रता पिछले अगस्त में अफगान पराजय में उनके कम से कम शानदार प्रदर्शन के बाद। लेकिन भले ही अमेरिकी वास्तव में विश्वास करते हैं कि वे क्या कह रहे हैं, आसन्न रूसी आक्रमण के संभावित शिकार, यूक्रेन के अपने नेता स्पष्ट रूप से नहीं करते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की ने 27 जनवरी को नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की एक चेतावनी का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान रूसी सेना की गतिविधियों से "पूरी तरह से रूसी आक्रमण" हो सकता है, ने कहा : "मैं अब स्थिति को पहले से अधिक तनावपूर्ण नहीं मानता।" "विदेश में ऐसी भावना है कि यहां युद्ध है। ऐसा नहीं है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वृद्धि संभव नहीं है ... (लेकिन) हमें घबराने की जरूरत नहीं है।" और यूक्रेन के विदेश मंत्री, दिमित्रो कुलेबा ने 2 फरवरी को कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास रूसी सैनिक "बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के लिए अपर्याप्त हैं।"

लेकिन उन सभी महंगी अमेरिकी (और ब्रिटिश) खुफिया एजेंसियों को चीजें इतनी गलत कैसे मिल सकती हैं? ठीक है, उन्होंने 2003 में इराक के कथित सामूहिक विनाश के हथियार को गलत पाया, है ना? वास्तव में उन्होंने इराक पर आक्रमण करने की अपने आकाओं की इच्छा को सही ठहराने के लिए सबूत तैयार किए। वे अपने वर्तमान स्वामी की जरूरतों को पूरा करने के लिए रसोई में वापस जाने से ऊपर नहीं हैं। या शायद वे बहुत उज्ज्वल नहीं हैं। पिछले हफ्ते की एक कथित रूसी साजिश की कहानी जिसमें एक यूक्रेनी हमले का बहुत ग्राफिक नकली वीडियो शूट किया गया था जिसमें लाशें, विस्फोट से नुकसान, तुर्की निर्मित ड्रोन सहित यूक्रेनी सैन्य हार्डवेयर, और रूसी भाषी शोक करने वाले अभिनेता, सभी को औचित्य देने के लिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, अवमानना के अधीन था। इस सब बकवास के पीछे, हालांकि, काम पर वास्तविक रणनीतियाँ हैं। पुतिन का लक्ष्य जितना संभव हो सके रूस की सीमाओं के पास नाटो की सैन्य उपस्थिति को बेअसर करना है, और कम से कम यूक्रेन को बेअसर करना है। बिडेन का लक्ष्य व्यापक रूसी लक्ष्य को हर कीमत पर विफल करना है, और बिना युद्ध लड़े यूक्रेन की यथासंभव रक्षा करना है। यह दोनों पुरुषों को युद्ध के खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का एक मजबूत मकसद देता है, लेकिन एक से लड़ने के लिए बिल्कुल भी नहीं। यूक्रेन के लिए नहीं लड़ने के लिए नाटो की नीति पहले से ही बताई गई है, हालांकि यह रूस पर हमला करने पर प्रतिबंधों की धमकी देता है। और जबकि मास्को यूक्रेन पर आक्रमण करने के अपने अनकहे खतरे से लाभ उठाता है, वास्तव में ऐसा करने से रूस आर्थिक रूप से अपंग हो जाएगा और यहां तक कि पुतिन के शासन को भी समाप्त कर सकता है, क्योंकि यूक्रेनियन लड़ेंगे और कब्जा एक बुरा सपना होगा। यह सब जानते हुए, यूक्रेनियन %संकट% के बारे में अपेक्षाकृत निश्चिंत हैं।



पुतिन कभी भी इस तरह की स्थिति में अपना हाथ नहीं बढ़ाते हैं (जॉर्जिया 2006, क्रीमिया और डोनबास 2014, सीरिया 2015 पर विचार करें), इसलिए वह अंतत: पूर्वी यूरोप में नाटो के प्रस्तावों पर रियायतों के संदर्भ में जो कुछ भी प्राप्त कर सकते हैं (यदि कुछ भी हो) ले लेंगे और बंद कर देंगे संकट नीचे।

और नाटो तभी हारता है जब वह अपनी हिम्मत खोता है। यह पूर्वी यूरोपीय देशों के लिए नाजायज नहीं है, जिन्होंने सोवियत सैन्य कब्जे के तहत आधी सदी बिताई, एक बार स्वतंत्र होने के बाद प्रतिद्वंद्वी गठबंधन में शामिल होने के लिए आश्वस्त होने के लिए, खासकर जब से यह उनके पूर्व अधिपति के लिए कोई महत्वपूर्ण सैन्य खतरा पैदा नहीं करता है।

छोटे जॉर्ज बुश ने 2008 में यूक्रेन को नाटो में शामिल होने के लिए आमंत्रित करके एक बड़ी गलती की, लेकिन अन्य सदस्य वास्तव में इसे कभी भी अंदर नहीं जाने दे रहे थे : बहुत दूर पूर्व, मास्को के बहुत करीब। इस संकट की प्रतीक्षा करें, और यह अंतत: दूर हो जाएगा।

## आप की बात

### त्वरित न्याय आवश्यक

**अदालत** ने जब अहमदाबाद में 2008 के बम धमाकों के दोषियों को सजा सुनाई, कुल 78 लोगों को आरोपी बनाया गया और अब जब 13 साल की अदालती कार्यवाही के बाद फैसला आया है, तो इनमें से 38 लोगों को मृत्युदंड दिया गया और 11 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह भी बताया जा रहा है कि भारत के पूरे इतिहास में एक साथ इतने लोगों को मृत्युदंड की सजा कभी नहीं सुनाई गई। 13 साल के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई उसके बाद ऊपरी कोर्ट में मामला फिर कई वर्षों तक चलता रहेगा और आरोपियों को मिले मृत्युदंड और अन्य प्रकार की सजाओं के अवधी ही पूरी हो जाएगी !इस मामले के लिए विशेष अदालत तीव्र गति से न्याय के लिए गठित की गई! उसके बावजूद 13 वर्ष का समय लगना हमारी न्याय व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है? और जब विशेष अदालत की यह हालत है तो सामान्य अदालतों के क्या हाल होंगे हम सहज ही अनुमान लगा सकते हैं। इसके चलते ही गुंडे बदमाश और दादा लोगों की बिना सुनवाई वाली सजा की अदालतें खूब धन बटोर रही है! और कई अवैध काम कर रही हैं! लोग अदालत के बजाय इनकी शरण में जाने लगे है जो कि न्याय व्यवस्था के लिए एक शर्मनाक बात है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### प्रगति का द्योतक

**19** फरवरी को देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में प्रधानमंत्री मोदी ने एशिया के सबसे बड़े सी एन जी गोबर धन प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस प्लांट से से बनने वाली सी एन जी से दो हजार टन जैविक खाद का उत्पादन रोज और चार हजार बसे चलेगी। जिससे सैकड़ों युवाओ को रोजगार और खेतों की सेहत सुधारने के लिये जैविक खाद लोगो को मिलेगी। इस प्लांट के लिये हजारों सफाई कर्मी कूड़ा करकट को इकट्ठा करने में लगे है। शहरों में कचरा जलाने से वायु प्रदूषण को रोकने में सहायता के साथ घरों से निकलने वाले गीला कचड़ा,फसल अवशेष और गोबर से प्रदूषण रहित ग्रीन एनर्जी मिलेगी। साथ ही स्वच्छता अभियान को भी बल मिलेगा। इस प्लांट के लिये गोबर ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदा जाएगा। जिससे आवारा पशुओं से मुक्ति मिलेगी। लोग आने जानवरो को अन्ना नही छोड़ेंगे। इस तरह के देश मे 75प्लांट लगाने के लिये कार्य हो रहा है। गांवों में गोबर धन गैस प्लांट लगाने को बढ़ावा दिया जा रहा है।कचरे से कंचन के सूत्र को अपनाते हुये कचरे और गोबर से ग्रीन ऊर्जा की परिकल्पना साकार हो रही है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### जनसंख्या नियंत्रण

**कुछ** समय पूर्व संसद सदस्य द्वारा जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु जनसंख्या नियंत्रण विधेयक – 2019 उच्च सदन में प्रस्तुत किया। निजी विधेयक होने के कारण यह संसद में पारित तो नहीं हो सका किंतु प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात् इस मुद्दे पर दोबारा चर्चा की जाने लगी है इस समय भारत की जनसंख्या लगभग 138 करोड़ है और यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है कि भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। और इससे बहुत से सामाजिक समस्यायों का जन्म भी हो रहा है। किंतु बेहतर जीवन के लिए भारत को अंतरास्ट्रीय स्तर के सूचकांक में उच्च शिखर पर आना होगा और यह परिवार नियोजन नीति से ही संभव है। समाधान हम भारत के लोगों में ही निहित है कि 'हम दो और हमारे दो' जैसी वाक्य को उपेक्षित कर 'हम दो हमारा एक' (बेटी या बेटा) को खुद आत्मसात् करना होगा क्योंकि शासन से परिवार नियोजन की आशा करना व्यर्थ है और सभी हम दो हमारे एक का सिद्धांत मानने वाले भी नहीं। इसलिए यदि कुछ प्रबुद्ध वर्ग ये सिद्धांत मानेगा तो बैलेंस बना रहेगा।

– **मयंक सिंह,** लखनऊ विविद्यालय

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



“**पंजाब** में राजग गठबंधन सरकार बनाएगा और वहां पर विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यूरोप** एक खाई के किनारे पर खड़ा है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के पीछे हटने के लिए अभी भी समय है।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**कांग्रेस** ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मों, जातियों और विश्वासों के लोगों को साथ लेकर चल सकती है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता”






# हमारे पास 80 प्रतिशत मतदाताओं के बीच मजबूत जनाधार: योगी

● मुख्यमंत्री ने कहा गोरखपुर नगर सीट से अपने चुनाव को लेकर कोई चिंता नहीं है

**भाषा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया कांड की तुलना जलियांवाला बाग से करने वाले विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रकरण में कानून अपना काम कर रहा है। चुनाव अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर में फुर्सत के लम्हों में पीटीआई–भाषा से बातचीत में योगी ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की और दावा किया कि उन्हें गोरखपुर नगर सीट से अपने चुनाव को लेकर कोई चिंता नहीं है। मौजूदा विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी कौन है, इस सवाल पर योगी ने कहा, हमारे सामने कोई भी चुनौती नहीं है। बाकी दल दूसरे स्थान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारे पास 80 प्रतिशत मतदाताओं के बीच मजबूत जनाधार है। बाकी दल बचे हुए 20 प्रतिशत के लिए एक दूसरे से मुकाबला कर रहे हैं। गौरतलब है कि योगी की 80 बनाम 20 वाली टिप्पणी को राजनीतिक हलकों में हिंदुओं और मुसलमानों की आबादी से जोड़कर देखा गया था। इस सवाल पर कि उन्हें मुसलमानों का विरोधी माना जाता है, योगी ने कहा कि यह विपक्ष की वोट बैंक की राजनीति की तरकीब मात्र है। उन्होंने कहा कि दोबारा सत्ता में आने पर अपराधियों और माफिया तत्वों के खिलाफ उनकी कार्रवाई जारी रहेगी और प्रदेश में एक ओर विकास होगा जबकि दूसरी तरफ असामाजिक तत्वों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलेगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चेहरे के तौर पर पेश किए जा रहे योगी ने समाजवादी पार्टी के नई सपा होने के दावे का मखौल उड़ाते हुए कहा कि अपराधी और माफिया तत्वों को टिकट देकर और आतंकवादियों की मदद करके सपा ने यह साफ कर दिया है कि वह रत्ती भर भी नहीं बदली। सपा अध्यक्ष अखिलेश द्वारा पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी के तिकोनिया इलाके में चार किसानों की कथित तौर पर वाहन से कुचलकर हुई मौत के मामले की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से किए जाने पर योगी ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय इस मामले को देख रहा है और विशेष अनुसंधान दल इस पर पूरी निष्पक्षता से काम कर रहा है। राज्य सरकार का इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं है। योगी ने आरोप लगाया कि विपक्ष इस मामले का राजनीतिक लाभ लेना चाहता है और वह इसका इस्तेमाल राजनीतिक शगूफे के तौर पर कर रहा है। मुख्यमंत्री लखीमपुर खीरी के दौरे पर थे जहां उन्होंने पांच चुनावी रैलियों को संबोधित किया। लखीमपुर में आगामी 23 फरवरी को मतदान होगा।

गोरखपुर नगर सीट से अपने चुनाव के बारे में पूछे जाने पर योगी ने कहा कि उन्हें इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे क्यों चिंता होनी चाहिए। यह भाजपा की परंपरागत सीट है और लोग खुद पार्टी के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इस सवाल पर कि क्या उनकी प्रधानमंत्री बनने की भी कोई महत्वाकांक्षा है, योगी ने कहा कि मैं भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं और पार्टी जो भी काम देती है, वह मैं करता हूं। मैंने कभी किसी पद या कुर्सी की चाहत नहीं रखी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के मौजूदा विधानसभा चुनाव की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके मद्देनजर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार और राष्ट्रीय जनता दल द्वारा समाजवादी पार्टी को समर्थन देने से संबंधित एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में इन पार्टियों का कोई जनाधार नहीं है।


# भाजपाई पिता का बसपाई बेटा दे रहा कड़ी टक्कर

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में तीसरे चरण के चुनाव के बाद चौथे चरण का चौधरी बनने की होड़ में सभी राजनीतिक दल जुट गये हैं। इस चरण में पिता भाजपा में तो बेटा बसपा के टिकट पर मैदान में दो–दो हाथ करने को तैयार है। वहीं इस चरण में भी बसपा ने अपना नया प्रयोग बरकरार रखा है। सिर्फ एक सीट को छोड़ पार्टी ने सभी सीटों पर नये प्रत्याशी दिये हैं। नौ जिलों की 59 सीटों पर 23 फरवरी को होने वाले चौथे चरण के चुनाव को लेकर बसपा ने अपने समीकरण का ध्यान रखते हुए 17 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं।

प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री व कांग्रेसी नेता रहे अम्मार रिजवी वर्तमान में भाजपाई है। अक्टूबर 2019 में उन्होंने भाजपा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली थी। 2019 से पूर्व भारत सरकार की तरफ से अम्मार रिजवी का गुडविल अम्बेसडर बनाया गया था। पार्टी में जाने के बाद माना जा रहा था कि अम्मार रिजवी के परिवार से वर्ष 2022 में होने वाले चुनाव के लिए कोई प्रत्याशी हो सकता है। लेकिन एन वक्त पर बसपा ने अम्मार रिजवी के बेटे मीसम अम्मार रिजवी को सीतापुर जिले की महमूदाबाद सीट से प्रत्याशी उतार दिया है। महमूदाबाद सीट पर इस बार कांटे की टक्कर है। वैसे तो यहां भाजपा और सपा के बीच सीधी लड़ाई है पर बसपा यहां खेल कर सकती है। कुर्मी बहुल आबादी वाले इस विधानसभा में मुस्लिम की अच्छी–खासी तादाद है। ऐसे में बसपा का दलित–मुस्लिम–ब्राह्मण फैक्टर चला तो बसपा चमत्कार कर सकती है। 2012 के चुनाव में यहां बसपा के टिकट पर अहमद अंसारी दूसरे नम्बर पर थे। अहमद अंसारी को सपा के नरेन्द्र सिंह वर्मा के हाथों शिकस्त मिली थी।

2017 के चुनाव में भी यह सीट सपा के खाते में रही है और नरेन्द्र सिंह वर्मा ने जीत दर्ज की थी। जबकि भाजपा की आशा मौर्या दूसरे नम्बर पर रही। इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा से चुनावी रण में मीसम अम्मार रिजवी ताल ठोक रहे हैं तो कांग्रेस से उर्षा वर्मा मैदान में है। जबकि सपा से नरेन्द्र वर्मा इस बार हैट्रिक लगाने की फिराक में हैं तो भाजपा ने फिर से उषा वर्मा पर दांव लगाया है।



अम्मार रिजवी



मीसम रिजवी

● साइकिल के सामने हैट्रिक बनाने की चुनौती, भाजपा का कुर्मी वोटों पर दांव

● बसपा को नये चेहरों से आस, 17 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में

## 2017 में दो सीट, 2012 में 12 सीट जीती थी बसपा

**वर्ष** 2017 के विधानसभा चुनाव में चौथे चरण के अन्तर्गत बसपा के खाते में सिर्फ दो सीटें सिधौली और पूरवा आई थी। जबकि पार्टी 16 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही। वर्ष 2012 के चुनाव में पार्टी के खाते में 12 सीटें आई थी। वहीं 30 सीटों पर पार्टी दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में इस बार पार्टी की कोशिश है कि सुरक्षित सीटों के अलावा वर्ष 2012 में जीतने वाली सीटों के अलावा दूसरे नंबर वाली सीटों पर जीत दर्ज की जाय।

## दो करोड़ बारह लाख से ऊपर मतदाता चुनेंगे उम्मीदवार

**चौथे** चरण के नौ जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा व फतेहपुर की 59 विधान सभा सीटों के लिए 23 फरवरी को मतदान होगा। चौथे चरण में कुल 2,12,90,564 (दो करोड़ बारह लाख नब्बे हजार पांच सौ चौसठ) मतदाता हैं। इसमें 1,14,03,306 पुरुष, 98,86,286 महिला व 972 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

# अहमदाबाद बम कांड के दोषी के पिता का सपा से क्या रिश्ता है, अखिलेश बताएं : शिवराज

**भाषा।** गोरखपुर



**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को समाजवादी पार्टी को घेरते हुए पूछा कि अहमदाबाद बम विस्फोट कांड में फांसी की सजा पाए एक दोषी के पिता का उससे क्या रिश्ता है।

चौहान ने देवरिया जिले के रामपुर कारखाना स्थित बैरियापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, "अखिलेश यादव को यह जवाब देना चाहिए कि 2008 में अहमदाबाद में हुए बम विस्फोटों के मामले में दोषी पाए गए आतंकवादी सैफ के पिता का उनकी पार्टी से क्या संबंध है? उन्होंने जोर देकर कहा कि अखिलेश को बताना चाहिए कि उनके मुख्यमंत्रित्व काल में उत्तर प्रदेश में दंगे क्यों होते थे? चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि वह बहादुर हैं और उन्होंने प्रदेश से माफिया का सफाया कर दिया। इसके अलावा वह हमेशा सक्रिय रहते हैं और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए काम करते हैं। वह बुद्धिमान हैं और गलत कार्य करने वालों पर बहुत समझदारी से बुलडोजर चलाते हैं।

उन्होंने दावा किया कि डबल इंजन की सरकार की वजह से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ी है और वह वर्ष 2013 में सातवें स्थान से उठकर अब देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# लखनऊ नगर निगम के दो पार्षदों ने चुनावी लड़ाई को रोमांचक बनाया

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में लखनऊनगर निगम के दो मौजूदा पार्षदों ने अलग–अलग दलों से चुनाव मैदान में आकर लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। पार्षदों की दलील है कि लोगों की (अपने–अपने क्षेत्रों में) समस्याओं के बारे में उनका जमीनी स्तर का ज्ञान उन्हें चुनावी दौर में अन्य उम्मीदवारों पर बढ़त दिला सकता है। लखनऊ नगर निगम के मौजूदा पार्षदों में रजनीश गुप्ता लखनऊ मध्य से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। गुप्ता राज्य की राजधानी के याहियागंज वार्ड से चौथी बार पार्षद हैं। उधर, कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ के मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही ममता चौधरी मालवीय नगर वार्ड की पार्षद हैं। मोतीलाल नेहरू नगर से पूर्व पार्षद चरणजीत गांधी लखनऊकैंट सीट से सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। उनकी पत्नी वर्तमान में मोतीलाल नेहरू वार्ड से पार्षद हैं। बरेली की पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन सपा के टिकट पर बरेली कैंट से मैदान में थीं, जहां दूसरे चरण में 14 फरवरी को मतदान हो चुका है। मोहनलालगंज की कांग्रेस उम्मीदवार ममता चौधरी ने पीटीआई–भाषा को बताया कि "अगर कोई पार्षद विधायक बन जाता है तो वह इलाके और पूरे पड़ोस की जमीनी स्थिति को जानता है और इसलिए लोगों की समस्याओं को हल कर सकता है। उन्होंने कहा कि "मोहनलालगंज में सबसे बड़ी समस्या यह है कि पिछली राज्य सरकारों में से किसी ने भी महिला डिग्री कॉलेज नहीं बनाया। इसके परिणामस्वरूप, लड़कियों की शिक्षा को नुकसान पहुंचा है। जबकि मोहनलालगंज के स्थानीय सांसद भाजपा से हैं। कई और समस्याओं को गिनाते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबको चौंका देगी। लखनऊके याहियागंज वार्ड से चौथी बार पार्षद बने भाजपा उम्मीदवार रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा मौजूदा विधानसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतेगी और सबका साथ, सबका विश्वास के अपने मंत्र के साथ लोगों की सेवा करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि एक पार्षद होने के नाते लोगों की समस्या को समझना आसान हो जाता है और उसी के अनुसार उन्हें हल करने के लिए कदम उठाया जाता है। उन्होंने कहा, मुख्य रूप से संकरी गलियों के कारण क्षेत्र में होने वाले ट्रैफिक जाम और जल–जमाव की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है"। कुछ इसी तरह के विचार चरणजीत गांधी ने भी व्यक्त किए, जिनका मानना है कि पार्षदों का अनुभव निश्चित रूप से जनता की समस्याओं को हल करने में उनकी मदद करेगा। लखनऊ में विधानसभा चुनाव के चौथे चरण में 23 फरवरी को मतदान होगा।



रजनीश गुप्ता



ममता चौधरी

# लखनऊ में 2012 तो भाजपा 2017 के परिणामों को चाहती है दोहराना

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ




**चौथे** चरण के लिए 23 फरवरी को 9 जिलों की 60 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है जिसमें प्रदेश की राजधानी लखनऊ की 9 विधानसभा सीट भी शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव 2017 में बीजेपी लखनऊ की नौ में आठ सीटें जीती थी, जबकि समाजवादी पार्टी केवल एक सीट मोहनलालगंज पर ही अपनी विजय पताका फहरा पाई थी। बसपा व कांग्रेस किसी भी सीट पर खाता खोलने में सफल नहीं हो पाई थी। इस बार विधानसभा चुनाव में प्रदेश की राजधानी लखनऊ की चुनावी रणनीति ने योगी सरकार के दो मंत्रियों सहित चार विधायकों को प्रभावित किया है जिसमें से एक समाजवादी पार्टी का है जबकि तीन भाजपा के मौजूदा विधायक शामिल है। देखा जाए तो पिछली बार की अपेक्षा इस बार प्रदेश की राजधानी लखनऊ का चुनावी समीकरण काफी अलग है। शायद यही कारण रहा कि समाजवादी पार्टी ने मोहनलालगंज विधानसभा सीट से अपने मौजूदा विधायक को टिकट नहीं दिया तो वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने सरोजनी नगर, बीकेटी व कैंट विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया। साथ ही योगी सरकार के मंत्री बृजेश पाठक की सीट में परिवर्तन भी कर दिया। कुल मिलाकार विधायकों के बलिदान से यह तो साफ हो गया है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा वर्ष 2012 की भांति लखनऊ में कम से कम छह सीटों पर अपना कब्जा चाह रही है जबकि भाजपा वर्ष 2017 की तरह कम से कम आठ सीटें जीतने का इतिहास दोहराने का सपना देख रही है।

लखनऊ की सभी विधानसभा सीटों पर सभी दलों के प्रत्याशी जनता को अपना दमखम दिखाने में जुटे हुए हैं। चौथे चरण के चुनाव के लिए चल रहा चुनाव प्रचार 21 फरवरी सोमवार की शाम पूरी तरह से थम जाएगा। चौथे चरण के चुनाव में प्रदेश की राजधानी लखनऊ की 9 विधानसभा सीटों पर यदि हम राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के समीकरण पर नजर डालते हैं तो देखने को मिलता है कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर भाजपा ने आशुतोष टंडन जबरदस्त तरीके से चुनावी संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने पहले प्रवक्ता पंकज तिवारी को उतारा था फिर नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले लविवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मनोज तिवारी को प्रत्याशी बना दिया। इस सीट से शहर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौह, पर्वतीय प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. आरसी उप्रेती भी दावेदार थे। ऐसे इन लोगों में खासी नाराजगी है। वहीं सपा में फिर अनुराग भदौरिया को टिकट मिलने से कई स्थानीय नेता नाराज हैं। लखनऊ पश्चिम में भाजपा ने अंजनी श्रीवास्तव को उतारा है जबकि इस सीट से दिवंगत विधायक सुरेश श्रीवास्तव के बेटे भी टिकट मांग रहे थे। ओपी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, डॉ. राजीव लोचन और राजीव मिश्रा भी दावेदारी पेश कर चुके थे। कांग्रेस ने इस सीट से शहाना सिद्दीकी को उतारा है जबकि रफत फातिमा, सुशील तिवारी उर्फसोनू पंडित और गुंजन तिवारी भी दावेदार थे। सपा से अरमान खान का टिकट होने से पूर्व विधायक रेहान नईम और उनके समर्थक खफा हैं। लखनऊ मध्य से भाजपा को इस सीट पर चुनौती मिलने की उम्मीद है। पिछले चुनाव में यहां से बृजेश पाठक जीते थे लेकिन अब वो कैंट से लड़ रहे हैं। भाजपा ने यहां पार्षद रजनीश गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने पिछले चुनाव में ही इस सीट से दावेदारी पेश की थी। सूत्रों की मानें तो उन्हें इस बार अपनों के ही विरोध का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सदफ जाफर को टिकट दिया है जबकि सपा छोड़कर आए फाकिर सिद्दीकी और सिद्धार्थप्रिय श्रीवास्तव भी दावेदारी कर रहे थे। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब फाकिर को शहर कांग्रेस अध्यक्ष का पद देकर मनाने में जुटे हैं। लखनऊ उत्तर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने यहां फिर निवर्तमान विधायक नीरज बोरा पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने अजय श्रीवास्तव अज्जू को उतारा है जबकि यहां राजेंद्र शुक्ला, पंकज तिवारी और उत्तम मिश्रा भी टिकट मांग रहे थे। वहीं सपा के बड़े नेताओं को नजरअंदाज कर पूजा शुक्ला को टिकट देने से भी एक धड़ा नाराज नजर आ रहा है। इन उम्मीदवारों को यहां अपनों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। लखनऊ कैंट सीट पर सपा शहर अध्यक्ष सुशील दीक्षित और सौम्य भट्ट टिकट की आस लगाए थे लेकिन राजू गांधी को टिकट मिल गया। कांग्रेस में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी इस सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे थे लेकिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष दक्षिणी दिलप्रीत को टिकट मिलने से कांग्रेस के एक धड़े में नाराजगी है। दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों को अपने करीबियों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

मोहनलालगंज सीट से पूर्व विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ने सपा की ओर से नामांकन कर प्रचार भी शुरू कर दिया था लेकिन ऐन मौके पर उनका टिकट काटकर सुशीला सरोज को दे दिया गया। इससे नाराज होकर अम्ब्रीश ने पार्टी से विद्रोह कर दिया और निर्दल उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया, माना जा रहा है कि सुशीला को अम्ब्रीश के समर्थकों के विरोध का भी सामना करना पड़ेगा। वहीं कांग्रेस ने मालवीयनगर वॉर्ड की पार्षद ममता चौधरी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि यहां नरेंद्र गौतम और नरेश वाल्मीकि समेत कई दिग्गज दांव लगाए थे। मलिहाबाद सीट से सुशीला सरोज ने मलिहाबाद सीट छोड़ी तो सपा ने सोनू कनौजिया को टिकट दे दिया। इससे नाराज सपा के पूर्व विधायक इंदल रावत ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने राम करन पासी का टिकट काटकर इंदल रावत को मैदान में उतार दिया। इससे रामकरन और उनके समर्थकों में बेहद नाराजगी है। वहीं टिकट की आस लगाए बैठे रामनाथ एडवोकेट व उनके समर्थक भी नाराज हैं। ऐसे में यहां सपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को यह नाराजगी दूर करनी होगी।

सरोजनीनगर सीट से कांग्रेस भाजपा व सपा में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। इसके साथ भाजपा की ओर से उतारे गए राजेश्वर सिंह को खुद पर लगा बाहरी का ठप्पा हटाना होगा। इस सीट पर उन्हें स्वाती सिंह व उनके पति दयाशंकर सिंह के समर्थकों को साथ लाना होगा। वहीं सपा से अभिषेक मिश्रा को टिकट दिए जाने से प्रसपा नेता शारदा प्रताप शुक्ला ने निर्दल उम्मीदवार के तौर पर नामांकन कर दिया और वह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आ गए हैं। वहीं टिकट न मिलने से सपा के अनुराग यादव व उनके समर्थकों में भी नाराजगी है। बसपा छोड़कर सपा में आए शिव शंकर सिंह संकरी भी टिकट न मिलने से मायूस हैं। बीकेटी सीट पर भाजपा और सपा के उम्मीदवारों को अपनों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। बीजेपी ने योगेश शुक्ला को अविनाश त्रिवेदी की जगह मैदान में उतारा है। टिकट कटने से अविनाश के समर्थक नाराज दिख रहे है। इसके अलावा लंबे समय से टिकट की आस लगाए भाजपा के कई नेता भी परेशान हैं। वहीं, सपा की ओर से राजेंद्र यादव को नजर अंदाज कर गोमती यादव को टिकट देने से भी एक धड़े में नाराजगी है लेकिन दो दिन पहले की सपा प्रत्याशी गोमती यादव द्वारा पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव के पैर छू कर जारी की फोटो के माध्यम से दोनों नेताओं का एक साथ होने का संदेश दिया गया। अब देखना है कि लखनऊ बदले चुनावी समीकरण से विभिन्न दलों के प्रत्याशी कितना फयदा ले सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 21 फरवरी, 2022



# लालू की सजा का ऐलान आज

चारा घोटाला

## ●पूर्व मुख्यमंत्री समेत 38 दोषियों को सीबीआई अदालत वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सजा सुनाएगी



**भाषा** । रांची

**चारा** घोटाले के तहत डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपए के गबन के मामले में दोषी करार दिए गए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव समेत 38 दोषियों को यहां की विशेष सीबीआई अदालत सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सजा सुनाएगी।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत के न्यायाधीश एस के शशि ने 15 फरवरी को इन सभी को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की थी। सीबीआई के विशेष अभियोजक बीएमपी सिंह ने पीटीआई भाषा को रविवार को बताया कि विशेष अदालत ने शनिवार को निर्देश दिया कि 15 फरवरी को दोषी करार दिए गए 41 आरोपियों में से अदालत में पेश हुए 38 दोषियों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सजा सुनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन अन्य दोषी 15 फरवरी को अदालत में उपस्थित नहीं हो सके थे जिसके चलते अदालत ने तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। सिंह ने बताया कि जिन 38 दोषियों को सजा सुनाई जानी है उनमें से 35 बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं जबकि लालू प्रसाद यादव समेत तीन अन्य दोषी स्वास्थ्य कारणों से राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। सीबीआई के विशेष अभियोजक ने बताया कि जेल प्रशासन सभी 38 दोषियों की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेशी का प्रबन्ध करेगा। उन्होंने बताया कि रिम्स में लालू प्रसाद के अलावा डॉ. केएम प्रसाद तथा यशवंत सहाय भर्ती हैं।

बिरसा मुंडा कारागार के अधीक्षक हामिद अख्तर ने बताया कि रिम्स में भर्ती तीनों दोषियों को अदालत में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश करने के लिए लैपटॉप की व्यवस्था की गई है। सिंह ने बताया कि अदालत सोमवार को दोपहर 12 बजे सजा सुनाना शुरू करेगी। अदालत ने लालू प्रसाद यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468, 471 के साथ षड्यंत्र से जुड़ी धारा 120बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2)के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि इन धाराओं में लालू प्रसाद यादव को सात वर्ष तक की कैद हो सकती है। इस मामले में सीबीआई ने कुल 170 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था जबकि 148 आरोपियों के खिलाफ 26 सितंबर 2005 में आरोप तय किए गए थे।

## मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 950 नए मामले आए, दो की मौत

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 950 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,34,440 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में मध्य प्रदेश में कोविड-19 से दो और मरीजों की मौत हुई है, जिसे मिलाकर राज्य में इस महामारी से अब तक कुल 10,715 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि रविवार को इंदौर में कोरोना वायरस संक्रमण के 76 और भोपाल में 214 नए मामले दर्ज किए गए।

मध्य प्रदेश में फिलहाल 7,527 मरीज उपचाराधीन हैं और पिछले 24 घंटों में 1,785 लोगों के स्वस्थ होने से राज्य में इस संक्रमण को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 10,16,198 पर पहुंच गई है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश में रविवार को 12,924 लोगों को कोविड-19 रोधी टीके लगाए गए और अब तक लोगों को कुल 11,30,31,862 खुराक दी जा चुकी हैं।



बोधगया में वाट थाई में अलम कटोरा जुलूस के दौरान प्रार्थना करते प्रशिक्षु बौद्ध भिक्षु

# पीएम आज शिक्षा, कौशल विकास पर पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे

**भाषा** । नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी केंद्रीय बजट, 2022 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन पर सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के एक वेबिनार के पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय 21 फरवरी को शिक्षा और कौशल क्षेत्र पर एक वेबिनार का आयोजन कर रहा है। वेबिनार में विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर आधारित सत्र होंगे और इसमें विभिन्न मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, कौशल विकास संगठन, शिक्षाविद, छात्र और अन्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। चिह्नित किए गए विषयों के तहत सात समानांतर उप-सत्र आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा को सुगम बनाने के सिद्धांतों और रोजगार के अवसरों के सृजन पर ध्यान देते हुए भाग लेने वाली टीम द्वारा कार्य बिंदुओं, व्यापक रणनीतियों और क्रियान्वयन के लिए समयसीमा की पहचान की जाएगी।

वेबिनार के विषय में डिजिटल विश्वविद्यालय, डिजिटल शिक्षक, एक कक्षा एक चैनल की पहुंच बढ़ाना , शहरी नियोजन और डिजाइन में भारत के अनुरूप विशेष ज्ञान उद्योग-कौशल संबंध को मजबूत बनाने के लिए प्रोत्साहन देना , गिफ्ट सिटी में शैक्षिक संस्थानों का विकास, एवीजीसी में उद्योग-कौशल भागीदारी को मजबूत करना शामिल हैं।

बजट घोषणाओं के कुशल और त्वरित क्रियान्वयन को सुगम बनाने के लिए केंद्र सरकार कई प्रमुख क्षेत्रों में वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों एवं शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श भी करेंगे।

# हिजाब इस्लाम में पसंद या नापसंद का मामला नही है : जायरा वसीम

**भाषा** । श्रीनगर

**दंगल** फिल्म से मशहूर हुईं पूर्व अभिनेत्री जायरा वसीम ने हिजाब विवाद को लेकर अपनी मायूसी जाहिर करते हुए कहा कि इस्लाम में हिजाब पसंद या नापसंद का मामला नहीं है, बल्कि दायित्व है तथा शिक्षा और हिजाब के बीच चयन करना अन्यायपूर्ण है।

हिजाब को लेकर विवाद पिछले महीने कर्नाटक के उडुपी जिले से शुरू हुआ, जहां सरकारी पीयू कॉलेज ने निर्धारित वर्दी का उल्लंघन बताते हुए हिजाब पहनकर आईं छह छात्राओं को कक्षाओं में प्रवेश देने से इनकार किया। वसीम ने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है जिसे उन्हेंने ट्विटर व इंस्टाग्राम के अपने पेज पर साझा किया है और हिजाब को लेकर अपनी राय रखी है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पूर्व अभिनेत्री ने कहा कि हिजाब कोई विकल्प नहीं है बल्कि इस्लाम में एक दायित्व है। वसीम ने कहा कि जो महिला हिजाब पहनती है, वह उस अल्लाह की ओर से सौंपे गए दायित्व को पूरा करती है, जिससे वह प्यार करती है और जिसे उसने खुद को समर्पित किया है। उन्होंने 2019 में अभिनय की दुनिया को छोड़ दिया था क्योंकि यह उनके धर्म के आड़े आ रहा था।

वसीम (21) ने कहा कि वह महिला होने के नाते विनम्रता और कृतज्ञता से हिजाब पहनती हैं लेकिन वह उनसे खफा हैं जो महिलाओं को हिजाब पहनने की वजह से प्रताड़ित करते हैं और उन्हें अपनी धार्मिक प्रतिबद्धता का पालन करने से रोकते हैं। पूर्व अभिनेत्री ने कहा कि एक एजेंडा खड़ा किया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं से कहा जा रहा है कि वे हिजाब या शिक्षा के बीच किसी एक को चुनें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं से पक्षपात किया जा रहा है ।

## फरीदाबाद में 16वीं मंजिल से गिरकर आठ वर्षीय बच्चे की मौत

**फरीदाबाद**। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित आरपीएस सवाना सोसाइटी में रविवार को इमारत की 16वीं मंजिल से गिरकर आठ वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोसायटी के पी-12 टावर में रहने वाले संदीप सिंह और उनकी पत्नी स्वीटी घटना के समय फ्लैट में ही मौजूद थे और किसी काम में व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि खेल-खेल में उनका इकलौता बेटा आयुष पीछे की तरफ बालकानी में चला गया और जहां लगी ग्रिल की उंचाई करीब चार फुट है।

उन्होंने बताया कि बच्चा अचानक ग्रिल पार कर तेज आवाज के साथ नीचे जमीन पर गिरा, आवाज सुन नीचे मौजूद सुरक्षा कर्मी बाबूलाल और रोहित मौके पर गए और खून से लथपथ बच्चे को तुरंत नजदीक ही एशियन अस्पताल लेकर गए,जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि तब तक बच्चे के माता-पिता को घटना की जानकारी नहीं हुई थी।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने गंगा आरती की तर्ज पर तुंगभद्रा आरती की घोषणा की

**भाषा** । हरिहर (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गंगा तट पर की जाने वाली आरती से प्रेरणा लेकर तुंगभद्रा आरती की घोषणा की है। कर्नाटक के दावणगेरे जिले के हरिहर में रविवार को तुंगभद्रा आरती परियोजना के तहत 108 योग खंभों के निर्माण की नींव रखने के बाद बोम्मई ने भरोसा दिलाया कि तुंगभद्रा नदी के तट को उच्च श्रेणी की पर्यटक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया है, जिसे पहले भीड़भाड़ वाली गलियों के कारण खोजना पड़ता था।

अब सभी घाटों को साफ कर दिया गया है और मंदिर को एक भव्य रूप दिया गया है, जहां गंगा आरती बड़े उत्साह के साथ की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि उसी तर्ज पर हम दक्षिण में तुंगभद्रा आरती शुरू करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वचनानंद स्वामीजी के मार्गदर्शन में इस संबंध में एक परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में हरिहरेश्वर से पैदल मार्ग का विकास, नदी के दूषित जल की सफाई और शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण की रोकथाम शामिल है।

बोम्मई ने कहा कि हरि और हर का संगम अद्भुत परिणाम देगा। नदी की सफाई की जरूरत को रेखांकित करते हुए बोम्मई ने कहा कि पानी प्रकृति के पांच तत्वों (पंचमहाभूत) में से एक है, लिहाजा इसे साफ रखना सबसे अहम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिहर चेन्नई-मुंबई औद्योगिक गलियारे का हिस्सा है और इस शहर को विकास के लिए सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य के लोक निर्माण विभाग ने 40 किलोमीटर सड़क का निर्माण शुरू किया है।

बोम्मई ने कहा, सरकार ने हरिहर के व्यापक विकास के लिए कई परियोजनाएं तैयार की हैं, जो इसी साल शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभ्यता और संस्कृति का विकास साथ-साथ हुआ है।

कुछ का मानना है कि सभ्यता ही संस्कृति है, लेकिन ऐसा नहीं है। सभ्यता जहां परिवर्तन की परिचायक है, वहीं हम जो हैं, वो संस्कृति को दर्शाता है। सभ्यता तुंगभद्रा के तट पर भी पनपी थी।

तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित हरिहर शहर का नाम हरिहर के ऐतिहासिक मंदिर के नाम पर पड़ा था। जटिल नक्काशीदार मूर्तियों वाले इस मंदिर में हरिहर देवता की पूजा-अर्चना होती है, जिन्हें हरि (विष्णु) और हर (शिव) का संयुक्त रूप माना जाता है मंदिर में होयसाला राजवंश के हस्ताक्षर मौजूद हैं, जिसने इस क्षेत्र पर शासन किया और लगभग 800 साल पहले मंदिर का निर्माण किया था।

## राजस्व रिकॉर्ड गुम होने के मामले में जम्मू कश्मीर में 21 स्थानो पर तलाशी ली गई

**जम्मू**। जम्मू कश्मीर की बहू तहसील के कुछ इलाकों में राजस्व रिकॉर्ड गायब होने के मामले में रविवार को 21 स्थानों पर तलाशी ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उन कथित जमीन हथियाने वालों, प्रॉपर्टी डीलर, सेवारत और सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों के आवासों पर छापेमारी की, जिनपर नजर रखी जा रही थी। तलाशी के दौरान राजस्व रिकॉर्ड, विभिन्न दस्तावेजों, बैंक लॉकर की चाबियों, भूमि सौदों से संबंधित कागजात की बरामदगी हुई। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू और सांबा जिलों के विभिन्न इलाकों में तलाशी के दौरान 26.63 लाख रुपए की बेनामी नकदी भी बरामद की गई।

अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के आवासों पर छापे मारे गए उनमें से कई के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

# भाजपा-विरोधी मोर्चे का गठन कांग्रेस के बिना संभव नहीं : नाना पटोले

**भाषा** । मुंबई

**महाराष्ट्र** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के भाजपा-विरोधी मोर्चा बनाने के प्रयासों का स्वागत करती है, लेकिन साथ ही आगाह किया कि क्षेत्रीय दलों की इस तरह की पहल सत्तारूढ़ भाजपा की एकमात्र विकल्प कांग्रेस के बिना सफल नहीं हो सकती।

तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के अध्यक्ष राव ने रविवार को मुंबई में अपने महाराष्ट्र समकक्ष और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार से अलग-अलग मुलाकात की। उन्होंने ठाकरे और पवार के साथ देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और एक (राजनीतिक) बदलाव का आह्वान किया। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा-विरोधी मोर्चा बनाने के राव के प्रयासों का स्वागत है, लेकिन कांग्रेस के बिना, ऐसे प्रयास न तो पूरे होंगे और न ही सफल होंगे। पटोले ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तानाशाही है और संविधान एवं लोकतंत्र को खत्म करने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने केंद्र पर राष्ट्रीय संपत्ति बेचने का भी आरोप लगाया। पटोले ने कहा कि भाजपा विपक्ष पर निशाना साधने के अलावा अपने सहयोगियों को भी खत्म करने की कोशिश कर रही है। अब इन सहयोगियों ने भाजपा से दूरी बना ली है।

# आईआईआईटीएम के सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारी पूर्व छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**भाषा** । ग्वालियर

**मध्य** प्रदेश में ग्वालियर स्थित एबीवी-आईआईआईटीएम के एक सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारी को एक पूर्व छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जबकि इसी संस्थान के एक पूर्व निदेशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने संवाददाताओं को बताया कि मामले में मुख्य आरोपी अटल बिहारी वाजपेई भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध संस्थान के सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारी दिनेश द्विवेदी को रविवार सुबह उत्तर प्रदेश के इटावा से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता छात्रा मध्य प्रदेश के जबलपुर की रहने वाली है। प्राथमिकी के अनुसार, छात्रा ने 2015 में आईआईआईटीएम में एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था। एसपी के मुताबिक, छात्रा ने आरोप लगाया है कि 2017 में जब वह अपनी डिग्री लेने ग्वालियर पहुंची, तब आईआईआईटीएम के तत्कालीन सुरक्षा अधिकारी दिनेश द्विवेदी उसे संस्थान में नौकरी दिलाने के बहाने एक फ्लैट में ले गए। प्राथमिकी के हवाले से एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि द्विवेदी ने उससे नौकरी के बदले पांच लाख रुपए की मांग की और तब उन्होंने फोन पर आईआईआईटीएम के तत्कालीन निदेशक से उसकी बात भी कराई थी।

एसपी के अनुसार बाद में द्विवेदी ने कथित तौर पर छात्रा को नशीला पेय पिलाकर फ्लैट में उसके साथ दुष्कर्म किया।



शिमला में वर्फ पर स्किइंग का आनंद लेते पर्यटक



अमृतसर में पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर इंतजार करते लोग

## पूर्व वाम नेता की मौत के मामले ने पकड़ा तूल

**भाषा** । कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में पूर्व वाम नेता अनीस खान की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजनीतिक दलों ने इस घटना में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं की संलिप्तता का आरोप लगाया है। हालांकि राज्य सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया।

माकपा की छात्र शाखा एसएफआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिन में हावड़ा जिले के अमटा पुलिस थाने के सामने लगाए गए अवरोधकों को तोड़ दिया और खान की मौत के विरोध में पूरे पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन किया। खान के परिवार ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार की रात पुलिस की वर्दी पहने कुछ लोग उनके अमटा स्थित घर पहुंचे, वाम नेता को घसीटकर छत पर ले गए और वहां से उन्हें नीचे फेंक दिया जिससे उनकी मौत हो गई। खान संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान सुर्खियों में आए थे।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद विशाखापत्तनम पहुंचे, नौसैनिक बेड़े की समीक्षा करेंगे

**भाषा** । विशाखापत्तनम



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को विशाखापत्तनम पहुंचे, जहां वह सोमवार को बंगाल की खाड़ी में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा करेंगे।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी, ईएनसी के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता और अन्य अधिकारियों ने यहां स्थित नौसैनिक एयरबेस आईएनएस डेगा पर राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इस बार प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू-2022 (पीएफआर-22) की थीम भारतीय नौसेना-राष्ट्र की सेवा में 75 साल रखी गई है। सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत का हर राष्ट्रपति अपने पांच साल के कार्यकाल में एक बार भारतीय नौसैनिक बेड़े की समीक्षा करता है और पीएफआर-22 इस तरह की 12वीं समीक्षा होगा। पीएफआर का मकसद देश को भारतीय नौसेना की तैयारियों, उच्च मनोबल और अनुशासन के प्रति आश्वस्त करना है। यह दूसरी बार है, जब विशाखापत्तनम पीएफआर की मेजबानी करेगा। पहली बार, 2006 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने यहां नौसैनिक बेड़े की समीक्षा की थी। 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मखर्जी ने विशाखापत्तनम में अंतरराष्ट्रीय बेड़े की समीक्षा की थी। अधिकारियों ने बताया कि पीएफआर-22 के तहत कोविंद युद्धपोतों सहित नौसेना के दो बेड़ों और तटरक्षक बल, भारतीय नौवहन निगम तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के बेड़ों की समीक्षा करेंगे, जिसमें 10,000 से अधिक कर्मियों द्वारा संचालित 60 जहाज और पनडुब्बियां शामिल होंगी।कार्यक्रम में 50 विमान भी शिरकत करेंगे और वे एक फ्लाई-पास्ट का प्रदर्शन करेंगे। नौसेना की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति नौसेना के स्वदेश निर्मित अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुमित्रा की सवारी करेंगे, जिसे खासतौर पर राष्ट्रपति यॉट के रूप में नामित किया गया है और वह स्टीमिंग पास्ट के जरिए कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी जहाजों की समीक्षा करेंगे।

## 40 करोड़ की ठगी करने के मामले में सात और व्यक्ति गिरफ्तार

**भाषा** । नागपुर

**नागपुर** में क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के एक मामले में 2,000 निवेशकों से 40 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में रविवार को सात और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक दिन पहले इस मामले में मुख्य आरोपी, उसकी पत्नी और दो साथियों को पुणे के लोनावाला से गिफ्तार किया गया था।

एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य आरोपी निशिद वासनिक लोगों को अपनी शानदार जीवन शैली दिखाकर एक कंपनी में निवेश करने के लिए झांसा दे रहा था। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने 2017 और 2021 के बीच धोखाधड़ी से अपने खातों में पैसे ट्रांसफर किए, निवेश के मूल्य में लगातार वृद्धि दिखाने के लिए कंपनी की वेबसाइट में हेरफेर किया।

संगठित क्षेत्र के 15,000 से अधिक मूल वेतन वाले कर्मियों के लिए नई योजना

# ईपीएफओ कर रहा नई पेंशन योजना लाने की तैयारी

भाषा। नई दिल्ली



**कर्मचारी भविष्य** निधि संगठन (ईपीएफओ) संगठित क्षेत्र के 15,000 रुपए से अधिक का मूल वेतन पाने वाले तथा कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत अनिवार्य रूप से नहीं आने वाले कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लाने पर विचार कर रहा है।

वर्तमान में संगठित क्षेत्र के वे कर्मचारी जिनका मूल वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) 15,000 रुपए तक है, अनिवार्य रूप से ईपीएस-95 के तहत आते हैं। एक सूत्र ने कहा, ईपीएफओ के सदस्यों के बीच ऊंचे योगदान पर अधिक पेंशन की मांग की गई है। इस प्रकार उन लोगों के लिए एक नया पेंशन उत्पाद या योजना लाने के लिए सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है, जिनका मासिक मूल वेतन 15,000 रुपए से अधिक है। सूत्र के अनुसार, इस नए पेंशन उत्पाद पर प्रस्ताव 11 और 12 मार्च को गुवाहाटी में ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में आ सकता है। बैठक के दौरान सीबीटी द्वारा नवंबर, 2021 में पेंशन संबंधी मुद्दों पर गठित एक उप-समिति भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।सूत्र ने बताया कि ऐसे ईपीएफओ अंशधारक हैं जिन्हें 15,000 रुपए से अधिक का मासिक मूल वेतन मिल रहा है, लेकिन वे ईपीएस-95 के तहत 8.33 प्रतिशत की कम दर से ही योगदान कर पाते हैं। इस तरह उन्हें कम पेंशन मिलती है। ईपीएफओ ने 2014 में मासिक पेंशन योग्य मूल वेतन को 15,000 रुपए तक सीमित करने के लिए योजना में संशोधन किया था। 15,000 रुपए की सीमा केवल सेवा में शामिल होने के समय लागू होती है। संगठित क्षेत्र में वेतन संशोधन और मूल्यवृद्धि की वजह से इसे एक सितंबर, 2014 से 6,500 रुपए से ऊपर संशोधित किया गया था।

बाद में मासिक मूल वेतन की सीमा को बढ़ाकर 25,000 रुपए करने की मांग हुई और उसपर विचार-विमर्श किया गया, लेकिन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल पाई।

उद्योग के अनुमान के अनुसार, पेंशन योग्य वेतन बढ़ाने से संगठित क्षेत्र के 50 लाख और कर्मचारी ईपीएस-95 के दायरे में आ सकते हैं।

पूर्व श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने दिसंबर, 2016 में लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा था, कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत कवरेज के लिए वेतन सीमा 15,000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 25,000 रुपए मासिक करने का प्रस्ताव ईपीएफओ ने पेश किया था, लेकिन इसपर कोई निर्णय नहीं हुआ। सूत्र ने कहा कि उन लोगों के लिए एक नए पेंशन उत्पाद की आवश्यकता है जो या तो कम योगदान करने के लिए मजबूर हैं या जो इस योजना की सदस्यता नहीं ले सके हैं, क्योंकि सेवा में शामिल होने के समय उनका मासिक मूल वेतन 15,000 रुपए से अधिक था।

## ईपीएफओ ने दिसंबर 2021 में 14.6 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने दिसंबर 2021 में वास्तविक आधार पर 14.6 लाख सदस्य बनाए, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के रविवार को जारी अस्थाई आंकड़ों से पता चलता है कि ईपीएफओ ने दिसंबर 2020 के दौरान वास्तविक आधार पर 12.54 लाख सदस्य बनाए थे। श्रम मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि नवंबर 2021 के मुकाबले दिसंबर 2021 में वास्तविक आधार पर ग्राहकों की संख्या में 19.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर माह में वास्तविक आधार पर बनाए गए सदस्यों के लिए जनवरी 2021 में जारी किए गए 13.95 लाख के अनंतिम अनुमानों को संशोधित कर 12.17 लाख कर दिया गया। दिसंबर 2021 में वास्तविक आधार पर जोड़े गए कुल 14.60 लाख ग्राहकों में से 9.11 लाख नए सदस्यों को पहली बार ईपीएफ और एमपी अधिनियम, 1952 के तहत नामांकित किया गया है। बयान में कहा गया कि ईपीएफओ से बाहर निकलने वाले सदस्यों की संख्या जुलाई 2021 से घट रही है। आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक नामांकन 22-25 वर्ष के आयु वर्ग में हुआ। दिसंबर 2021 में वास्तविक आधार पर जोड़े गए कुल सदस्यों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 20.52 प्रतिशत रही है।

# सिंगापुर में निवेशकों को क्रिप्टोकरेंसी घोटाले के जरिए लगाया गया सबसे अधिक चूना

भाषा। सिंगापुर

● **चीनी सरकार ने 2018 में अवैध सट्टेबाजी पर नकेल कसी, लेकिन जालसाजों ने फिर दक्षिण-पूर्व एशिया में चीनी भाषी प्रवासियों को निशाना बनाया**

**सिंगापुर के** निवेशकों को पिछले तीन वर्षों में किसी अन्य धोखाधड़ी की तुलना में फर्जी निवेश योजनाओं में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। विशेष रूप से वे चीनी मूल के पिग-बूचरिंग क्रिप्टोकरेंसी घोटाले का सबसे बड़ा शिकार बने हैं।

निवेशकों को पिछले साल इस तरह की योजनाओं से 19.09 करोड़ सिंगापुर डॉलर का नुकसान हुआ है। यह आंकड़ा 2019 के 3.69 करोड़ डॉलर का पांच गुना से अधिक है। द संडे टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस तरह की धोखाबाजी को अंजाम देने वाले निवेशकों से ऐसी योजनाओं में निवेश करने का आग्रह करने से पहले उनके साथ रिश्ता बनाने में महीनों लगाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंगापुर में हाल में पिग बूचरिंग घोटाला सामने आया है। इसमें चीनी शब्द शा झू पान का इस्तेमाल किया गया है जिसका अर्थ वध करने से पहले एक सुअर को मोटा करने से है। इसे अपराधियों ने खुद अपने घोटाले का वर्णन करने के लिए गढ़ा था।जालसाज फर्जी निवेश योजनाओं में निवेश करने का आग्रह करने से पहले लक्ष्य यानी निवेशकों के साथ नजदीकी बनाने में महीनों लगाते हैं। सिंगापुर दैनिक ने समाचार रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि 2016 में चीन में इस तरह के घोटाले शुरू हुए। उस समय घोटालेबाजों ने पीड़ितों को नकली जुए की वेबसाइटों पर दांव लगाने के लिए तैयार किया।

चीनी सरकार ने 2018 में अवैध सट्टेबाजी पर नकेल कसी। लेकिन जालसाजों ने फिर दक्षिण-पूर्व एशिया में चीनी भाषी प्रवासियों को निशाना बनाया। जैसे-जैसे यूरोप और अमेरिका में जनसांख्यिकी का विस्तार हुआ, क्रिप्टोकरेंसी निवेश की बढ़ती लोकप्रियता के साथ-साथ घोटाले की रणनीति विकसित हुई।

# नए सीएसआर खुलासा ढांचे से डेटा विश्लेषण में मदद मिलेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी

भाषा। नई दिल्ली

● **फॉर्म को लेकर यह चिंता भी जताई गई है कि नई प्रकटीकरण जरूरतों से कंपनियों के लिए अनुपालन बोझ बढ़ सकता है**

**कंपनियों द्वारा** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च के लिए नए खुलासा या प्रकटीकरण ढांचे से विश्लेषणात्मक कार्यों में मदद मिलेगी और खर्च के संबंध में अधिक पारदर्शिता आएगी।

लाभप्रद कंपनियों के लिए सीएसआर व्यवस्था अप्रैल, 2014 में लागू हुई थी और 30 सितंबर, 2021 तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के दौरान इन कार्यों के लिए 8,828.11 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में खर्च की गई राशि 20,360 करोड़ रुपए है। हालांकि, यह आंकड़ा अधिक होने की संभावना है क्योंकि कॉरपोरेट के पास सीएसआर से संबंधित जानकारी देने के लिए मार्च तक का समय है। इस महीने की शुरुआत में मंत्रालय ने फॉर्म सीएसआर -2 (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पर रिपोर्ट) को अधिसूचित किया।अधिकारी ने कहा कि फॉर्म की शुरुआत का मकसद सीएसआर खर्च के बारे में बारीक विवरण हासिल करना है, जो विश्लेषणात्मक उद्देश्यों के लिए जरूरी है। इससे हितधारकों को यह जानने में भी मदद मिलेगी कि कंपनियां अपने सीएसआर दायित्वों के साथ क्या कर रही हैं। यह फॉर्म मशीन पठनीय प्रारूप में होगा और इसका डेटा सीएसआर पोर्टल पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। फॉर्म को लेकर यह चिंता भी जताई गई है कि नई प्रकटीकरण जरूरतों से कंपनियों के लिए अनुपालन बोझ बढ़ सकता है।अधिकारी ने कहा कि नई खुलासा आवश्यकताओं का मकसद कंपनियों की गतिविधियों में अधिक पारदर्शिता लाना है।

# कनाडा में जब्ती आदेश के खिलाफ अपील कर सकेगी एयर इंडिया

भाषा। नई दिल्ली

देवास मामला

**एयर इंडिया** ने कनाडा की एक अदालत के उस आदेश को चुनौती देने के लिए एक अपीलीय अदालत की मंजूरी हासिल की है, जिसमें देवास मल्टीमीडिया के विदेशी निवेशकों को उसके कोष को जब्त करने की इजाजत दी गई थी।

वर्ष 2005 में एंट्रिक्स कॉरपोरेशन के साथ उपग्रह सौदा रद्द होने के चलते मुआवजा हासिल करने के लिए देवास को यह कोष जब्त करने की इजाजत दी गई थी।न्यायाधीश क्रिस्टीन बॉडुइन ने 11 फरवरी के एक फैसले में एयर इंडिया की इस अपील पर सहमति जताई कि अदालत को मॉरीशस स्थित तीन निवेशकों और जर्मनी की डॉयचे टेलीकॉम के दावे पर फिर से विचार करना चाहिए कि एयरलाइन भारत सरकार की है और इसलिए उससे वसूली की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने एक संक्षिप्त आदेश में कहा, अपील के गुणदोष या सफलता की संभावना पर राय व्यक्त किए बिना, मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि इस मामले को अदालत में पेश करना चाहिए। उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख निर्धारित की है।

एयर इंडिया ने देवास के विदेशी निवेशकों की मांग को यह कहते हुए खारिज करने की अपील की है कि 27 जनवरी, 2022 को टाटा समूह द्वारा इसके अधिग्रहण के बाद अब यह सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी नहीं है।संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान वर्ष 2005 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद्द कर दिया गया कि ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी धोखाधड़ी में हुई थी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य सामाजिक उद्देश्यों के लिए एस-बैंड उपग्रह स्पेक्ट्रम की जरूरत थी। इसके बाद देवास मल्टीमीडिया ने इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) में फैसले के खिलाफ मध्यस्थता कार्वाई शुरू की।
इसके अलावा देवास के निवेशकों द्वारा दो अन्य मध्यस्थता कार्वाई भी शुरू की गईं। भारत को तीनों मामलों में हार का सामना करना पड़ा और नुकसान की भरपाई के लिए कुल 1.29 अरब डॉलर का भुगतान करने को कहा गया। कनाडा की एक अदालत ने देवास मल्टीमीडिया के शेयरधारकों को एयर इंडिया के 50 फीसदी कोष को जब्त रखने की अनुमति दी है, जिसे वैश्विक एयरलाइंस निकाय आईएटीए के पास रखा गया था। इसके अलावा एक फ्रांसीसी अदालत ने देवास को पेरिस में भारतीय संपत्तियों को जब्त करने की इजाजत भी दी है।

## एयर इंडिया के नए प्रमुख की विदेशी पृष्ठभूमि को जांचेगा गृह मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**गृह** मंत्रालय टाटा समूह के नियंत्रण में गई विमानन कंपनी एयर इंडिया के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इल्कर आयजी की पृष्ठभूमि का विस्तृत परीक्षण करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि स्थापित परंपरा के अनुरुप भारत में अहम पदों पर नियुक्त होने वाले सभी विदेशी नागरिकों की पृष्ठभूमि का परीक्षण किया जाता है और आयजी के मामले में भी इस परंपरा का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। टाटा समूह ने कुछ दिन पहले ही तुर्की के नागरिक आयजी को एयर इंडिया का नया प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की थी। टाटा ने जनवरी के अंत में इस एयरलाइन का नियंत्रण सरकार से अपने हाथ में लिया था। सूत्रों के मुताबिक, आयजी की नियुक्ति के बारे में गृह मंत्रालय को अभी तक टाटा समूह या नागरिक उड्डयन मंत्रालय में से किसी से भी कोई सूचना नहीं मिली है। यह सूचना मिलते ही सुरक्षा जांच की समूची प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## फेडरल बैंक की अनुशंगी ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक की अनुषंगी फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (फेडफिना) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेज जमा कराए हैं। फेडरल बैंक ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि फेडफिना ने 19 फरवरी को सेबी के पास दस्तावेज (डीआरएचपी) जमा कराए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयर जारी किए जाएंगे और साथ ही फेडरल बैंक और ट्रू नॉर्थ फंड छह एलएलपी द्वारा बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। फेडरल बैंक ने कहा, फेडफिना के आईपीओ के तहत 900 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा बैक।,64,97,973 इक्विटी शेयरों तथा ट्रू नॉर्थ फंड छह एलएलपी 2,92,16,313 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगा।

## क्विक न्यूज

### सरकार जल्द ही न्यू इंडिया एश्योरेंस के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार देने पर फैसला करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद का अतिरिक्त प्रभार देने पर फैसला करेगी। वर्तमान सीएमडी अतुल सहाय का कार्यकाल इस महीने के अंत में समाप्त हो रहा है। बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) ने देश मे सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी साधारण बीमा कंपनी के प्रमुख के चयन की प्रक्रिया शुरू नही की है, क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि ब्यूरो इस मामले मे सक्षम निकाय नही है। इस मामले मे अगली सुनवाई 21 मार्च को होनी है। सूत्रों ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला नही आने के कारण न्यू इंडिया एश्योरेंस का अतिरिक्त प्रभार एक मार्च से किसी व्यक्ति को दिया जाएगा और इस पद पर नियमित नियुक्ति मे कुछ समय लगेगा।अगले वित्त वर्ष में 325 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है सेवा निर्यात : एसईपीसी
नई दिल्ली, 20 फरवरी (भाषा) देश का सेवाओं का निर्यात अगले वित्त वर्ष 2022-23 में 325 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) के चेयरमैन सुनील एच तलाती ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की सेवाओं की मांग बढ़ने तथा धीरे-धीरे नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू होने से सेवा निर्यात मे तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक सेवाओं का निर्यात 250 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान सेवाओं का निर्यात अनुमानित 209.83 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 167.45 अरब डॉलर से 25.31 प्रतिशत अधिक है। तलाती ने कहा, कोविड-19 महामारी के जल्द समाप्त होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारो मे सभी प्रकार की सेवाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे मे हमने अगले वित्त वर्ष मे 325 अरब डॉलर के निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। उन्होने कहा कि नई विदेश व्यापार नीति मे क्षेत्र के लिए समर्थन उपायो से सेवाओं का निर्यात और बढ़ाने मे मदद मिलेगी। इससे पहले परिषद ने निर्यात को प्रोत्साहन को क्षेत्र के लिए सेवाओं के निर्यात पर शुल्क वापसी योजना (ड्रेस) के स्थान पर एक वैकल्पिक योजना प्रस्ताव किया था।

### यूएई के साथ एफटीए से भारत के 26 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से रत्न एवं आभूषण जैसे करीब 26 अरब डॉलर मूल्य के घरेलू उत्पादों को फायदा मिलने की संभावना है। इन पर अभी खाड़ी देश मे पांच प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। एक अधिकारी ने भारत-यूएई एफटीए से जुड़े लाभो को रेखांकित करते हुए कहा कि इस करार से श्रम-गहन क्षेत्रों मसलन कपड़ा, चमड़ा, जूते-चप्पल, खेल का सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि और लकड़ी के उत्पाद, इंजीनियरिंग, फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणो तथा वाहन जैसे उद्योगो को काफी लाभ होगा। अधिकारी ने कहा कि सेवा क्षेत्र की बात की जाए, तो इस करार से कंप्यूटर से संबंधित सेवाएं, ऑडियो-विजुअल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, यात्रा, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और लेखा सेवाओ को भी प्रोत्साहन मिलेगा। भारत और यूएई ने 18 फरवरी को वृहद आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसका उद्देश्य पांच साल की अवधि मे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना और लाखो रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।अधिकारी ने कहा, यूएई पहले से ही भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। 2019-20 मे यूएई को भारत का निर्यात लगभग 29 अरब डॉलर रहा था। यूएई के साथ सीईपीए से लगभग 26 अरब डॉलर मूल्य के भारतीय उत्पादों को लाभ होने की संभावना है। इन उत्पादों पर यूएई में पांच प्रतिशत का आयात शुल्क लगता है। अनुमानों के अनुसार, 2023 मे सोने और स्वर्ण-जड़ित आभूषणो का निर्यात बढ़कर 10 डॉलर हो जाएगा और भारत द्वारा सोने जैसे उत्पादों मे यूएई को दी जाने वाली शुल्क रियायतों से उत्पादन सामग्री के आयात लागत कम हो जाएगी।

### अगले वित्त वर्ष में छह अरब डॉलर को पार कर जाएगा चमड़ा, फुटवियर निर्यात : सीएलई

**नई दिल्ली।** देश के चमड़ा एवं फुटवियर (जूते-चप्पल) निर्यात के वर्ष 2022-23 मे छह अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने की संभावना है। अमेरिका और पश्चिम एशिया एवं अफ्रीकी देशों में मांग बढ़ने से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन संजय लीखा ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पश्चिम एशिया के बाजार में भारतीय चमड़ा उत्पादों की पहुंच बढ़ने में मदद मिलेगी। इससे भारत का चमड़ा एवं फुटवियर निर्यात बेहतर होगा। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनो यानी अप्रैल-दिसंबर के दौरान देश से चमड़ा एवं फुटवियर निर्यात 33 प्रतिशत बढ़कर 3.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2020-21 में निर्यात 3.3 अरब डॉलर रहा था जबकि 2019-20 में भारत ने 4.7 अरब डॉलर का निर्यात किया था। लीखा ने कहा, हमें अमेरिका और वहां के बड़े ब्रांडो से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है। हमे लातिनी अमेरिका, पश्चिम एशिया और यूरोप मे भी अच्छी वृद्धि हासिल होने की उम्मीद है। इस परिदृश्य मे हमे विश्वास है कि वर्ष 2022-23 मे निर्यात का आंकड़ा छह अरब डॉलर को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑर्डर बुक की स्थिति अच्छी है और चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभावो से उबरने को लेकर काफी आशान्वित है। सीएलई के प्रमुख ने कहा कि इस उद्योग का कुल कारोबार अगले पांच साल में 30 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें घरेलू कारोबार 20 अरब डॉलर का होगा जबकि 10 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार होगा। इससे करीब 15 लाख नए रोजगार भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि निर्यात मांग बढ़ने से इस क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। पहले से ही इस उद्योग में करीब 45 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। सरकार की तरफ से विनिर्माण गतिविधियो को बढ़ावा देने के लिए शुरू की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दायरे में चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग को भी लाने की मांग की जा रही है।

### टाटा टेक्नोलॉजीज 2022-23 में तय योजना से 1,000 अतिरिक्त लोगों की नियुक्ति करेगी

**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज ग्राहको की जरूरतों को पूरा करने के लिए चालू वित्त वर्ष 2022-23 में तय योजना से कम से कम 1,000 अतिरिक्त लोगों की नियुक्ति करेगी। हालांकि, कंपनी ने 12 माह की अवधि में 3,000 से अधिक नवोन्मेषको की नियुक्ति करने की योजना बनाई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। जनवरी में वैश्विक इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास डिजिटल सेवा कंपनी ने अपने विस्तारित प्रतिभा नियुक्ति कार्यक्रम के तहत 12 महीने की अवधि में 3,000 से अधिक नवोन्मेषणों की भर्ती करने की योजना की घोषणा की थी। इसके तहत कंपनी ने दुनिया के सभी प्रमुख बाजारो के अलावा देश के कई राज्यो मसलन महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई थी।

# पेज एक का शेष

## तीसरा चरण...

मतदान केन्द्र पर अपना-अपना वोट डाला। कांग्रेस के शासन में केन्द्र सरकार में मंत्री रहे सलमान खुर्शीद ने फर्रुखाबाद में मतदान किया। यहां पत्नी लुइस खुर्शीद कांग्रेस की प्रत्याशी हैं। मतदान के बाद सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमें उत्तर प्रदेश में पहले काफी दिक्कतें हुईं हैं लेकिन हमारी नेता प्रियंका गांधी ने कांग्रेस को मजबूती दी है और हमें इस बार जनता से अच्छा बहुमत मिलेगा। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में यहां की राजनीति के परिदृश्य में अपना नाम दर्ज कराने आई है। तीसरे चरण में आबकारी मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री मैनपुरी के भोगांव व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री नीलिमा कटियार कल्याणपुर से चुनाव मैदान में हैं। फिरोजाबाद की सिरसागंज सीट पर मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम यादव इस बार भाजपा के टिकट से किस्मत आजमा रहे हैं। कानपुर की किदवईनगर सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय कपूर व सीसामऊ सीट पर सपा के हाजी इरफान सोलंकी फिर मैदान में हैं। बसपा छोड़कर भाजपा में आए विधायक रामवीर उपाध्याय हाथरस की सादाबाद से चुनाव मैदान में हैं। आइपीएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए असीम अरुण कन्नौज से भाजपा के टिकट पर किस्मत आजमा रहे हैं। वर्ष 2017 के चुनाव में इन 59 सीटों में 49 सीटों पर भाजपा का कब्जा था। सपा के खाते में आठ व बसपा व कांग्रेस के पास एक-एक सीट थी। इस चरण के चुनाव में जहां भाजपा परिवारवाद का आरोप लगाकर एक ओर सपा को घेर रही है, वहीं योगी सरकार बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वोट मांग रही है। सपा बेरोजगारी, किसानों की समस्या के साथ ही 300 यूनिट फ्री बिजली देने सहित कई लुभावने मुद्दों पर वोट मांग रही है।

## पंजाब में...

मतदान के दौरान 72 बैलेट यूनिट, 64 कंट्रोल यूनिट और 649 वीवीपीएटी को बदला गया। इससे पहले दिन में आप नेता राघव चड्ढा ने पंजाब भर के कई बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया, जबकि शिअद और कांग्रेस पर बूथ कैप्चरिंग का भी आरोप लगाया गया। लगातार ट्वीट कर चड्ढा ने प्रतिद्वंद्वी दलों पर ईवीएम खराब करने का आरोप लगाया और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से तत्काल कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा, फिरोजपुर शहरी भाजपा उम्मीदवार राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी के दो बेटों और बॉलीवुड अभिनेता माही गिल के अलावा निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार के एक सहयोगी पर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया। फिरोजपुर (शहरी) के एक सीमावर्ती गांव में भाजपा और आप के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की भी खबर है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू, पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, शिअद अध्यक्ष सुखबीर बादल, आम आदमी पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भगवंत मान समेत कई दिग्गजों का भाग्य अब ईवीएम में बंद हैं और 10 मार्च को अन्य राज्यों के साथ ही नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## सपा सरकार...

थी उसमें बड़ा धमाका। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी का जो चुनाव सिम्बल है ना। पहले जो बम धमाके हुए वो साइकिल पर रखे बमों से हुए थे। उन्होंने कहा मैं हैरान हुआ कि उन्होंने साइकिल पर क्यों बम रखे। पीएम ने कहा जब 2013 में समाजवादी पार्टी की सरकार सत्ता में आई तब उन्होंने शमीम अहमद नाम के आरोपी पर मुकदमें को वापस लेने का काम किया। उन्होंने जनता से पूछा कि आप इनको मौका देंगे तो ये वारदाते करेंगे या नहीं। मोदी ने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि ये घोर परिवारवादी आपको बिजली नहीं, बिजली का झटका देने के लिए तैयार बैठे हैं। जिनके काले कारनामे ही अंधेरे मे फलते फूलते हों वो परिवारवादी प्रदेश को कभी उजाला नहीं दे सकते। पीएम मोदी ने कहा कि आपका यह उत्साह यह जोश हम सभी के लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है। ये धरती शाण्डिल्य ऋषि की तपोस्थली है। हरदोई की पुण्य भूमि से होली जैसी पवित्र त्योहार का जुड़ाव हम सभी जानते हैं। हरदोई के लोगों ने यूपी के लोगों ने दो बार रंगों की होली खेलने की तैयारी कर ली है। पहली होली 10 मार्च को भाजपा की बम्पर जीत के साथ मनाई जाएगी। लेकिन अगर होली 10 मार्च को धूमधाम से मनानी है तो अभी तैयारी पोलिंग बूथ पर करनी होगी। पीएम मोदी ने कहा कि हरदोई वालों ने वो दिन देखे हैं कैसे इन लोगों ने कट्टा और सट्टा वालों को खुली छूट दे रखी थी। अपराधियों को इन घोर परिवारवादियों की सरकार का पूरा संरक्षण होता था लेकिन हरदोई की जनता देख रही है कैसे सबका हिसाब हो रहा है। मोदी ने उन्नाव की जनसभा में कहा कि यूपी में आज तीसरे चरण का चुनाव हो रहा है। ऐसा लग रहा है पहले दो चरण में भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व आशीर्वाद मिले हैं। यूपी में आज हर तरफ एक ही गूंज है। 17 में हराया था 22 में फिर से हराएंगे। यूपी के लोग योगी जी को ही लाएंगे। मोदी ने कहा कि साथियों ये परिवारवादी लोग कुछ क्षेत्र को अपना साम्राज्य समझते हैं। ये सोचते हैं जो कहेंगे जनता वही करेगी। इन लोगों को आज तीसरे चरण में उत्साह के साथ मतदान कर रही उत्तर प्रदेश की जनता कह रही है आएगी तो भाजपा ही।

## हैरिस ने...

परमाणु संपन्न मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण कर रहे हैं, जबकि यूक्रेन की सीमा पर 150,000 से अधिक रूसी सैनिक तैनात हैं। हैरिस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेएन, नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग, तीन बाल्टिक देशों के नेताओं और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्स से मुलाकात की। बाइडन ने हैरिस को इस आदेश के साथ जर्मनी भेजा कि वह उनकी इस चिंता से यूरोपीय सहयोगियों को अवगत कराएं कि रूसी हमले की आशंका बहुत प्रबल है। यूरोपीय सहयोगियों को यह स्पष्ट करन के लिए भी कहा गया कि उन्हें मास्को पर अभूतपूर्व प्रतिबंध लागू करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हैरिस ने संवाददाताओं से कहा कि रूसी हमले और इसके बाद के प्रतिबंधों की कीमत अमेरिकियों को भी चुकानी पड़ेगी। हैरिस ने कोई वादा नहीं किया, लेकिन उन्होंने सम्मेलन में अपने संबोधन में संभावना जताई कि अगर यूक्रेन पर रूस हमला करता है तो अमेरिका पूर्वी तट पर नाटो सहयोगियों को और मजबूत करेगा। बाल्टिक देशों के नेताओं ने हैरिस से अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ाने की अपील की। एस्टोनिया के प्रधानमंत्री काजा कैलास ने कहा, हमने एक बार रूस के हाथों अपनी स्वतंत्रता खो दी, अब हम नहीं चाहते कि यह फिर से हो। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पश्चिमी नेताओं से पूछा, आप किस बात का इंतजार कर रहे हैं? यूक्रेन की अर्थव्यवस्था तबाह होने और हमारे देश के कुछ हिस्सों पर कब्जा होने के बाद रूस पर प्रतिबंधों से बस मामूली फर्क होगा। उन्होंने नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की इच्छा को भी दोहराया।

## दूतावास की...

सशस्त्र कार्रवाई नहीं करेगा। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन की स्थिति के बारे में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच रविवार को टेलीफोन पर बातचीत शुरू हुई है। पश्चिमी नेताओं के अनुसार, रूस के पास मिसाइल बैटरी और यूक्रेन के चारों ओर बड़े पैमाने पर युद्धपोतों के साथ 150,000 से अधिक सैनिक तैनात हैं, जो कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।

## मुंबई में...

की। वह ठाकरे जी को तेलंगाना आमंत्रित करते हैं। हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के बारे में भद्दी टिप्पणी करने के लिए तत्काल बर्खास्त करने की मांग करने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की । उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, हम उसकी निंदा करते हैं। केंद्र को अपनी नीतियों में बदलाव करना चाहिए नहीं तो उसे परिणाम भुगतने होंगे। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा हिंदुत्व हमें गलत राजनीति नहीं सिखाता है। कुछ लोग सिर्फ अपने एजेंडे के लिए काम कर रहे हैं, भले इसकी कीमत देश को चुकानी पड़े। हमारा लक्ष्य देश को सही रास्ते पर लाना है। कौन प्रधानमंत्री बनेगा, कौन नहीं, यह बाद का मुद्दा है। ठाकरे के साथ लंच करने के बाद केसीआर बाद में मुम्बई में ही राकांपा नेता शरद पवार के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने पर बातचीत की। इस द्विपक्षीय बातचीत के बाद पवार ने कहा कि दोनों नेताओं ने सिद्धांतों और देश के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम देशवासियों को रास्ता दिखाएं, किसानों और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

## चीन के...

यह पारदर्शी और व्यावसायिक रूप से आधारित होना चाहिए। चीन की कर्ज देकर देशों को अपनी ओर करने की नीति को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता के बीच जयशंकर ने कहा कि कर्ज का जाल तैयार नहीं किया जाना चाहिए तथा देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

## क्वाड को...

की उपमाओं को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपसे एशियाई-नाटो की उपमा में न फंसने का अनुरोध करता हूं। ऐसा इसलिए नहीं कि तीन देश हैं, जो संधि सहयोगी हैं। हम संधि सहयोगी देश नहीं है। यह अधिक विविध, बिखरी हुई दुनिया का जवाब देने का 21वीं सदी का एक तरीका है। क्वाड अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का समूह है। विदेश मंत्री ने चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि क्वाड 2017 में बना था। यह 2020 के बाद नहीं बना है। उन्होंने कहा, क्वाड के सहयोगी देशों अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारे संबंधों में पिछले 20 वर्षों में सुधार हुआ है। ए चार देश हैं जो आज यह मानते हैं कि अगर वे सहयोग करते हैं तो दुनिया एक बेहतर जगह होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड के कोविड-19 वैक्सीन परियोजना पर भिन्न विचार हैं। उन्होंने कहा, क्वाड वैक्सीन परियोजना करने पर राजी हो गया है। मुझे नहीं लगता कि क्वाड के ट्रिप्स छूट समेत सभी विषयों पर समान विचार होने चाहिए। मुझे लगता है कि हमारे भिन्न विचार हैं। मेरे विचार में संभवत: हमारे विचार सबसे अधिक प्रगतिशील हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर 2020 में भारत और दक्षिण अफ्रीका ने पहला प्रस्ताव सौंपते हुए कोविड-19 की रोकथाम या इलाज के संबंध में ट्रिप्स समझौते के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी सदस्यों के लिए छूट का सुझाव दिया था।

# रूस ने सैन्य अभ्यास का विस्तार किया

**भाषा।** कीव

**रूस ने रविवार** को यूक्रेन की उत्तरी सीमाओं के पास सैन्य अभ्यास का विस्तार किया। वहीं, पूर्वी यूक्रेन में सैनिकों और रूस समर्थित अलगाववादियों के बीच लगातार दो दिन हुई गोलाबारी से हमले की आशंका और बढ़ गई है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संघर्ष विराम की अपील की है।

बेलारूस के रक्षा मंत्री विक्टर खेनिन ने कहा है कि यूक्रेन को लेकर बढ़ते तनाव के कारण रूसी सैनिकों के साथ उनके देश का संयुक्त अभ्यास जारी रहेगा। पहले के कार्यक्रम के मुताबिक यह अभ्यास रविवार को खत्म होना था। यूक्रेन की उत्तरी सीमा बेलारूस से लगती है, जहां वाहनों से पहुंचने में तीन घंटे से भी कम का समय लगता है। रूसी सैनिकों की मौजूदगी से पश्चिमी देशों को आशंका है कि वे यूक्रेन की राजधानी कीव में घुस सकते हैं। कीव की आबादी करीब 30



लाख है। पश्चिमी देशों के नेताओं ने आगाह किया है कि रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला कर सकता है और उसने सीमा के तीनों तरफ लगभग 1,50,000 सैनिकों, युद्धक विमानों और अन्य साजो-सामान की तैनाती कर रखी है। रूस ने शनिवार को पड़ोसी देश बेलारूस में परमाणु हथियारों और पारंपरिक युद्धाभ्यास किया। काला सागर तट के पास भी उसके नौसैनिकों ने अभियान में हिस्सा लिया। अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने आशंका जताई है कि रूस हमला करने के बहाने तलाश रहा है। पश्चिमी देशों ने हमले की स्थिति

### ● यूक्रेन ने संघर्ष विराम की अपील की

में तत्काल प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बैठक करके संकट का हल निकालने का प्रस्ताव दिया। जेलेंस्की ने रविवार को ट्वीट कर संघर्ष विराम की अपील की। जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का अनुमान है कि बेलारूस में 30,000 रूसी सैनिक हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत के बाद पुतिन ने यूक्रेन पर हालात को भड़काने और नाटो पर यूक्रेन में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के बयान में संघर्ष विराम के अस्थाई होने का उल्लेख किया गया और वार्ता के लिए जेलेंस्की की



अपील पर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रविवार को कहा, बड़ा सवाल यह है कि क्या रूस बातचीत करना चाहता है? मिशेल ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा, ऐसे में जब रूस मिसाइल परीक्षण करता रहता है और सैनिकों को इकट्ठा करना जारी रखता है हम हमेशा शांति-सद्भावना की पेशकश नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, एक बात निश्चित है। अगर आगे सैन्य आक्रमण होता है तो हम और बड़े प्रतिबंध लगाएंगे। कीव में, रविवार को जन-जीवन सामान्य रहा। वर्षों पहले अलगाववादियों के कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र से भागकर आईं कतेरीना स्पांचक ने कहा कि उन्होंने शांति के लिए प्रार्थना की। स्पांचक ने कहा, हम इंसान हैं, हम सभी जीवन से प्यार करते हैं। इसी प्यार के कारण सब एकजुट हैं। मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। हालांकि, पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा बढ़ने और इसकी आड़ में रूस के आक्रमण करने को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया। दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की है। रूस ने अलगाववादियों के कब्जे वाले क्षेत्र के लोगों के लिए करीब 7,00,000 पासपोर्ट जारी किए। अलगाववादी क्षेत्रों के अधिकारियों ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना ने पिछले दिनों कई तोपों से गोले दागकर हमले किए।



अमेरिकी सैनिक पोलैंड के रेज़ज़ो में वाहनों पर उपकरण लोड करते हुए, अमेरिका ने हाल ही में नाटो सहयोगी पोलैंड को लगभग 5,000 सैनिक भेजे हैं

## पाकिस्तान ने 31 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के समुद्री प्राधिकारियों ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में 31 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनकी पांच नौकाओं को जब्त कर लिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) ने कहा कि उसने शुक्रवार को पाकिस्तान विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में गश्त के दौरान घुसपैठ करने वाली नौकाओं को पकड़ा। पीएमएसए ने कहा कि उसके एक जहाज ने चालक दल के 31 सदस्यो के साथ मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को पकड़ा। उसने कहा कि नौकाओं को पाकिस्तानी कानून और समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि के अनुसार आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कराची ले जाया गया है। पाकिस्तान और भारत एक दूसरे के मछुआरों को जलसीमा का उल्लंघन करने के लिए अक्सर गिरफ्तार करते रहते है।

## संसद तय करेगी नेपाल को किस तरह की विकास सहायता की जरूरत है

**काठमांडू।** नेपाल हमेशा एक स्वतंत्र, संतुलित और गुटनिरपेक्ष विदेश नीति का अनुसरण करता रहा है और इसकी संप्रभु संसद तय करेगी कि देश के लिए किस तरह की विकास सहायता की आवश्यकता है। विदेश मंत्रालय ने 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर की विवादास्पद मिलेनियम कॉर्पोरेशन चैलेंज (एमसीसी) परियोजना के संबंध मे रविवार को यहां यह बात कही। नेपाल सरकार ने विरोध के बीच रविवार को एमसीसी परियोजना से जुड़े समझौते को संसद मे मंजूरी के लिए पेश किया। अमेरिका की इस परियोजना को लेकर नेपाल मे जोरदार विरोध किया जा रहा है और इस मुद्दे को लेकर हिमालई देश मे राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज हो गया है। हालांकि प्रतिनिधि सभा मे समझौते को पेश किया गया तो सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्यो समेत विपक्षी दलो के सांसदो द्वारा इसका तीव्र विरोध किया गया। अधिकारियों ने कहा कि संसद के बाहर कम्युनिस्ट पार्टी के छोटे गुटो और कई वाम समर्थक युवा संगठनो ने रैलियां की और अमेरिका विरोधी नारे लगाए।

## अमेरिका में पोर्टलैंड के पार्क में गोलीबारी, एक की मौत, पांच घायल

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** अमेरिका मे ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड शहर के एक पार्क मे गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए है। पोर्टलैंड पुलिस ब्यूरो ने बताया कि शनिवार रात को लगभग आठ बजे नॉर्मंडेल पार्क मे गोलीबारी होने की सूचना मिली थी जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे।पुलिस ने बताया कि जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हे एक महिला मृत मिली जबकि तीन महिलाएं और दो पुरुष घायल हालत थे जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने गोलीबारी मे शामिल किसी भी शख्स का नाम नही बताया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध मे जांच जारी है।

## इजराइल बिना टीकाकरण वाले पर्यटकों को देश में आने की अनुमति देगा

**यरुशलम।** इजराइल ने रविवार को घोषणा की कि वह अगले महीने से बिना टीकाकरण वाले पर्यटकों को देश मे प्रवेश करने की अनुमति देगा क्योंकि कोरोना वायरस के मामलो मे कमी देखी जा रही है। इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने कहा कि विदेशी पर्यटकों के प्रस्थान और आगमन पर कोरोना वायरस संक्रमण के पीसीआर जांच की जरूरत होगी, चाहे उनका टीकाकरण हुआ हो अथवा नही। यह नया नियम एक मार्च लागू होगा। बेनेट ने कहा, कोरोना वायरस संक्रमितो के आंकड़ो मे हम लगातार गिरावट देख रहे है, इसलिय यह समय अब धीरे-धीरे खोलने का है।

# क्या रूस सूचना युग में ऐसा कर सकता है?

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** अधिकारी पिछले कुछ हफ्तों से कई बार आगाह कर चुके हैं कि रूस ऐसी योजना बना रहा है कि उसकी सेना पर हमला होता दिखे और वह इसकी तस्वीरें दुनिया को दिखा सके।

अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इस तरह का फॉल्स फ्लैग अभियान रूस को यूक्रेन पर हमला करने का बहाना प्रदान करेगा। फॉल्स फ्लैग एक ऐसी सैन्य कार्रवाई होती है जहां पर एक देश छिपकर, जानबूझकर स्वयं की संपत्ति, इंसानी जान को नुकसान पहुंचाता है जबकि दुनिया के सामने वह यह बताता है कि उसके दुश्मन देश ने ऐसा किया है। इसकी आड़ में ऐसा करने वाला देश अपने शत्रु देश पर हमला कर देता है। इस योजना का भंडाफोड़ करते हुए बाइडन प्रशासन क्रेमलिन को युद्ध को जायज ठहराने वाले इस तरह का आधार बनाने से रोकना चाहता है। लेकिन इस तरह के फॉल्स फ्लैग हमले अब नहीं हो सकते, क्योंकि उपग्रह से ली गई तस्वीरें और मैदान के सजीव वीडियो व्यापक रूप से और तुरंत इंटरनेट पर साझा किए जाते हैं। ऐसे में आज फॉल्स फ्लैग हमले की जिम्मेदारी से बचना एक मश्किल काम है। फॉल्स फ्लैग हमला और इसमें शामिल आरोपी देशों का एक लंबा इतिहास रहा है। इस शब्द की उत्पत्ति समुद्री लुटेरों के लिए हुई जो मैत्रीपूर्ण (और झूठे) झंडों को लगाकर व्यापारी जहाजों को पर्याप्त रूप से नजदीक आने के लिए आकर्षित करते थे ताकि उन पर हमला किया जा सके। बीसवीं शताब्दी में फॉल्स फ्लैग से जुड़े कई मामले हैं।

वर्ष 1939 में नाजी जर्मनी के एजेंटों ने पोलैंड की सीमा के निकट एक जर्मन रेडियो स्टेशन से जर्मन-विरोधी संदेश प्रसारित किए। उन्होंने कई नागरिकों की भी हत्या कर दी, जिन्हें उन्होंने पोलैंड पर जर्मनी के नियोजित आक्रमण का बहाना बनाने के लिए पोलिश सैन्य वर्दी पहनाई थी। उसी वर्ष सोवियत संघ ने फिनलैंड की सीमा के पास से सोवियत क्षेत्र में गोले दागे और फिनलैंड को दोषी ठहराया।

अमेरिका को भी इसी तरह की साजिशों में फंसाया गया है। ऑपरेशन नॉर्थवुड्स का प्रस्ताव अमेरिकियों को मारने और कास्त्रो पर हमला करने का आरोप लगाने के लिए था, ताकि सेना को क्यूबा पर आक्रमण करने का बहाना मिल जाए। हालांकि कैनेडी प्रशासन ने अंततः योजना को खारिज कर दिया। वर्ष 1898 में जहाज यूएसएस मेन का डूबना और 1964 में टोंकिन की खाड़ी की घटना - जिनमें से प्रत्एक को युद्ध को जायज ठहराने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया था - को संभावित फॉल्स फ्लैग हमलों में शामिल किया जाता है, लेकिन इन आरोपों का समर्थन करने वाले सबूत कमजोर हैं।

### ● क्या है फॉल्स फ्लैग हमला

**वैश्विक मौजूदगी और दुष्प्रचार :** हाल मे आरोप लगाया गया था कि बुश प्रशासन ने नागरिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों को सही ठहराने और इराक पर हमला करने की नीव रखने के लिए ट्विन टावरों को नष्ट करने की योजना बनाई थी। अगर लोग मानते हैं कि फॉल्स फ्लैग हमले होते हैं, तो इसका कारण यह नही कि ऐसा होना आम बात है। बल्कि लोग समझते है कि राजनेता भ्रष्ट होते है और संकटों का लाभ उठाते है। उदाहरण के लिए बुश प्रशासन ने 911 के हमलों का इस्तेमाल इराक पर अपने आक्रमण के लिए समर्थन जुटाने में किया था।

**विश्वसनीयता की चुनौती :** यह मानने की इच्छा कि नेता इस तरह के अत्याचार करने मे सक्षम है, दुनियाभर मे सरकारों के प्रति बढ़ते अविश्वास को दर्शाता है। संयोगवश यह फॉल्स फ्लैग हमलों को अंजाम देने का इरादा रखने वाले नेताओं के लिए मामलों को जटिल बनाता है। इसके अलावा स्वतंत्र जांचकर्ता के कारण सरकारों के लिए कानूनों और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के गंभीर उल्लंघन से बचना मुश्किल हो जाता है।

**फॉल्स फ्लैग का विकल्प :** रूस के पास आक्रमण के लिए अन्य विकल्प है। वर्ष 2014 में क्रीमिया में अपनी घुसपैठ की शुरुआत में क्रेमलिन ने यूक्रेन के प्रतिरोध को रोकने और घरेलू सहमति हासिल करने के लिए जिस उपाय का इस्तेमाल किया उसमें दुष्प्रचार और धोखा शामिल था। इसके विपरीत फॉल्स फ्लैग अभियान जटिल है और शायद अधिक नाटकीय है, जो अवांछित जांच को आमंत्रित करता है। फॉल्स फ्लैग हमले जोखिम भरे होते हैं, जबकि जायज आधार बनाने के इच्छुक नेताओं के पास सूक्ष्म और कम खर्चीले वाले विकल्पों की भरमार है जिसमें से वह किसी का भी चयन कर सकते है।

## क्विक न्यूज

### युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बावजूद पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर शांति कायम

**वारसॉ।** यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में बढ़ते तनाव और पश्चिमी देशों की व्यापक चेतावनियों के बीच यूरोपीय संघ के सदस्य देश पोलैंड से लगती यूक्रेन की सीमा पर शांति कायम है। पश्चिमी देशों ने रूस को चेतावनी दी है कि यदि वह यूक्रेन पर आक्रमण करता है तो व्यापक युद्ध के लिए उसे तैयार रहना होगा। सीमा पर स्थित पोलैंड के छोटे से समुदाय में ओलंपिक रिंग से पेंट किया गया एक खेल केंद्र आपात स्थिति में यूक्रेन के लोगों को शरण देने के लिए तैयार रखा गया है। फिलहाल मेडिका का स्पोर्ट्स सेंटर पूरी तरह खाली है और यूक्रेनवासियों के अपने देश से भागकर इधर आने का कोई संकेत नहीं है। वोलोदीमीर हेलीक (29) ने कहा, कोई भी डरा हुआ नहीं है, कोई भी अपना घर-बार नहीं छोड़ेगा, कोई नहीं भागेगा। हेलीक के दोस्त वोलोदीमीर एरमाकोव (34) ने कहा कि वे लोग रूस समर्थित अलगाववादियों द्वारा पूर्वी यूक्रेन में 2014 में शुरू किए गए युद्ध के पुराने योद्धा हैं और यदि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आक्रमण करते हैं।

### कनाडा में विरोध प्रदर्शन थमा, स्थिति अब नियंत्रण में

**टोरंटो।** कनाडा में संसद के आसपास के ज्यादातर क्षेत्रों में अब स्थिति नियंत्रण में हैं। ओटावा में जुटे ज्यादातर प्रदर्शनकारियों को पुलिसकर्मियों ने खदेड़ दिया है और ट्रकों के लगातार बज रहे हॉर्न अब शांत हो चुके हैं। इस विरोध प्रदर्शन के कारण अमेरिका-कनाडा सीमा की कुछ चौकियों समेत राजधानी के प्रमुख हिस्सों को भी हफ्तों तक बंद करना पड़ा था। पहले यह विरोध प्रदर्शन सीमा पार के ट्रक चालकों के लिए अनिवार्य टीकाकरण के आदेश के खिलाफ था। लेकिन बाद में यह कोविड प्रतिबंधों और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के विरोध पर केंद्रित हो गया। संसद के आसपास की सड़कों पर पुलिस के नियंत्रण के बाद हैमिल्टन में ओंटारियो के 33 वर्षीय एक प्रदर्शनकारी मार्क सूटर ने कहा, मुझे लगता है कि हमने यहां कुछ शुरू किया है। उनका मानना है कि विरोध प्रदर्शन देश को विभाजित करेगा। उन्होंने कहा, यह हमारे देश में एक बहुत बड़ा विभाजन करने जा रहा है, मुझे नहीं लगता है कि यह अंत है। इस बीच ज्यादातर विश्लेषकों को संदेह है कि यह विरोध प्रदर्शन कनाडा की राजनीति पर कोई ऐतिहासिक असर छोड़ेगा, लेकिन इसने कनाडा के दो प्रमुख दलों को झकझोर कर रख दिया है। टोरंटो विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर नेल्सन वाइसमैन ने कहा, विरोध ने उदारवादियों और रूढ़िवादियों दोनों की साख को नुकसान पहुंचाया है।

### युद्ध टालने के लिए राष्ट्रपति बाइडन रूस के साथ किसी भी चर्चा के लिए तैयारः ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** यूक्रेन की सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन युद्ध को टालने के लिए अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ किसी भी स्थान और समय में किसी भी प्रारूप में बातचीत करने के लिए तैयार हैं। मास्को द्वारा कथित तौर पर यूक्रेन पर हमला करने की योजना बनाने की आंशका के मद्देनजर रूस और अमेरिका के बीच बढ़े तनाव के बीच ब्लिंकन की यह टिप्पणी सामने आई है। हालांकि, रूस ने यूक्रेन पर हमले की योजना की बात से लगातार इंकार किया है। ब्लिंकन ने सीएनएन के साथ साक्षात्कार में कहा, जैसा कि हमने पहले ही कहा है कि हमले की ओर ले जाने वाली हर चीज होती प्रतीत हो रही है। हम मानते हैं कि राष्ट्रपति पुतिन ने निर्णय ले लिया है, हालांकि, जब तक टैंक वास्तव में आगे नहीं बढ़ते और विमान उड़ान नहीं भरते, तब तक हम हर अवसर का उपयोग करेंगे। हम हर मौके का इस्तेमाल करेंगे और यह देखेंगे कि क्या कूटनीति अभी भी राष्ट्रपति पुतिन को इस कदम को आगे बढ़ाने से रोक सकती है?

# यूनान के द्वीप से दूर जलती नौका से जीवित व्यक्ति मिला, 11 लापता



**भाषा।** एथेंस

**यूनान के तटरक्षक** बल ने कहा है कि धू-धूकर जल उठी इटली की एक नौका के पिछले हिस्से से एक व्यक्ति को जिंदा बचाया गया है, हालांकि 11 लोग अब भी लापता हैं। तटरक्षक प्रवक्ता ने बताया कि इटली की यूरोफेरी ओलम्पिया के पिछले हिस्से में बाईं तरफ बेलारूस का एक नागरिक ठीकठाक हालत में जीवित पाया गया। इस नौका में 290 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे तथा 153 ट्रक और 32 कार लदे हुए थे। यूनान के उत्तर पश्चिम में स्थित इगौमेनित्सा बंदरगाह से शुक्रवार को रवाना होने के तीन घंटे के भीतर ही इसमें आग लग गई थी। यह नौका इटली के ब्रिंडिसी जा रही थी। आग लगने के बाद यूनान के तटरक्षकों और अन्य नौकाओं ने 280 यात्रियों को बचाया और उन्हें कोर्फू द्वीप ले जाया गया। शनिवार की देर रात को बचाए गए दो यात्रियों में से एक जहाज में सवार यात्रियों की सूची में शामिल नहीं था और ऐसा माना जाता है कि यह कोई बाहरी व्यक्ति है। अधिकारियों ने बताया कि जहाजों को खींचने वाले तीन जहाज (टगबोट्स) यूरोफेरी ओलम्पिया को धीरे-धीरे खींचकर उत्तरपूर्वी द्वीप कोर्फू ले जा रहे हैं। अग्निशामकों के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है, जो अब जहाज के कुछ खास हिस्सों में ही नजर आ रही है, लेकिन समय-समय इसकी लपटें तेज हो जाती हैं तथा धुएं की घनी परत जहाज को ढक लेती है। कोर्फू द्वीप पर यूनान के एक अधिकारी ने आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

# जर्मनी में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले जयशंकर

**भाषा।** म्यूनिख

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने रविवार को जर्मनी में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूत गति को रेखांकित किया। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन-2022 में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे जयशंकर ने जर्मनी की अपनी यात्रा के समापन से पहले भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, रविवार को म्यूनिख की सर्द सुबह में भारतीय समुदाय से जुड़े लोगों की भीड़ देखकर बहुत अच्छा लगा। भारत के लिए उनकी भावनाएं बहुत हृदयस्पर्शी थीं। उनके साथ आत्मविश्वास से भरे राष्ट्रीय मिजाज को साझा किया। भारत-जर्मनी संबंधों की मजबूत गति को भी रेखांकित किया। इससे पहले, जयशंकर ने जर्मनी के आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्री स्वेंजा शुल्ज के साथ बैठक कर संबंधित विकास साझेदारी दृष्टिकोण पर रचनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा, हम हरित विकास और स्वच्छ तकनीक को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता साझा करते हैं। जयशंकर ने जर्मन चांसलर के विदेश और सुरक्षा नीति सलाहकार जेन्स प्लॉटनर के साथ भी बातचीत की। उन्होंने ट्वीट किया, जर्मन चांसलर के विदेश और सुरक्षा नीति सलाहकार जेन्स प्लॉटनर के साथ एक बेहतरीन बैठक। वैश्विक विकास की उपयोगी समीक्षा की। जयशंकर जर्मनी से फ्रांस जाएंगे, जहां वह अपने फ्रांसीसी समकक्ष ज्यां-यवेस ले ड्रियन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

### हरित विकास, स्वच्छ प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना भारत और जर्मनी की साझा प्रतिबद्धता है



**म्यूनिख (जर्मनी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी की आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्री स्वेन्जा शुल्जे के साथ रचनात्मक बैठक के बाद कहा कि हरित विकास एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना भारत और जर्मनी की साझा प्रतिबद्धता है। जयशंकर यहां म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2022 में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जर्मनी पहुंचे थे। जयशंकर ने शनिवार देर रात ट्वीट किया, मैंने जर्मनी की आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्री स्वेन्जा शुल्जे के साथ रचनात्मक बातचीत की। उन्होंने कहा, हमने विकास साझेदारी को लेकर अपने-अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की। हम हरित विकास एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने जर्मनी के चांसलर के विदेश एवं सुरक्षा नीति सलाहकार जेन्स पोएत्लर से भी वार्ता की। उन्होंने ट्वीट किया, जर्मनी के चांसलर के विदेश एवं सुरक्षा नीति सलाहकार जेन्य पोएत्लर के साथ बैठक अच्छी रही। हमने वैश्विक विकास की उपयोगी समीक्षा की। जयशंकर ने आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन कोवेनी के साथ भी वार्ता की। उन्होंने कहा, आयरलैंड के विदेश मंत्री के साथ दिन में बैठक की। हमने यूएनएससी (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद) में निकटता से काम किया है। आयरलैंड ने ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ हमारे संबंधों में अहम भूमिका निभाई है।

# ब्रिटेन कोविड के साथ जीने की योजना के तहत खत्म करेगा स्वयं को पृथकवास में रखने का नियम

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन में** सरकार की तथाकथित कोविड के साथ जीने की योजना के तहत किसी व्यक्ति के कोरोना वायरस जांच में संक्रमित पाए जाने पर 10 दिनों के लिए स्वयं को पृथक-वास में रखने की कानूनी बाध्यता खत्म होने वाली है। डॉउनिंग स्ट्रीट ने रविवार को यह संकेत दिया। इस योजना के बारे में पूछे जाने पर प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने लोगों से सावधानी को यूं ही हवा में नहीं उड़ा देने की अपील की जब वह इस घातक वायरस के प्रसार से निपटने के लिए राज्य विनिर्दिष्ट नियमों से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बीबीसी से कहा कि वह कुछ कामों पर रोक लगाने के बजाय टीका नीत पहल के साथ इस स्वास्थ्य संकट का समाधान करने के पक्ष में हैं। अब सभी को फिर अपना विश्वास हासिल करने का समय है। हम समझते हैं कि आप राज्य द्वारा अनिवार्य करने के बजाय संतुलन की स्थिति की ओर बढ़ सकते हैं। कोविड तो अचानक गायब होगा नहीं, इसलिए हमें इस वायरस के साथ जीना सीखने तथा अपनी आजादियों पर पाबंदी लगाए बगैर अपनी रक्षा करते रहने की जरूरत है।

### ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय कोरोना से संक्रमित



**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं और उनमें सर्दी-जुकाम जैसे हल्के लक्षण हैं। बकिंघम पैलेस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलिजाबेथ द्वितीय (95) अपने विंडसर कैसल निवास पर हैं। बकिंघम पैलेस के एक बयान में कहा गया है, उनका इलाज जारी रहेगा और वह सभी उचित दिशानिर्देशों का पालन करेंगी। इंग्लैंड में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के वास्ते वर्तमान दिशानिर्देशों के तहत उसे 10 दिनों के लिए पृथकवास में रहना होता है। महारानी के बेटे प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी कैमिला भी इस महीने की शुरुआत में कोविड से संक्रमित पाए गए थे। शाही चिकित्सकों और महारानी के डॉक्टरों को उनके स्वास्थ्य की निगरानी का काम सौंपा गया है। उन्होंने जनवरी 2021 में अपना पहला टीका लगवाया था।

## नेपाल ने विरोध के बीच एमसीसी संसद में पेश किया

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने विरोध के बीच रविवार को 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर की विवादास्पद मिलेनियम कॉर्पोरेशन चैलेंज परियोजना से जुड़े समझौते को संसद में मंजूरी के लिए पेश किया। अमेरिका की इस परियोजना को लेकर नेपाल में जोरदार विरोध किया जा रहा है और इस मुद्दे को लेकर हिमालई देश में राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज हो गया है। प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, सीपीएन-माओवादी सेंटर के चेयरमैन पुष्प कमल दहल प्रचंड और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के प्रमुख माधव कुमार नेपाल उन नेताओ में शामिल थे, जिन्होंने रविवार की सुबह गठबंधन दलों की संयुक्त बैठक में भाग लिया।

**PUBLIC NOTICE**

Whereas M/s Vatika Limited is in the process of undertaking of development of a residential plotted colony in Sector 88A & 88B, over an area measuring 112.60625 acres in Village Harsaru, Gurugram, Haryana in accordance with the provision of Licence No. 94 of 2013 dt. 31-10-2013 and Licence No. 11 of 2015 dt. 01-10-2015 granted by the Director General, Town & Country Planning (Haryana), Chandigarh.

And whereas several individuals have made bookings/entered into purchase agreements for allotment of plots / property in the said colony (hereinafter referred to as allottees).

Whereas a revision of the said layout plan of the said colony to 98.60 acres is proposed to be effected wherein some unutilized areas are proposed to be de-licensed and migrated for better and organized planning of the colony.

And whereas the o/o Director General, Town & Country Planning (Haryana), Chandigarh, while granting the in principle approval of the proposed revised layout vide Memo No. LC-2781/Asstt.(MS)/2022/4071 dated 17-02-2022, has required seeking of any objections from the allottees against the proposed revision in the layout plan as a pre-condition in allowing the proposed revision as per drawing no. XPC/LAY/R4/104 dt. SEP. 2021.

Accordingly, vide this public notice, objections are hereby invited from any of the allottees in the said colony on the proposed revision of the layout plan. The earlier approved layout plan & in principle approved revised layout plan are available for perusal on our website www.vatikacollections.com and at our site office and in the office of Senior Town Planner, Sector-14, Gurugram, Haryana.

Objections, if any, may be filed in the o/o Senior Town Planner, Sector 14, Gurugram, Haryana, or may be filed in our Corporate Office within 30 days of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed revision of the layout plan.

Place: Gurugram
Date: 21.02.2022

For VATIKA LIMITED
Authorised Signatory

# स्तरोन्नयन के लिए सुव्यवस्थापन



**अमित शर्मा** का कहना है कि सही उम्मीदवारों को लक्षित और जोड़ने के लिए, आरओआई को अधिकतम करने, विविधता बढ़ाने और अंततः शीर्ष प्रतिभाओं को शामिल करने हेतु प्रोग्रामेटिक जॉब विज्ञापन एक आवश्यक उपकरण बन गया है, जो एक संगठन में भूमिका के लिए पूर्णतया फिट बैठता है

**छंटनी** और संगठन को छोटा करने के मामले में, कोविड-19 के कारण गंभीर वित्तीय व्यवधान पैदा हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप भारत और दुनिया भर में रिकॉर्ड बेरोजगारी दर है। हालांकि, जैसे-जैसे राष्ट्रव्यापी टीकाकरण कार्यक्रमों व अन्य सुरक्षा अभियानों के कारण अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है, दुनिया में रोजगार-अवसरों में प्रभावशाली वृद्धि देखी जाने लगी है। यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, यह आंकड़ा जून 2021 में 11 मिलियन का आंकड़ा छू गया, जबकि दिसंबर 2020 में यह 6.7 मिलियन था, जो 50 प्रतिशत से अधिक की छलांग है।

डब्ल्यूएफएच और हाइब्रिड वर्किंग जैसी लचीली अवधारणाओं को अपनाने वाले संगठनों के साथ, अधिक से अधिक पेशेवर अब ऐसी नौकरियों की तलाश कर रहे हैं जो इन विकल्पों की पेशकश करें। अमेरिका में लगभग 55 प्रतिशत कामकाजी पेशेवरों के अगले 12 महीनों में नई नौकरी की तलाश करने की संभावना है। लगभग 40 प्रतिशत लोगों ने नौकरी बदलने के अपने प्राथमिक कारणों के रूप में दूरस्थ कार्य, करियर में उन्नति और लचीलेपन का हवाला दिया है। द ग्रेट रिजाइनेशन के नाम से बुलाए जाने वाले इस युग में , नियोक्ताओं को उद्योगों में प्रतिभाशाली पेशेवरों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो उन्हें प्रेरित करने के लिए उच्च वेतन, उदार भत्तों व अधिक लचीलेपन की पेशकश कर रहे हैं।

कंपनियों के पास अब आधुनिक भर्ती रणनीतियों तथा प्रोग्रामेटिक जॉब एडवरटाइजिंग जैसी प्रथाओं को अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, ताकि उचित उम्मीदवारों को लक्षित, आकर्षित और संगठन में शामिल किया जा सके और गलत आवेदन जमा करने और बढ़ती भर्ती लागत जैसी चुनौतियों का सामना किया जा सके।

**गहराई में जाना**

प्रोग्रामेटिक जॉब एडवरटाइजिंग डेटा, एनालिटिक्स, एआई और एमएल का उपयोग करके जॉब विज्ञापनों को खरीदने, रखने और अनुकूलित करने की एक प्रक्रिया है। यह नियोक्ताओं को लक्षित दर्शकों के सामने सही नौकरियां पेश करने, लक्ष्य निर्धारित करने और उनके प्रति प्रौद्योगिकी कार्य करने में मदद करता है।

आज का रोजगार परिदृश्य संभावित उम्मीदवारों से भरा हुआ है। नतीजतन, उनमें से प्रत्येक के साथ मैन्युअल रूप से जुड़ना और भागीदार होना मानव संसाधन टीमों के लिए बहुत कठिन और समय लेने वाला होगा। यही कारण है कि उन्हें अपनी ओर से यह कार्य करने के लिए प्रोग्रामेटिक जॉब एडवरटाइजिंग मंच की आवश्यकता है।

इसके साथ, वे समूची भर्ती प्रक्रिया को स्वचालित कर सकते हैं, जिसमें साक्षात्कार शेड्यूल करने, नौकरी से संबंधित प्रश्नों को संबोधित करने व उम्मीदवारों को हर संभव बिंदु पर अधिक मूल्यवान महसूस कराने जैसे कार्य शामिल हैं। यह एचआर को गलतियां रोकने में मदद करेगा और उन्हें अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर खर्च करने के लिए अधिक समय देगा, साथ ही प्रमुख हायरिंग लक्ष्यों को प्रभावित किए बिना उनकी समग्र हायरिंग लागत में भी कटौती करेगा। इस तरह, वे समूची भर्ती प्रक्रिया को सरल, त्वरित, गुणवत्ता-उन्मुख और लागत प्रभावी बना सकते हैं।

> जब नौकरी चाहने वालों को प्रासंगिक सामग्री दिखाई देती है, तो वे स्वाभाविक रूप से अवसर तलाशने के लिए विज्ञापन के साथ जुड़ जाते हैं। इन विशेषताओं के कारण, इसने पारंपरिक जॉब बोर्ड की तुलना में अंतिम नियुक्ति के पड़ाव तक पहुंचने वाले उम्मीदवारों में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**भर्ती को सटीक और कम लागत वाला बनाता है**

एक नियोक्ता के रूप में, जब आप एक डिजिटल हायरिंग रणनीति अपनाते हैं, तो आप कहीं से भी और हर जगह से उम्मीदवारों को आमंत्रित करके अपने प्रतिभा भंडार का विस्तार करते हैं। इससे आपकी विज्ञापन लागतें बढ़ जाती हैं। हालांकि, प्रोग्रामेटिक जॉब एडवरटाइजिंग का लाभ उठाकर, आप भविष्य कहनेवाला डेटा और बुद्धिमान एल्गोरिदम का उपयोग करके स्वचालित रूप से खर्च का प्रबंधन कर सकते हैं।

यह तकनीक इस बात को अनुकूलित करती है कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में नौकरी विज्ञापन मेट्रिक्स जैसे लागत प्रति आवेदन, लागत प्रति स्रोत, किराया प्रति स्रोत, आदि के साथ कैसे काम दिया जाता है। अंततः, यह प्रक्रिया आपको सर्वोत्तम आरओआई प्राप्त करने में मदद करती है। इसके अलावा, आप वास्तविक समय में अपने प्रदर्शन को देख व मूल्यांकन कर सकते हैं और इस प्रकार सही प्रतिभाओं की भर्ती करते समय बेहतर तथा अधिक जानकार निर्णय ले सकते हैं।

एक देश में जहां कई राज्यों व शहरों में उम्मीदवारों को तलाशने के लिए सुदूर भर्ती कार्य बुलावों की व्यवस्था है। नतीजतन, नौकरी पोस्टिंग का प्रबंधन और उम्मीदवारों के साथ अनुवर्ती भर्ती करने वालों की एक छोटी टीम के लिए अत्यधिक कर लग सकता है यदि वे इसे मैन्युअल रूप से कर रहे हैं। यहीं पर प्रोग्रामेटिक जॉब एडवरटाइजिंग अद्भुत काम करती है। यह समूची भर्ती प्रक्रिया को स्वचालित करता है और भर्ती करने वालों को इस समय का उपयोग अन्य महत्वपूर्ण कार्यों जैसे सोशल मीडिया पर प्रतिभा के साथ जुड़ने, कर्मचारियों की समीक्षाओं का जवाब देने, आभासी नौकरी का पूर्वावलोकन करने में सक्षम बनाता है - ये सभी एक नियोक्ता के रूप में आपकी प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। जब नौकरी चाहने वालों को प्रासंगिक सामग्री दिखाई देती है, तो वे स्वाभाविक रूप से अवसर तलाशने के लिए विज्ञापन के साथ जुड़ जाते हैं। इन विशेषताओं के कारण, इसने पारंपरिक जॉब बोर्ड की तुलना में अंतिम नियुक्ति के पड़ाव तक पहुंचने वाले उम्मीदवारों में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**-लेखक रिसेप्टिक्स के संस्थापक और सीईओ हैं।**

# ऑनलाइन शिक्षण बन गया है प्राथमिक पसंद

**अनीश श्रीकृष्ण बता रहे हैं कि बदलते रुझानों के साथ तालमेल बिठाने और नए जमाने के कारोबारी माहौल को अपनाने के लिए अपनी योग्यता को नियमित रूप से निखारें और नई योग्यताएं सीखें।**



आशीष श्रीकृष्णा
सीईओ, टाइम्स प्रोफेशनल लर्निंग

**■ महामारी की चपेट में आने के बाद से उच्च और कार्यकारी शिक्षा कितनी विकसित हुई है?**

महामारी ने डिजिटल शिक्षण की गति को तेज कर दिया है और सभी स्तरों पर शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ला दी है। बिजनेस स्कूलों, विश्वविद्यालयों और पेशेवर शिक्षण संस्थानों ने पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ावा देने तथा शिक्षार्थियों के लिए अवसरों का एक विशाल भंडार निर्मित करने के लिए ऑनलाइन तंत्र के जरिए शिक्षण के लिए कई तकनीकी हस्तक्षेप आरंभ किए हैं। जलवायु परिवर्तन, आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक संकट जैसी कई चुनौतियों का सामना करने के लिए भविष्य के लिए तैयार व्यावसायिक नेताओं केनिर्माण के लिए कार्यकारी शिक्षा तेजी से बदल गई है।

**■ उच्च / कार्यकारी क्षेत्र और भविष्य के दृष्टिकोण में उभरते रुझान क्या हैं?**

चूंकि उद्योग और व्यवसाय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे प्रौद्योगिकी-आधारित अनुप्रयोगों को अपनाते हैं, इसलिए उच्च व कार्यकारी शिक्षा संस्थानों को उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन शिक्षाशास्त्र और पाठ्यक्रम विकसित करने होंगे। विश्वविद्यालय और संस्थान एआई, एमएल, वीआर, ब्लॉकचेन और बड़े डेटा में मूलभूत अवधारणाओं में गहन निर्देश देने हेतु पाठ्यक्रम को अपडेट कर रहे हैं, जिससे इमर्सिव लर्निंग मेथडोलॉजी को अपनाने में तेजी नजर आएगी।

**■ एडटेक क्षेत्र पर डिजिटलाइजेशन का क्या प्रभाव है और आगे का क्या रास्ता है?**

शिक्षार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंचने के लिए डिजिटल उपकरणों की व्यापक उपलब्धता के साथ-साथ इंटरनेट सेवाओं की गहरी पैठ से लाभ हुआ है। ऑनलाइन शिक्षा ने शिक्षा को एक पूरक विकल्प से प्राथमिक विकल्प में बदल दिया है। व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव, सामग्री-समृद्ध पाठ्यक्रम, इंटरैक्टिव शिक्षण गतिविधियां, चैटबॉट (लाइव) सहायता भविष्य की शिक्षा को शिक्षार्थी-केंद्रित व मैत्रीपूर्ण बनाने के लिए प्रेरित करेगी। भारत में नेतृत्व की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा, कौशल कार्यक्रमों व कॉर्पोरेट प्रशिक्षण को उच्च स्तर पर अपनाया जाएगा।

**■ नयी शिक्षा नीति 2022 भारतीय शिक्षा के भविष्य को कैसे आकार देगी?**

नई शिक्षा नीति भारतीय युवाओं को भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण प्रदान करके, रटंत शिक्षण तथा सैद्धांतिक ज्ञान जैसी पारंपरिक विशेषताओं को व्यावहारिक व अनुभवात्मक-आधारित शिक्षण प्रणाली में बदल देगी। बहु-विषयक शिक्षा पर इसका जोर छात्रों को उच्च शिक्षा में सैद्धांतिक विषयों के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण के मिश्रण के अवसरों के साथ उभरने और पुनः प्रवेश के विकल्पों के साथ सशक्त बनाएगा। साथ ही, कक्षा 6 से कोडिंग की शुरूआत सुनिश्चित करेगी कि छात्रों को प्रौद्योगिकी से परिचित कराया जाए, और कम उम्र में विशेषज्ञता विकसित की जाए ताकि उन्हें हमारे कार्यबल में शामिल करने में मदद मिल सके।

**■ एक कामकाजी पेशेवर के लिए योग्यता निखारना कैसे अनिवार्य हो गया है?**

महामारी से प्रेरित नौकरी के अतिरेक ने कई चुनौतियों को बढ़ा दिया है और पेशेवरों को उन दक्षताओं का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया है जिनकी उद्योग आज मांग करता है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बदलते रुझानों के साथ तालमेल बिठाने और नए जमाने के कारोबारी माहौल के अनुकूल रहने के लिए अपनी योग्यता को नियमित रूप से निखारें और नयी योग्यताएं सीखें। नियोक्ता ऐसे उम्मीदवारों को तरजीह देते हैं जो भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु खुद को लगातार अपडेट करते रहते हैं।

**■ नयी शिक्षा नीति 2022 भारतीय शिक्षा के भविष्य को कैसे आकार देगी?**

यह देखते हुए कि हम लगभग दो साल से कोविड -19 महामारी के बीच हैं, ऐसे में काम पर रखने के रुझानों में कई बदलाव देखे गए हैं। योग्यता खाई को पाटने के लिए, भर्तीकर्ता मांग होने पर कार्यबल का लाभ उठाने का विकल्प चुन रहे हैं जो कंपनियों को उन खास योग्यताओं में दखल देने में सक्षम बनाता है जो उनके कर्मचारियों के पास संगठन में पूर्णतया अवशोषित किए बिना हासिल नहीं होती हैं। कंपनियां आंतरिक प्रतिभा नेटवर्क में भी हाथ रख रही हैं और संभावित उम्मीदवारों, कर्मचारियों व पूर्व छात्रों के साथ जुड़ रही हैं।

# ऑफलाइन-ऑनलाइन पहेली

आंकड़ों के मुताबिक, भारत में वर्ष 2027 तक दुनिया में सबसे बड़ा कार्यबल होगा, जिसमें युवा मोर्चा परिवर्तन के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में होगा। इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं
**मनोज चावला**

यहां एक कथन है कि हमने बार-बार सुना है- प्रौद्योगिकी ने दुनिया को देखने का हमारा तरीका बदल दिया है। प्रौद्योगिकी ने सूक्ष्म स्तरों पर हमारे जीवन में प्रवेश किया है और अब यह संचार का महज एक उपकरण होने से आगे निकल गया है। अब, जिस तरह से हम प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, वह वैश्विक उद्योग के बुनियादी बदलाव के लिए जिम्मेदार है और एक नई औद्योगिक क्रांति ला रहा है। यह छोटे व्यवसायों को व्यापार व संचालन के एक नए युग को आगे लाने में सक्षम बनाने वाला साधन बनकर परिवर्तन और वकालत के एक उपकरण में तब्दील हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि शिक्षा के मानदंडों को बदलने तथा पहुंच व कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने तथा इसके पुनर्निर्माण में इसका योगदान है।

दुनिया भर में सभी बड़े- छोटे बदलाव लाने में शिक्षा सबसे आगे होती है, और इतना ही समझ में आता है कि हर साल, कई परिवार अपने बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए देश भर में जाते हैं। भारत की 2001 की जनगणना ने दर्ज किया कि लगभग 2.9 मिलियन लोग केवल शिक्षा के उद्देश्य से देश के अन्य हिस्सों में चले गए। इसके बाद, 2011 की जनगणना से पता चला कि 13.9 मिलियन लोग शिक्षा के उद्देश्य से पलायन कर गए थे, इसी कारण दिल्ली और मुंबई में प्रवासियों की सबसे घनी आबादी थी।

यह सभी डेटा एक रूझान की ओर संकेत करते हैं, कि भारत पहले से कहीं अधिक शिक्षा के पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जागरूक हो रहा है और लोग आने वाली पीढ़ियों के लिए सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने हेतु पहाड़ों तक जाने के इच्छुक हैं।

लेकिन उन छात्रों का क्या होगा जिनके पास प्रथम श्रेणी शहर में जाने की सुविधाएं और संसाधन नहीं हैं? यह वो जगह है जहां देश की प्रमुख एड-टेक कंपनियां शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए कदम उठा रही हैं। और उनका मुख्य हथियार है- इंटरनेट।

डिजिटल डिवाइड का सामना करने के लिए चौथी औद्योगिक क्रांति हम पर निर्भर है। लेकिन क्या छात्र उन बदलावों के लिए तैयार हैं जो यह नया युग हमारे सामने लेकर लाएगा? आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बिग डेटा, ऑगमेंटेड रीयलिटी और ब्लॉकचैन ऐसे शब्द हैं जिन्हें हम पूरे इंटरनेट पर देखते हैं, लेकिन क्या छात्र इन शब्दावली के उपयोग को केवल चर्चा के रूप में देखने के लिए तैयार हैं और आने वाले वर्षों में वे बदलाव लाएंगे? ये अवधारणाएं पहले ही प्रथम श्रेणी शहरों के छात्रों के लिए अपना रास्ता बना चुकी हैं, लेकिन द्वितीय श्रेणी और तृतीय श्रेणी शहरों के छात्रों के लिए उतनी सुलभ नहीं हो सकती हैं।



आंकड़ों के अनुसार, भारत में वर्ष 2027 तक दुनिया में सबसे बड़ा कार्यबल होगा, जिसमें युवा मोर्चा परिवर्तन के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्र उद्योग के लिए तैयार हैं, शिक्षा के खेल मैदान को समतल करने की आवश्यकता है। हालांकि, डिजिटल डिवाइड खाई को चौड़ा करता है और द्वितीय और तृतीय श्रेणी शहरों के लिए समान खेल मैदान बनाना कठिन बनाता है। अजीम प्रेमजी संस्थान ने रिकार्ड किया कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय आबादी की शिक्षा के ऑनलाइन साधनों तक समान पहुंच नहीं है।

यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि कनेक्टिविटी, गति, गुणवत्तापूर्ण उपकरणों तक पहुंच, आय स्तर, साथ ही साथ अंग्रेजी में समझ (एडटेक द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रमुख भाषा) जैसे विभिन्न कारणों से ई-लर्निंग हमेशा सभी के लिए सुलभ नहीं है। इसलिए, एक संवादात्मक बहुभाषी शिक्षण वातावरण प्रदान करके संभावनाओं की खोज कर जनता की चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है, जो सभी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर कनेक्टिविटी के साथ या उसके बिना सभी उपकरणों में समान शिक्षण अनुभव प्रदान करता है। इस तरह की तकनीक को स्व-गतिशील, लाइव कक्षाओं, ई-बुक्स, असाइनमेंट के साथ-साथ आकलन के मिश्रित मिश्रण के साथ शिक्षण आवश्यकता को पूरा करना चाहिए।

समान अवसर के लिए शिक्षा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना

अक्सर, भविष्य की तकनीक को पकड़ना एक ऐसा विशेषाधिकार होता है जिसे कोई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता, जब वर्तमान तकनीक उन्हें विफल कर रही हो। समाधान प्रदान करना जहां सामग्री को एन्क्रिप्टेड मेमोरी कार्ड /यूएसबी ड्राइव पर वितरित किया जा सकता है या ऑफलाइन देखने के लिए सामग्री को सुरक्षित रूप से डाउनलोड करने का विकल्प प्रदान करना एक तरीका है जिस मुद्दे से प्रमुख एडटेक कंपनियां निपट रही हैं।

क्लाउड पर होस्ट किए गए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस), मल्टी-डिवाइस समर्थन प्रदान करते हैं, खासकर जब कुछ स्कूलों में केवल एक कंप्यूटर होता है और कई छात्रों के पास सीमित बुनियादी ढांचे तक पहुंच होती है, और घर पर एक टैबलेट / फोन कई उपकरणों में सिंक्रनाइजेशन के साथ होता है।

वीडियो को ट्रांसकोड किया जाता है (यह एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक ही सामग्री कई प्रस्तावों में उपलब्ध होती है), और सिस्टम, छात्र के स्तर पर बैंडविड्थ के आधार पर उपयुक्त गुणवत्ता का पता लगाता है, इस प्रकार वीडियो बफरिंग से बचता है।

आकलन के ऐरोप्लेन मोड के हालिया नवाचार को सक्षम करके ऑनलाइन आकलन की विश्वसनीयता अब संभव है। एक अधिक उन्नत तरीका एकीकृत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम प्रॉक्टरिंग सॉफ्टवेयर है।

और भारत भर में बोली जाने वाली विविध भाषाओं के साथ, पसंद की भाषा पर एकल-क्लिक स्विच की अब बहुत मांग है।

हालिया महामारी ने शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार को प्रेरित किया है। डिजिटल शिक्षा के लिए एक नई सराहना मिली है, जिसने शिक्षण ढंग में बदलाव को गति दी है। हमने अब 'न्यू नॉर्मल' तक पहुंचने के लिए कदम उठा लिए हैं। ऐसी मोबाइल फर्स्ट और ऑलवेज कनेक्टेड दुनिया में, यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम भारत जैसे विशाल और विविध देश की चुनौतियों का सामना करें और सभी को सीखने के समान अवसर प्रदान करें।

**-लेखक ट्रिबाइट टेक्नोलाजीज में मुख्य व्यवसाय अधिकारी हैं।**

# समकालीन समाजों में संचार डिजाइन

**शाज अहमद** का कहना है कि आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक समाधानों की आवश्यकता होती है, और आज के आधुनिक संचार डिजाइन विशेषज्ञों के पास समकालीन समाजों की समस्याओं, अवसरों और जरूरतों को पूरा करने के लिए उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला है

संचार डिजाइन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें लक्षित दर्शकों को वांछित कार्रवाई पर कार्य करने के लिए प्रेरित करने हेतु ऑडियो-विजुअल संसाधनों के अनेक माध्यमों का उपयोग करके सफलतापूर्वक संदेश दिया जाता है, जैसे किसी मुद्दे या उत्पाद के बारे में जागरुकता फैलाना, एक जानकार निर्णय लेना या एक रवैया निर्मित करना । कला के विपरीत, जो एक व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के रूप में वस्तुगत है और व्याख्या का अवसर देता है। संचार डिजाइन के लिए डिजाइनर को कलाकृति और दर्शक के बीच लिंक स्थापित करने के लिए रचनात्मक कथा के जरिए दर्शकों को रणनीतिक रूप से शामिल करने की आवश्यकता होती है। नतीजतन, संचार डिजाइनर की जिम्मेदारी आकर्षक दृश्य उत्पन्न करने से परे डिजाइन पद्धति और रणनीति की शक्ति का उपयोग करने के लिए एक स्पष्ट, मजेदार संदेश को आकर्षक रूप से प्रसारित करने के लिए विस्तारित होती है।

हम सूचना प्रौद्योगिकी के युग में रहते हैं जो दृश्य शब्दावली के प्रसार व कम होते दर्शकों के ध्यान- विस्तार द्वारा चिन्हित है। आज के समाज में, एक अच्छा संचार डिजाइन सूचना पदानुक्रम को स्पष्टता, प्रभावशीलता व सौंदर्यशास्त्र देता है। डिजाइन नई कला है। समाज में दृश्य-अव्यवस्था को तोड़ने के लिए, संचार डिजाइन के हर टुकड़े में रूप व सामग्री की स्पष्टता तथा अपने लक्षित दर्शकों की गहरी समझ होनी चाहिए। डिजाइनर जिन उपकरणों के साथ खेलता है, वे हैं रूप, रंग, रचना, पाठ, कभी-कभी ध्वनि और एनीमेशन तथा संचार के वांछित टुकड़े को वितरित करने के लिए सूचना पदानुक्रम का उपयोग करना। आज की दुनिया में जो एक खतरनाक गति से विकसित हो रही है, संचार डिजाइन के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है, सूचना के संदर्भ में जटिलता की परतों को संभालना और उसी को आत्मसात करना। संचार डिजाइन विशेषज्ञ को पहले उस समस्या/अवसर की पहचान करनी चाहिए जिसे वह हल करने का प्रयास कर रहा है, क्योंकि इसका उसके डिजाइन के लक्ष्य के लिए प्रभाव पड़ता है।

संचार डिजाइन कबूतरों द्वारा संदेश पहुंचाने, ढोल बजाने और जनता को सूचित करने के लिए सड़कों पर संदेशों की घोषणा करने से विकसित हुआ है, जो अब बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में एक वैश्विक आंदोलन बन गया है और आज एक मांग वाला करियर विकल्प बन गया है। जैसा कि कहा जाता है, आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक समाधानों की आवश्यकता होती है, और इस तरह के आधुनिक संचार डिजाइन विशेषज्ञों के पास समकालीन समाजों की समस्याओं, अवसरों व जरूरतों को पूरा करने के लिए उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला है। संचार डिजाइन विशेषज्ञ विशिष्ट और आविष्कारशील समाधान निर्मित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक डिजाइन क्षमताओं को प्रभावी ढंग से जोड़ रहे हैं जो एक डिजाइन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र की शुरूआत करेंगे और न्यू इंडिया को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

हालांकि, तकनीकी क्रांति के उदय और एक अनुशासन के रूप में डिजाइन के आगमन तक संचार डिजाइन को करियर के रूप में दृढ़ता से स्थापित नहीं किया गया था। इंटरनेट ने दृश्य जानकारी को अधिक सुलभ व उपभोज्य उत्पाद में बदल दिया। संचार डिजाइन की अच्छी रणनीतियां होना कंपनियों व विज्ञापनदाताओं की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। प्रौद्योगिकी और मीडिया के लगातार विकसित हो रहे विकास के कारण, यह मांग समय के साथ ही बढ़ेगी और समय-समय पर नए आयाम जुड़ते जाएंगे।

संचार डिजाइन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कई संभावित रास्ते हैं। शायद सबसे लोकप्रिय विज्ञापन है, जिसमें कॉपी राइटिंग, मीडिया डिजाइन, वीडियो प्रोडक्शन और अब एक्सपीरियंस मेटा स्पेस में जाना शामिल है। डिजिटल डिजाइन भी आजकल हमारे जीवन का एक हिस्सा है, जो उपयोगकर्ता इंटरफेस और उपयोगकर्ता अनुभव पर केंद्रित है, जो कंपनियों को उपयोगकर्ता को संलग्न करता है और ऑनलाइन उपभोक्ता को आसानी और व्यावहारिकता के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए उन्हें बेहतर समझता है। एक और बड़ा अवसर पहचान डिजाइन और ब्रांडिंग के क्षेत्र में है, जो एक संगठन की दृश्य पहचान को विकसित करना है, क्योंकि व्यवसाय और उनकी पहचान सर्वोपरि हो जाती है। प्रत्येक ब्रांड को व्यक्तिगत और अद्वितीय होना चाहिए - यहां तक कि एक ब्रांड के रूप में एक व्यक्ति भी, ताकि वे स्पष्ट रूप से स्थापित कर सकें कि उनकी विशिष्ट पहचान क्या है।

कुछ हद तक हाल के विकास में, सामाजिक विपणन ने संचार डिजाइन के पारंपरिक क्षेत्र को आगे बढ़ाया है। हालांकि वर्षों से अच्छे इरादों वाले संचारक रहे हैं, मगर सामाजिक समस्याओं को संबोधित करने के उद्देश्य से संचार की कल्पना आम तौर पर बहुत ही भोलेपन के साथ की गई थी - बहुत कम या बिना किसी बदलाव के प्रभाव वाले विचारों का उत्पादन। हालांकि, समय के साथ, वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुभवों को धीरे-धीरे अपनाया और अनुकूलन किया गया है, और इसे सामाजिक रूप से जागरूक संचार के माध्यम से जनता की भलाई के लिए प्रभावी ढंग से रखा गया है। समस्त समाज सूचना विनिमय के एक स्थायी प्रवाह के भीतर उभरे, विकसित और रूपांतरित होते हैं। शहरी पर्यावरण, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली तथा जनसंचार माध्यम पारिस्थितिकी सूचना के महत्वपूर्ण स्रोत हैं जो असंख्य तरीकों से संस्कृति को व्यक्त और निर्माण करते हैं। उदाहरण के लिए, विज्ञापन व्यवहार व दिखावट के सांस्कृतिक मॉडल को जन्म देता है और बदले में जीवन शैली, पसंद व सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देता है। जैसा कि देखा जा सकता है, पेशे के रूप में डिजाइन की बड़ी जिम्मेदारियां हैं। संचार डिजाइन का उद्देश्य लोगों के व्यवहार, ज्ञान और दृष्टिकोण को प्रभावित करना है - यानी कुछ ऐसा जो संचार के बाद होता है। दृश्य संचार डिजाइन, विभिन्न रूप से दर्शाता है कि सामाजिक भूमिकाएं कैसे परिभाषित होती हैं, कैसे एक समाज के भीतर एक सांस्कृतिक भाषा का निर्माण किया जाता है। इस विषय में पेशेवरों ने नए जमाने के तकनीकी उपकरणों के साथ पारंपरिक डिजाइन कौशल को सफलतापूर्वक जोड़ा है।

**-लेखक कम्युनिकेशन डिजाइन में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।**

# टीम इंडिया ने किया क्लीन स्वीप

## वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मैच में 17 रन से हराया

**●भारत आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा**

भाषा। कोलकाता

**भारत** ने सूर्यकुमार यादव की तेज अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इसके साथ ही भारतीय टीम टी-20 आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। भारत ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सूर्यकुमार यादव के 65 रन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 35 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 91 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 184 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की टीम इस लक्ष्य के जवाब में निकोलस पूरन की 61 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों में दीपक चाहर ने सिर्फ 11 गेंद ही फेंकी जिसमें दो विकेट हासिल किए, लेकिन इसके बाद वह चोटिल हो गए। हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर तीन जबकि शार्दुल ठाकुर ने 33 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। वेंकटेश अय्यर ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, पहले बल्लेबाजी में सूर्यकुमार का अच्छा साथ निभाया और फिर 2.1 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट झटके।

सूर्यकुमार ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद की पारी में सात छक्के जड़े और एक चौका लगाया। वह पारी की अंतिम गेंद पर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंद में चार चौके और दो छक्के से नाबाद 35 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया।

भारत ने अंतिम पांच ओवर में 86 रन जोड़े। सूर्यकुमार यादव को तेज गेंदबाजी आल राउंडर वेंकटेश अय्यर का अच्छा साथ मिला जिससे भारतीय टीम को उबरने में मदद मिली जिसने 93 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। श्रेयस अय्यर (25) और ईशान किशन (34) ने महज 32 गेंद में 50 से ज्यादा रन की भागीदारी निभा ली थी लेकिन दोनों अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और सात गेंद के अंदर आउट हो गए। हेडन वाल्श (30 रन देकर एक विकेट) और रोस्टन चेज (23 रन देकर एक विकेट) की वेस्टइंडीज की स्पिन जोड़ी ने मध्य के ओवरों में शानदार गेंदबाजी की।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम को नया लुक मिला जिसमें ईशान किशन ने रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी का आगाज किया जबकि श्रेयस अय्यर तीसरे नंबर पर और कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। ईशान का पहले दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने चौथे ओवर में रोमारियो शेपर्ड की चार गेंदों पर तीन चौके जमाए। ईशान ने 31 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स और शाई होप के विकेट जल्द ही गंवा दिए। दीपक चाहर ने अपने दो ओवर में इन दोनों खिलाड़ियों को विकेट के पीछे ईशान किशन के हाथों कैच आउट कराया। पर पूरन अपने छोर पर डटे रहे जिस दौरान उन्हें एक बार जीवनदान भी मिला।

वेंकटेश अय्यर ने कप्तान कीरोन पोलार्ड (05) को डीप कवर में उठाने के लिए मजबूर किया जहां रवि बिश्नोई ने उनका कैच लपका और वेस्टइंडीज ने 82 रन पर चौथा विकेट गंवाया। फिर वेंकटेश अय्यर ने टीम को पांचवां विकेट जेसन होल्डर के रूप में दिलाया। रोस्टन चेज (12) हर्षल पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। पूरन के साथ अब रोमारियो शेपर्ड थे। पूरन ने इस दौरान 39 गेंद में 50 रन पूरे किए। उन्होंने इस तरह इस टी-20 श्रृंखला में लगातार तीसरा अर्धशतक बनाया। अंतिम तीन ओवर में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 37 रन चाहिए थे और उसकी उम्मीदें पूरन और शेपर्ड पर लगी थी। शेपर्ड तीन गगनचुंबी छक्के लगा चुके थे।


65 रनों की अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के लिए भेजते सूर्यकुमार

**स्कोर बोर्ड**

**भारत :** रुतुराज गायकवाड़ का मेयर्स बो होल्डर 04, ईशान किशन बो चेज 34, श्रेयस अय्यर का होल्डर बो वाल्श 25, रोहित शर्मा बो ड्रेक्स 07, सूर्यकुमार यादव का पावेल बो शेपर्ड 65, वेंकटेश अय्यर नाबाद 35
अतिरिक्त : 14
कुल : 20 ओवर में पांच विकेट पर : 184 रन
विकेट पतन :1-10, 2-63, 3-66, 4-93, 5-184
गेंदबाजी : जेसन होल्डर 4-0-29-1, रोमारियो शेपर्ड 4-0-50-1, रोस्टन चेज 4-0-23-1, हेडन वाल्श 4-0-30-1, डॉमिनिक ड्रेक्स 3-0-37-1, फैबियन एलेन1-0-5-0
**वेस्टइंडीज :** काइल मेयर्स का ईशान किशन बो चाहर 06, शाई होप का ईशान किशन बो चाहर 08, निकोलस पूरन का ईशान किशन बो शार्दुल ठाकुर 61, रोवमैन पावेल का शार्दुल ठाकुर बो हर्षल पटेल 25, कीरोन पोलार्ड का रवि बिश्नोई बो वेंकटेश अय्यर 05, जेसन होल्डर का श्रेयस अय्यर बो वेंकटेश अय्यर 02, रोस्टन चेज बो हर्षल पटेल 12, रोमारियो शेपर्ड का रोहित शर्मा बो हर्षल पटेल 29, फैबियन एलेन नाबाद 05, डॉमिनिक ड्रेक्स का रोहित शर्मा बो शार्दुल ठाकुर 04, हेडन वाल्श नाबाद 00
अतिरिक्त : 10
कुल : 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन
विकेट पतन :1-6, 2-26, 3-73, 4-82, 5-87, 6-100, 7-148, 8-158, 9-166
गेंदबाजी : दीपक चाहर 1.5-0-15-2, आवेश खान 4-0-42-0,वेंकटेश अय्यर 2.1-0-23-2, शार्दुल ठाकुर 4-0-33-2, रवि बिश्नोई 4-0-29-0, हर्षल पटेल 4-0-22-3

# टेस्ट चुनौती के लिए तैयार सौरभ

**●कोचिंग के लिए रोज सात घंटे ट्रेन का सफर करते थे**

भाषा। नई दिल्ली

**सात** साल पहले 21 साल के सौरभ कुमार को भी करियर को लेकर हुई दुविधा का सामना करना पड़ा था कि वह अपने जुनून को चुनें या फिर अपना भविष्य सुरक्षित करें।

खेल कोटे पर भारतीय वायुसेना में कार्यरत सौरभ दुविधा में थे। उन्हें सभी भत्तों के साथ केंद्र सरकार की नौकरी मिल गई थी। लेकिन उनके दिल ने उन्हें प्रेरित किया कि वह पेशेवर क्रिकेट खेलें और भारतीय टीम में जगह हासिल करने की ओर बढ़ें।

भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए 28 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ ने कहा कि जिंदगी में ऐसा समय भी आता है जब आपको एक फैसला करना पड़ता है। जो भी हो, लेना पड़ता है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के इस क्रिकेटर ने कहा, सेना के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना छोड़ने का फैसला करना बहुत मुश्किल था। मुझे भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना का हिस्सा होना पसंद था। लेकिन अंदर ही अंदर मैं कड़ी मेहनत करके भारत के लिए खेलना चाहता था।



उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली में कार्यरत था। मैं एक साल (2014-15 सत्र) सेना के लिए रणजी ट्रॉफी में खेला था जब रजत पालीवाल हमारा कप्तान था। उन्होंने कहा कि क्योंकि मैंने खेल कोटे से प्रवेश किया था तो मुझे सेना के लिए खेलने के अलावा कोई ड्यूटी नहीं करनी पड़ती थी। अगर मैंने क्रिकेट छोड़ दिया होता तो मुझे फुल टाइम ड्यूटी करनी होती।

मध्यम वर्ग के परिवार से ताल्लुक रखने वाले सौरभ के पिता ऑल इंडिया रेडियो में जूनियर इंजीनियर के तौर पर काम करते थे। उनके माता-पिता हालांकि हर फैसले में पूरी तरह साथ थे। उन्होंने कहा कि जब मैंने अपने माता-पिता को भारतीय वायुसेना की नौकरी छोड़ने के बारे में बताया तो उन्हें एक बार भी मुझे फिर से विचार करने को नहीं कहा। दोनों मेरे साथ थे जिससे मुझे अपने सपने की ओर बढ़ने का आत्मविश्वास मिला। सौरभ ने अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि अब हम गाजियाबाद में रहते हैं लेकिन दिल्ली में क्रिकेट खेलने के शुरुआती दिनों में मुझे नेशनल स्टेडियम में ट्रेनिंग के लिए रोज दिल्ली आना पड़ता था क्योंकि तब हम बागपत के बड़ौत में रहते थे, वहां कोचिंग की अच्छी सुविधाएं मौजूद नहीं थी।

सौरभ की कोच सुनीता शर्मा हैं जो द्रोणाचार्य पुरस्कार द्वारा सम्मानित एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं। उनके एक अन्य शिष्य पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता हैं। सौरभ ने कहा कि अगर मुझे नेट पर दोपहर दो बजे अभ्यास करना होता था तो मैं सुबह 10 बजे घर से निकलता।

# कराची किंग्स का निराशाजनक प्रदर्शन पीएसएल से बाहर

एपी। लाहौर

**कराची** किंग्स का पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में निराशाजनक सफर क्वेटा ग्लैडिएटर्स से मिली 23 रन की हार के साथ समाप्त हो गया। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम की अगुआई वाली कराची किंग्स 10 मैचों में से केवल एक में ही जीत दर्ज कर सकी। 2020 की चैम्पियन कराची किंग्स पीएसएल के इतिहास में महज एक जीत दर्ज करने वाली पहली टीम है। चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के बिना खेल रही कराची किंग्स को अपने पांचों घरेलू मैचों में हार मिली। उसने पिछले शुक्रवार को लाहौर कलंदर्स के खिलाफ मैच में एकमात्र जीत दर्ज की थी। क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने इंग्लैंड के जेसन रॉय के 82 रन की मदद से चार विकेट पर 166 रन का स्कोर खड़ा किया। कराची की टीम जो क्लार्क (52) और बाबर (36) के बीच 87 रन की साझेदारी से मिली अच्छी शुरुआत के बावजूद आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।

# यश धुल ने दूसरी पारी में भी लगाया शतक

**रणजी ट्रॉफी राउंडअप**

**●दिल्ली और तमिलनाडु के बीच मैच ड्रा**

भाषा। गुवाहाटी

**भारतीय** अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान यश धुल ने रविवार को यहां दिल्ली की दूसरी पारी में फिर शतक जड़ दिया लेकिन तमिलनाडु ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर चौथे दिन ड्रा रहे रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप एच मैच में तीन अंक हासिल किए।

सलामी बल्लेबाज धुल के नाबाद 113 रन तथा दूसरे सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के नाबाद 107 रन से दिल्ली ने दूसरी पारी में 60.5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 228 रन बनाकर घोषित जिसके बाद दोनों टीम मैच ड्रा कराने के लिए राजी हो गई।

धुल ने सीनियर क्रिकेट में पदार्पण करते हुए दिल्ली की पहली पारी में भी 113 रन की पारी खेली थी। इस तरह धुल ने अपने पहले प्रथम श्रेणी मैच की दोनों पारियों में शतक जड़े। धुल ने रविवार को 202 गेंद में 14 चौके और एक छक्के से 113 रन बनाए जबकि शोरे ने अपनी नाबाद पारी के लिए 165 गेंद का सामना किया जिसमें 13 चौके शामिल थे।

दिल्ली ने पहली पारी में 452 रन बनाए थे। इसके जवाब में तमिलनाडु ने शाहरूख खान की 194 रन की शानदार पारी और बाबा इंद्रजीत के सैकड़े से 494 रन बनाकर पहली पारी में 42 रन की बढ़त हासिल की थी जिससे उसे इस ड्रा मैच में तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक मिला।


यश धुल की फाइल फोटो

### बच्चाव चमके, महाराष्ट्र ने असम को पारी और सात रन से हराया

**रोहतक।** बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर सत्यजीत बच्चाव के सात विकेट की मदद से महाराष्ट्र ने ग्रुप जी मैच में रविवार को यहां असम को पारी और सात रन से हरा दिया। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 415 रन बनाए थे। जिसके बाद असम की टीम पहली पारी में 248 रन ही बना सकी और महाराष्ट्र ने उसे फॉलो ऑन दे दिया। दूसरी पारी में असम की टीम महज 160 रन पर आउट हो गई जिसमें बच्चाव (45 रन देकर सात विकेट) ने प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी के जाल में फंसा दिया और अपनी टीम को एक बोनस अंक दिलाया।

बच्चाव ने मैच में कुल 11 विकेट चटकाकर जीत में अहम भूमिका अदा की जिसमें पदार्पण कर रहे पवन शाह ने भी दोहरा शतक जमाकर पूरा साथ दिया। पवन के दोहरे शतक की बदौलत महाराष्ट्र की टीम पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा कर सकी।

वहीं ग्रुप के एक अन्य मैच में सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश और विदर्भ के बीच मैच ड्रा रहा। विदर्भ ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी में 301 रन पर सिमट गई थी जिसके जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में छह विकेट पर 548 रन बना लिए थे। विदर्भ के लिए फैज फजल ने 192 रन बनाए जबकि अक्षय वाडकर 102 रन बनाकर नाबाद रहे।

### पुजारा का बड़ा अर्धशतक सौराष्ट्र ने मुंबई को बराबरी पर रोका

**अहमदाबाद।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के 24 घंटे से भी कम समय में चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को यहां मुंबई के खिलाफ ग्रुप डी में 83 गेंद में 91 रन की पारी खेली जिससे सौराष्ट्र की टीम फॉलोआन खेलने के बाद मैच ड्रा कराने में सफल रही। सौराष्ट्र ने मैच के चौथे और अंतिम दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 372 रन बनाकर मैच ड्रा कराया।

जब मैच ड्रा घोषित किया गया तब सौराष्ट्र की बढ़त सिर्फ 48 रन की थी लेकिन समय की कमी के कारण मुंबई की टीम संभावित जीत से वंचित रह गई। रणजी ट्रॉफी में रिकॉर्ड 41 बार के चैंपियन मुंबई को पहली पारी में बढ़त के कारण तीन अंक से संतोष करना पड़ा। गत चैंपियन सौराष्ट्र को एक अंक मिला।

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 114 रन देकर सात विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में भी चार विकेट हासिल किए थे।

अंतिम दिन पुजारा ने स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी की और 100 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अपने मजबूत डिफेंस के लिए पहचाने जाने वाले पुजारा ने इस तरह अपनी छवि के विपरीत बल्लेबाजी की। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का जड़ा।

विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज स्नेल पटेल (98) सिर्फ दो रन से शतक से चूक गए। उन्होंने अनुभवी तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी की गेंद पर मुलानी ने लपका। पटेल के सलामी जोड़ीदार हार्विक देसाई ने 62 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 163 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पुजारा ने विश्वराज जडेजा के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की जिसमें उनके साथी का योगदान सिर्फ 16 रन का रहा।

मुंबई ने पहली पारी सात विकेट पर 544 रन बनाने के बाद घोषित की थी और फिर सौराष्ट्र को 220 रन पर ढेर करके उसे फॉलोआन दिया था। एक अन्य मैच में सलामी बल्लेबाज शांतनु मिश्रा के नाबाद 103 रन के अलावा विकेटकीपर राजेश धूपर (52) के अर्धशतक से ओडिशा ने गोवा को बराबरी पर रोका।

गोवा के 387 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओडिशा ने सिर्फ 108 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन मिश्रा और धूपर के बीच पांचवें विकेट की 119 रन की साझेदारी से टीम सात विकेट पर 239 रन बनाकर मैच ड्रॉ कराने में सफल रही। ओडिशा को पहली पारी में आठ रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने के लिए तीन अंक मिले जबकि गोवा को एक अंक से संतोष करना पड़ा।

### शाहबाज और अभिषेक के अर्धशतक से बंगाल ने बड़ौदा को हराया

**कटक।** आलराउंडर शाहबाज अहमद और पदार्पण कर रहे विकेटकीपर अभिषेक पोरेल के नाबाद अर्धशतकों से बंगाल ने पहली पारी में लचर प्रदर्शन के बाद जोरदार वापसी करते हुए ग्रुप बी मैच में रविवार को यहां बड़ौदा पर चार विकेट की नाटकीय जीत दर्ज की।

चौथे और अंतिम दिन 349 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगाल ने शाहबाज (नाबाद 71, 100 गेंद, सात चौके) और अभिषेक (नाबाद 53, 70 गेंद, सात चौके) के बीच सातवें विकेट की 108 रन की अटूट साझेदारी से छह विकेट पर 350 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इससे पहले कप्तान और सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने भी 79 रन की पारी खेली।

# वेस्टइंडीज ने महिला विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की

भाषा। सेंट जोन्स

**वेस्टइंडीज** ने न्यूजीलैंड में चार मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाले महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के लिए शनिवार को स्टार आलराउंडर स्टेफनी टेलर की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम घोषित की। अपना पांचवां विश्व कप खेलने जा रही आफ स्पिनर अनीसा मोहम्मद को उप कप्तान बनाया गया है।

सभी प्रारूपों में 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट की उपलब्धि से सिर्फ एक विकेट दूर अनीसा ने इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के अंतिम मैच में टीम की कमान संभाली थी जब टेलर के सिर में चोट (कनकशन) लगी थी। मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली लेग स्पिनर एफी फ्लेचर को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में पांच युवा खिलाड़ियों स्पिनर करिश्मा रामहरक, तेज गेंदबाज आलिया एलीने, तेज गेंदबाज चैरी आन फ्रेजर, आलराउंडर चिनेले हेनरी और सलामी बल्लेबाज राशदा विलियम्स को शामिल किया गया है जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी। टूर्नामेंट के कोविड-19 नियमों के तहत वेस्टइंडीज ने टीम के साथ यात्रा करने वाली तीन रिजर्व खिलाड़ियों की घोषणा भी की जो केसिया शुल्ट्ज, मैंडी मांगरू और जेनीलिया ग्लास्गो होंगी।

वेस्टइंडीज को चार मार्च को तौरंगा के बे ओवल में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है।

**टीम:** स्टेफनी टेलर (कप्तान), अनीसा मोहम्मद, आलिया एलीने, शेमाइन कैंपबेल, शामीलिया कोनेल, डियांड्रा डोटिन, एफी फ्लेचर, चैरी आन फ्रेजर, चिनेले हेनरी, काइसिया नाइट, हेली मैथ्यूज, चेडीन नेशन, करिश्मा रामहरक, शकीरा सेलमन और राशदा विलियम्स।

रिजर्व खिलाड़ी: केसिया शुल्ट्ज, मैंडी मांगरू और जेनीलिया ग्लास्गो।

**विश्व कप में अच्छी मानसिकता के साथ जा रहे हैं: स्टेफनी टेलर**

**दुबई।** वेस्टइंडीज की कप्तान स्टेफनी टेलर का मानना है कि उनकी टीम आगामी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में अच्छी मानसिकता के साथ जा रही है और टीम में युवा तथा अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।

वेस्टइंडीज की टीम आईसीसी एकदिवसीय टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम को चार मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए क्वालीफिकेशन दौर से गुजरना पड़ा।

### फुटबॉल कोच रुस्तम अकरामोव का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच रुस्तम अकरामोव का उज्बेकिस्तान में अपने पैत्रिक स्थल पर निधन हो गया। अकरामोव के मार्गदर्शन में 1995 में दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और टीम ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग हासिल की थी। अकरामोव 73 साल के थे। उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार उज्बेकिस्तान के इस दिग्गज कोच का निधन 15 फरवरी को हुआ।

उज्बेकिस्तान की ओलंपिक संस्था ने कहा कि उज्बेकिस्तान राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और काउंसिल आफ स्पोर्ट्स वेटरंस आफ उज्बेकिस्तान रुस्तम अकरामोव के निधन के संदर्भ में उनके परिवार और मित्रों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। अपने करियर के दौरान उन्होंने उज्बेकिस्तान और पूर्व सोवियत फुटबॉल के विकास में बड़ी भूमिका निभाई।

# टोटेनहैम ने मैनचेस्टर सिटी को कड़े मुकाबले में हराया

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

एपी। मैनचेस्टर

**स्टार** खिलाड़ी हैरी केन के दो गोल की मदद से टोटनहैम ने शनिवार को यहां मैनचेस्टर सिटी को 3-2 गोल से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया। देजान कुलुसेवस्की ने इतिहाद स्टेडियम में चौथे ही मिनट में टोटेनहैम को बढ़त दिला दी लेकिन इल्काय गुनडोगन ने 33वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 रहा।

केन ने 59वें मिनट में उस टीम के खिलाफ गोल दागकर टोटनहैम को 2-1 की बढ़त दिला दी जो पिछले साल आफ सत्र के दौरान उनसे करार करना चाहती थी। रियाद मिराज ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर एक बार फिर मैनचेस्टर सिटी को बराबरी दिला दी। जब ऐसा लग रहा था कि टोटेनहैम को अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा तब केन ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की।


मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते हैरी केन

लीवरपूल ने शनिवार को नॉर्विच सिटी को 3-1 गोल से हराया, जबकि आर्सेनल ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 गोल से शिकस्त दी। तीसरे स्थान पर मौजूद चेल्सी ने क्रिस्टल पैलेस को 1-0 गोल से हराया।

### एटलेटिको मैड्रिड और रीयल मैड्रिड भी जीते

**बार्सीलोना।** खराब फॉर्म से जूझ रहे एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग में मैनचेस्टर यूनाईटेड और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सामना करने से पहले शनिवार को ला लीगा में ओसासुना को 3-0 गोल से हराकर जीत दर्ज की। एटलेटिको को तीसरे ही मिनट में जाओ फेलिक्स ने बढ़त दिलाई। लुई सुआरेज ने 59वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना किया जबकि एंजेल कोरिया (89वें मिनट) ने अंतिम लम्हों में एक और गोल दागकर एटलेटिको की 3-0 गोल से जीत सुनिश्चित की।

रीयल मैड्रिड ने मार्को एसेंसियो (63वें मिनट), विनीसियस जूनियर (80वें मिनट) और करीम बेनजेमा (90 प्लस एक मिनट) के दूसरे हाफ में दागे गोलों की मदद से अलावेस को 3-0 गोल से शिकस्त दी। रीयल मैड्रिड की टीम 25 मैच में 57 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। दूसरे स्थान पर मौजूद सेविला के 50 अंक हैं लेकिन उसने रीयल मैड्रिड से एक मैच कम खेला है।

### एसी मिलान की खिताब की उम्मीदों को झटका

**मिलान।** शीर्ष पर चल रहे एसी मिलान ने अंतिम स्थान पर चल रहे सेलेरनिताना से शनिवार को 2-2 से ड्रा खेला जिससे सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में टीम की खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है। एसी मिलान की टीम 56 अंक के साथ गत चैंपियन इंटर मिलान से दो अंक आगे चल रही है लेकिन उसने दो मैच अधिक खेले हैं।

एसी मिलान को तीसरे स्थान पर मौजूद नेपोली पर तीन अंक की बढ़त हासिल है लेकिन इस टीम ने भी उससे एक मैच कम खेला है। एसी मिलान को इस मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ सकता था लेकिन क्रोएशिया के फॉरवर्ड एंटे रेबिच ने 77वें मिनट में गोल दागकर टीम को एक अंक दिला दिया।

इससे पांच मिनट पहले स्ट्राइकर मिलान जूरिच ने सेलेरनिताना को बढ़त दिलाई थी।


मैच का पहला गोल पांचवें मिनट में इंटर के जूनियर मेसियास ने दागा लेकिन सेलेरनिताना को 29वें मिनट में फेडेरिको बोनाजोली ने बराबरी दिला दी।

# श्रीलंका की जीत में चमके मेंडिस व शनाका

**●आस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज 4-1 से जीती**

एपी। मेलबर्न

**कुशल** मेंडिस और कप्तान दासुन शनाका के बीच 83 रन की साझेदारी से श्रीलंका ने रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सांत्वना भरी पांच विकेट की जीत दर्ज की और क्लीनस्वीप से बचने में सफल रही।


कुशल मेंडिस

मेंडिस ने 58 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से नाबाद 69 रन की पारी खेलने के अलावा शनाका (31 गेंद में 35) रन के साथ पांचवें विकेट की बड़ी अर्धशतकीय साझेदारी की जिससे श्रीलंका की टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुए एक गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 155 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम ने हालांकि श्रृंखला 1-4 से गंवा दी। मेंडिस के सर्वोच्च टी-20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर की बदौलत श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया में लगातार आठ हार के क्रम को भी तोड़ दिया। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मैथ्यू वेड की 27 गेंद में दो चौके और दो छक्के से नाबाद 43 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 154 रन बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल (29) और जो इंगलिस (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। शनाका ने मेंडिस का शानदार साथ निभाया। उन्होंने केन रिचर्डसन के अंतिम ओवर में मिडविकेट के ऊपर से बड़ा छक्का जड़कर स्कोर बराबर किए। वह अगली गेंद पर बोल्ड हो गए लेकिन चमिका करूणारत्ने ने डेनियल सेम्स की गेंद पर विजई रन बना दिया।

रिचर्डसन के चोटिल होने के कारण सेम्स अंतिम दो गेंद फेंकने आए थे। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने 82 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन वेड ने आलराउंडर सेम्स (15 गेंद में 18 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचा दिया। आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज का फैसला किया लेकिन टीम ने जल्द ही सलामी बल्लेबाजों फिंच (08) और बेन मैकडरमोट (03) के विकेट गंवा दिए। मैक्सवेल और इंगलिस ने पारी को संभाला। दुष्मंता चमीरा (30 रन पर दो विकेट) और लाहिरू कुमारा (34 रन पर दो विकेट) ने हालांकि आस्ट्रेलिया को बड़ी साझेदारी नहीं करने दी। मेहमान टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिशारा और आलराउंडर जनिथ लियानागे को पदार्पण का मौका दिया था।